प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

# पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306

वर्ष - 17 | अंक 197 | दैनिक | रांची | शुक्रवार 01 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00




**सुविचार**

जन्म लेने वाले के लिए मृत्यु उतनी ही निश्चित है, जितना कि मृत होने वाले के लिए जन्म लेना इसलिए जो अपरिहार्य है उस पर शोक मत करो!!!

श्रीमद् भगवद् गीता



# साइबर ठगों से रहे सावधान, ठगी का शिकार होने के उपरांत पीड़ित द्वारा रजरप्पा थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी

**प्रतिनिधि,रामगढ़।** जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से बार-बार लोगों को साइबर ठगों से सावधान रहने के प्रति जागरूक किए जाने के बाद भी साइबर ठगी के मामलें सामने आ रहे है।

हाल ही में साइबर ठगी का शिकार हुए गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत प्रेम दीप कुमार महतो ने रजरप्पा थाने में 1 लाख रुपए के साइबर ठगी से संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रेम दीप कुमार महतो बताते हैं कि उपायुक्त रामगढ़ के फेक अकाउंट से उन्हें सुमित कुमार, सीआरपीएफ ऑफिसर नाम के व्यक्ति को खुद का मित्र बता कर एवं सुमित कुमार का ट्रांसफर होने के उपरांत उनके घर के सामान बेचे जाने से संबंधित मैसेज प्राप्त हुआ। जिसके उपरांत उन्हें 7978244036 से फोन आया कि मैं सुमित कुमार सीआरपीएफ ऑफिसर रांची से बोल रहा हूं। मेरा तबादला रांची से जम्मू हो गया है। मैं अपने घर का सारा सामान बेच रहा हूं, रामगढ़ के उपायुक्त, महोदय मेरे मित्र हैं और उन्होंने कहा है कि मेरा सारा सामान आप (प्रेम दीप महतो) 1लाख 25 हज़ार रुपए में खरीदेंगे। उपायुक्त महोदय का मित्र समझकर मैंने बारी-बारी से कुल 1 लाख रुपए, 50 हज़ार रुपए गूगल पे नंबर 9957194583 एवं 50 हज़ार रुपए फोन पे नंबर 9861183852 पर भुगतान कर दिया। मेरा सामान कब पहुंचेगा यह पूछने पर मुझे 45500 रुपए का भुगतान करने को कहा गया। जिसके उपरांत मुझे एहसास हो गया की मैं किसी फ्रॉड के चक्कर में फंस गया हूं। अपना पैसा वापस मांगने पर सुमित कुमार के द्वारा बताया गया कि मुझे कोई सामान नहीं मिलेगा और सुमित कुमार अपनी ड्यूटी करने जम्मू जा रहे हैं और उनका फोन आगे से ऑफ रहेगा। इसके साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि मेरा पैसा 6 महीने बाद मिलेगा।

उपरोक्त मामले के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा पुनः सभी से अपील की जाती है कि वे इस तरह के किसी भी साइबर ठग एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, 'X'(twitter) एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

# विश्व प्रसिद्ध शिवनगरी बासुकीनाथ में चल रही है महाशिवरात्रि की तैयारी, बाबा मंदिर सहित सभी मंदिरों का हो रहा है रंग रोगन

**प्रतिनिधि, बासुकीनाथ।** विश्वप्रसिद्ध शिवनगरी झारखंड के बासुकीनाथ में महाशिवरात्रि शिव विवाहोत्सव को लेकर तैयारियां जोरो पर है। आगामी आठ मार्च को बासुकीनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के दिन शुक्रवार को बहुत ही धूमधाम से शिव पार्वती का विवाहोत्सव मनाया जायेगा। उससे पहले बाबा बासुकीनाथ मंदिर सहित परिसर में स्थित सभी मंदिरों का बेहतरीन तरीके से साफ सफाई कर रंग रोगन कराया जा रहा है। बासुकीनाथ मंदिर न्यास समिति महाशिवरात्रि को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर चुका है। कहीं कोई कमी रह ना जाए इस पर विशेष ध्यान न्यास समिति के पदाधिकारियों का लगा हुआ है। मंदिर न्यास समिति के सचिव सह दुमका के एस डी एम कौशल कुमार महाशिवरात्रि को लेकर पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पदाधिकारियों, सदस्यों एवम बासुकीनाथ के गणमान्य नागरिकों,मीडियाकर्मियों के साथ एक अहम बैठक कर चुके हैं। इस बार शिवनगरी बासुकीनाथ में महाशिवरात्रि एक अलग अंदाज से



मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि के दिन शिव पार्वती विवाहोत्सव में अद्भुत शिव बारात, आकर्षक आतिशबाजी, विवाह में संपन्न होने वाले अलौकिक नेग विद प्राचीन काल से आ रहे परंपरागत तरीके से शिव पार्वती विवाहोत्सव में होने वाले धार्मिक संस्कारों एवम रीति रिवाजों का अक्षरशः पालन किया जायेगा। महाशिवरात्रि के दिन बासुकीनाथ में उमड़ने वाले लाखों श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना एवम भीड़ को नियंत्रण को लेकर मुकम्मल प्रशासनिक तैयारियां भी दुमका जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। बासुकीनाथ के नगर निवासी भी महाशिवरात्रि को लेकर उत्साहित हैं और वे भी अपनी आराध्य देव बाबा बासुकीनाथ के विवाहोत्सव की अपनी तरीके से तैयारियों में जुट गए हैं। सभी अपने अपने घरों की साफ सफाई और रंग रोगन में अपनी सामर्थ्य के अनुसार लगे हुए हैं। सच में इस बार शिवनगरी बासुकीनाथ में महाशिवरात्रि के दिन आने वाले लाखों श्रद्धालु बेहतरीन प्रशासनिक व्यवस्था,स्थानीय नगर निवासियों के आदर सत्कार के कायल होंगे।

# उपायुक्त ने की प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों की समीक्षा



**प्रतिनिधि,दुमका।** समाहरणालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता पीएमईजीपी तथा पीएमएफएमई के अन्तर्गत प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों की ब्रांचवार समीक्षा की गयी। सभी बैंकों के कॉर्डिनेटर एवं ब्रांच मैनेजेर को आवेदन सृजन को लेकर समीक्षा हुई। उपायुक्त ने बैंको को उद्यमियों द्वारा दिये गये आवेदन पर संवेदनशिलता एवं उद्यमिता विकास को दृष्टिगत करते हुए कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा की जिला बैंकिंग शाखा द्वारा जो आवेदन ऋण हेतु जो आवेदन आपको दिया गया है, उसे अनिवार्य रूप से तत्परता के साथ स्वीकृत करें। इसी क्रम में उपायुक्त ने इंडिविजुअल फाइनेंस मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज इत्यादि में लक्ष्य अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।

# एसकेएमयू- पी. जी. सेमेस्टर-3 की परीक्षा शुरू



**प्रतिनिधि,दुमका।** सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में पी. जी. सेमेस्टर-3 की परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गयी। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा का सफल आयोजन के लिए विभिन्न कॉलेजों में कुल चार परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा में विभिन्न विषयों के लगभग 4600 परीक्षार्थी शामिल हो रहे है। यहाँ बता दें परीक्षा विभाग द्वारा सभी विषयों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए के हिंदी, भूगोल, बॉटनी, रसायन शास्त्र, समाजशास्त्र, कॉमर्स, संस्कृत, पर्सियन, जियोलॉजी एवं संताली विषय शामिल है और ग्रुप बी में इतिहास, राजनीति विज्ञान, जूलॉजी, अर्थशास्त्र, गणित, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, दर्शनशास्त्र, उर्दू और भौतिकी विषय शामिल है। गुरुवार को उक्त सभी विषयों का ओपन इलेक्टिव पेपर का परीक्षा कदाचार मुक्त सभी परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न हुआ। दिघी कैंपस का परीक्षा केंद्र को निरीक्षण करने और परीक्षा व्यवस्था देखने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ बिमल प्रसाद सिंह परीक्षा केंद्र पर पहुँचे और निरीक्षण के बाद उन्होंने कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने का निर्देश केन्द्राधीक्षक को दिया। दिघी कैंपस के केन्द्राधीक्षक डॉ पीपी सिंह ने कहा दोनों पालियों में कुल 1647 परीक्षार्थियों में से 1519 परीक्षार्थी गुरुवार को हुए परीक्षा में उपस्थित थे।

# राजकीय सत्रोनत उच्च विद्यालय सिक्की कला में विदाई समारोह का आयोजन किया गया



**पूसू प्रतिनिधि, मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड अन्तर्गत राजकीय स्त्रोनतउच्च विद्यालय सिक्की कला में पदस्थापित शिक्षिका शीला कुमारी तिवारी को कार्यकाल समाप्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी प्रधानाध्यापक रामसुंदर कुजूर ने अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में पाटन प्रखण्ड के सहायक अध्यापक संघ के उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, एसएमसी अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह, शिक्षक अरविंद कुमार, पुनीत मिर्धा, राजकुमारी, विकास मेहता रसोइया, संयोजिका सहित शिक्षक, शिक्षिका उपास्थित थे ! समाज सेवी पवन कुमार विश्वकर्मा ने विदा लेती शिक्षक शिला कुमारी के लिए ईश्वर से उत्तम स्वास्थ्य एवम दीर्घकालीन जीवनकाल काल कामना ईश्वर से की है।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना में केन्द्रीय टीम के निदेशक,चावल विकास निदेशालय (पटना) द्वारा निरीक्षण

**प्रतिनिधि,गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में केन्द्रीय टीम के निदेशक, चावल विकास निदेशालय (पटना) डॉ मान सिंह एवं जिला कृषि पदाधिकारी सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, गिरिडीह द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत् किये जा रहे गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इस योजना के तहत् प्रत्यक्षण मक्का (प्रभेद - डीएचएम-121) मूंग (विराट), रागी (वीएल-379), सरसों (आरएच-725), चना (जीएनजी-1958) का प्रत्यक्षण किया गया है। इनके द्वारा प्रखण्ड गांडेय, जमुआ, बेंगाबाद एवं धनवार प्रखण्ड के श्री उदय नारायण सिंह, भूधरणी, जागेश्वर हाजरा, मनोज रविदास, दिनेश वर्मा, वासुदेव सिंह, गोवर्धन महतो आदि किसानों के खेतों में जाकर चना एवं सरसों लगे फसल के फसल प्रत्यक्षण को देखा एवं किसानों से बात कर योजनाओं से अवगत हुए मौके पर श्री सुरेन्द्र सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी, गिरिडीह, आत्मा के उप परियोजना निदेशक, श्री विजय प्रकाश, बी.टी.एम. गाण्डेय, श्री रजनीश बी.टी.एम., बेगाबाद, श्री रंजीत कुमार, बी.टी.एम एवं संबंधित ग्रामो के किसान गण उपस्थित थे।



# स्टोन बोल्डर मामले की एनजीटी में हुई सुनवाई

- एनजीटी ने प्रदुषण बोर्ड को लगाया फटकार
- तीन सदस्यीय कमिटी के रिपोर्ट को एनजीटी ने किया खारिज़
- जिले के सभी गंगा घाटो का स्थल निरिक्षण करने का दिया आदेश
- अगली सुनवाई 16 अप्रैल को

**प्रतिनिधि, साहिबगंज।** जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा गंगा नदी को प्रदुषित होने से बचाने व जलीय जीवङ्कजंतु एवम संरक्षित डॉल्फिन को बचाने व संवर्धन हेतु एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162/2023 की गुरूवार को पीठ के न्यायिक सदस्य जस्टिस बी.अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरूण कुमार वर्मा ने सुनवाई के दौरान झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड के सदस्य सचिव यतींद्र कुमार दास द्वारा कोर्ट में दाखिल जवाबी हलफनामा पर फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा की कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय कमिटी उपायुक्त, केंद्रीय प्रदुषण बोर्ड नई दिल्ली, झारखंड राज्य प्रदुषण बोर्ड द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट से कोर्ट संतुष्ट नहीं है, इसीलिए कमिटी को कोर्ट निर्देश देती है की जिले के सभी गंगा घाटों का स्थलीय निरिक्षण कर अगली सुनवाई तिथि 16 अप्रैल तक कमिटी कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल करे अन्यथा कोर्ट कमिटी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।कोर्ट ने जी.के.इंटरप्राइजेज मालदा व मां तारा कंस्ट्रक्शन कंपनी मुजफ्फरपुर के द्वारा जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं करने पर भी नाराजगी प्रकट करते हुए अगली सुनवाई तिथि के पुर्व जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।कोर्ट ने जिले के परिवहन पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंता, जिला बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, कटिहार को भी अगली सुनवाई तिथि के पुर्व जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। सुनवाई में याचिकाकर्ता की तरफ से कोलकाता हाईकोर्ट की विद्वान अधिवक्ता पौशाली बनर्जी व दीपांजन घोष ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अरशद भी उपस्थित रहे।

एनजीटी के कड़े रुख से एक तरफ़ पत्थर कारोबारियों व भ्रष्ट पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों में हड़कंप है, तो दुसरी तरफ पर्यावरण व गंगा शुभचिन्तकों में हर्ष व्याप्त है। अब सभी की नजरें अगली सुनवाई तिथि 16 अप्रैल पर टिक गई है।

# महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में शामिल होंगी झारखंड प्रदेश राजद (महिला प्रकोष्ठ) की पदधारी व कार्यकर्ता

## सभी जिला कमेटी के पदधारियों को महारैली में शामिल होने का निर्देश

**वरीय संवाददाता,रांची।** तीन मार्च को पटना के गांधी मैदान में होने वाले महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) के पदधारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस संबंध में राजद महिला प्रकोष्ठ, झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने बताया कि महागठबंधन की जन विश्वास महा रैली में शामिल होने के लिए झारखंड प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदधारी एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि बिहार एवं झारखंड में महागठबंधन के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। भाजपा की जन विरोधी नीतियों से आम जनता का मोह भंग हो चुका है। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को व्यापक जन समर्थन मिलेगा।

रानी कुमारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गैर भाजपा-शासित राज्यों में महागठबंधन की सरकार को बेवजह अस्थिर करने में जुटी है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनगढ़ंत आरोप के तहत जेल भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता इसका करारा जवाब भाजपा को देगी।

रानी कुमारी ने कहा कि आगामी तीन मार्च को पटना में महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में जनसैलाब उमड़ेगा। उन्होंने महागठबंधन में शामिल सभी सहयोगी दलों से जन विश्वास महारैली में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की।

# माउन्ट एवेरेस्ट स्कूल के छात्रों ने ओलिंपियाड में जीता स्वर्ण

- राज्य में 26वां स्थान प्राप्त किया
- बच्चों का समुचित विकाश ही विद्यालय का एकमात्र लक्ष्य -प्राचार्य



**प्रतिनिधि,रामगढ़।** जवाहर पथ चितरपुर स्थित माउन्ट एवेरेस्ट पब्लिक स्कूल के छात्रों और स्कूल की कड़ी मेहनत लाया रंग।

विद्यालय परिवार ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारे विद्यालय के छात्रों ने बेहद गर्व का काम किया है। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता जीके ओलिंपियाड में छात्रा फ़िज़ा हाशमी ने पूरे झारखण्ड में 26वां स्थान हासिल कर स्कूल और चितरपुर गाँव का नाम रोशन किया है। वहीं इंग्लिश ओलिंपियाड में छात्र अमन अंसारी, अर्श अनवर, अम्मार सईद और ताकि अख्तर ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने विद्यालय और गाँव का नाम रोशन किया है।इधर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ओलिंपियाड में हमारे विद्यालय के छात्र ने 26वें स्थान प्राप्त किया है। यह बहुत ही गर्व की बात है।यह सफलता हमारे विद्यालय की शिक्षा प्रणाली, छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है हम सभी विजेता छात्रों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हैं।बच्चों के इस सफलता से हमारे विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा हो गया है।उन्होंने ने कहा कि विद्यालय अपने स्थापना काल से ही शिक्षा के प्रति समर्पित रही है हमारा यह लक्ष्य है कि वर्तमान समय के अनुरूप बच्चों के क्षमता का समुचित विकाश करना है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**प्रतिनिधि,सिंदरी।** स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ वाहन चालक धर्मराज उपाध्याय के सेवा निवृत्ति पर अजीत कुमार मिश्रा (अध्यक्ष), महेंद्र यादव (कोषाध्यक्ष), सुनील कुमार पाठक (प्राचार्य) ने सम्मानित किया।

आचार्य सतीश चंद्र, विनय कुमार सिंह और बेणी माधव झा ने धर्मराज उपाध्याय के साथ बिताए लम्हों को याद किये।

अजीत कुमार मिश्रा ने आशीर्वचन में कहा कि धर्मराज उपाध्याय एक कर्मवीर, समर्पित, व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के मालिक है। इन्होंने आनेवाली पीढ़ी को विद्यालय के प्रति समर्पण उत्पन्न करने का कार्य किया है ।पूरे विद्यालय परिवार ने उनके स्वास्थ्य मंगलमय दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी।

मंच संचालन संध्या मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार पाठक के द्वारा किया गया।

# फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में आईपीसी व आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुई प्राथमिकी

**प्रतिनिधि,रामगढ़।** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त श्री चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, 'X'(twitter) एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

# उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**सभी योजनाओं का प्रखंडवार समीक्षा कर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिया आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश**




**प्रतिनिधि,गिरिडीह।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आम बागवानी योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/बीपीओ/ रोजगार सेवक को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लाभुकों को किस्त का भुगतान स-समय करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि सभी को सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाय ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी प्रखंडों में चल रहे कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। प्रत्येक पंचायतों में योजना का क्रियान्वयन करने को कहा ताकि लेबर इंगेजमेंट को बढ़ाया जा सके। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अबतक जिले में कार्यान्वित की गई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने हेतु निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत प्रखण्डों में चल रहे कार्यों के अलावा पूर्ण हो चुके कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। ऐसे में चयनित प्रखण्डों में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत कराये जाने वाले कार्यों को पूर्ण करें

बैठक के दौरान उपरोक्त के आलावा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बीपीओ, रोजगार सेवक व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे।

# श्री शिव हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह चार मार्च से

**वरीय संवाददाता ,रांची।** नव युवक संघ शांतिनगर के तत्वावधान मे न्यू शांति नगर नगर,महुआ टोली (सुखदेवनगर थाना के पीछे) स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम धाम से मनाई जाएगी।

समाजसेवी शिव किशोर शर्मा ने बताया इस मौके पर 4 मार्च को प्रातः 08(आठ) बजे कलश शोभा यात्रा,5 मार्च को प्रातः 6 (छः) बजे महाधिवेशन वेदी पूजा नगर भ्रमण एवं 6 मार्च को दोपहर 3 (तीन) बजे मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं भोगलगा महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरण की जायेगी। साथ ही रात्रि 08 बजे मशहूर कलाकारों द्वारा भक्तिमय जागरण प्रस्तुत की जायेगी।



इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी एवं न्यू लायंस क्लब न्यू मधुकम के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता,शिव किशोर शर्मा,समाजसेविका आशा देवी सहित विजय बहादुर सिंह,रामदेव सिंह,बसंत कुमार चंद्रवंशी,छत्रधारी साव,पदुम साव,अशोक सिंह,जवाहर साव,लक्ष्मी साव,रंजीत साव,जागेश्वर साव, कृष्णा घोष,सुरज साव,बजरंगी शर्मा,मोनू ठाकुर,सागर कुमार, पप्पू कुमार,सुमित कुमार,छोटू कुमार,अकलू साव,राजु वर्मा, विक्की गुप्ता,रूपेश गुप्ता, सागर सोनी,उमेश साव,राजेश चौधरी, मोहित गुप्ता,विकास गुप्ता, धीरज गुप्ता,शकुंतला देवी,गीता देवी,सोनी देवी, उषा देवी,मंजू देवी आदि आदि श्रद्धालुगणों द्वारा रात दिन प्रचार प्रसार एवं आम जनता,मुहल्ला वासियों एवं गणमान्य लोगों को आमंत्रित की जा रही है।

प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

# पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची ➢दिल्ली➢देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306



वर्ष - 17 | अंक 197 | दैनिक | रांची | शुक्रवार 01 मार्च 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

**सुविचार**

सही कर्म वह नहीं है जिसके
परिणाम हमेशा सही हो
अपितु सही कर्म वह है जिसका
उद्देश्य कभी गलत ना हो!

श्रीमद् भगवद् गीता



झारखंड विधानसभा का बजट सत्रः

# सदन में सीपी सिंह ने सड़क पर गड्ढों का मामला उठाया

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सदन में पेयजल और अन्य योजनाओं के लिए सड़क की खुदाई करने के बाद उन्हें लंबे समय तक नहीं भरे जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि रांची में जुडको और नगर निगम ने कई कंपनियों से पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम करवाया। कई जगहों पर खुदाई करने के बाद सालभर से सड़क को नहीं बनाया गया है। इसपर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सिर्फ रांची ही नहीं चास और आदित्यपुर में भी यही स्थिति है। उन्होंने विधानसभा स्पीकर से इसकी जांच के लिए विशेष कमेटी बनाने की मांग की। इसपर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा की विशेष कमेटी बनाने की बात कही। इस कमेटी में विधायक सीपी सिंह और सत्ता पक्ष और विपक्ष के एक-एक विधायक रहेंगे। सड़क खोद कर छोड़ देने का मामला ध्यानाकर्षण के माध्यम से विधायक सीपी सिंह ने सदन में उठाया। इस बीच विपक्ष ने सदन की कमेटी बनाकर राज्य की स्थिति का आंकलन करवाने की मांग रखी। नगर विकास विभाग से संबंधित सवाल उठाए। इसपर, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ये शिकायत लगातार मिल रही है। सरकार ऐसी कंपनी से बात करेगी। पत्राचार करेगी।







## लंबोदर महतो ने सदन के बाहर दिया धरना

**रांची।** आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कुरमी/कुड़मी को एसटी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सदन के बाहर धरना दिया। महतो ने कहा कि बेरमो को जिला बनाने की मांग वर्षों से की जा रही है लेकिन सरकार इस पर कुछ फैसला नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर 2004 को यह निर्णय हुआ था कि कुरमी/कुड़मी और कोटवार जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जायेगा। इस निर्णय के 20 साल हो गये, लेकिन अब तक इसको लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आठ जनवरी 2013 को कैबिनेट में यह निर्णय लिया गया था कि बेरमो को नया प्रखंड बनाया जायेगा। इस पर भी अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। एक ही जाति, संस्कृति और धर्म के होने के बावजूद लोहार और लोहरा का अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र होता है। सरकार कमार, करमाली, लोहार, लोहरा, बड़ाईक और चिकबड़ाइक सभी को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करे। बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड और चतरोचट्टी को प्रखंड बनाने पर भी सरकार जल्द निर्णय ले।

## बिजली टैरिफ बढ़ोतरी मामले को ले भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर जोरदार प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सदन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने बिजली टैरिफ बढ़ाने को लेकर हंगामा किया। विपक्षी विधायकों ने कहा कि एक ओर सरकार सवा सौ यूनिट बिजली फ्री करने की घोषणा की है, वहीं बिजली का टैरिफ बढ़ाकर राज्य की जनता से दूगने राशि वसूल ही है। यह मान्य नहीं है। भाजपा विधायकों ने कहा कि एक ओर महागठबंधन सरकार जनता से किए वादे पूरे नहीं कर रही है तो दूसरी ओर बिजली बिल बढ़ाने का काम किया। यही नहीं, विधायकों ने चंपाई सोरेन सरकार को युवा विरोधी भी बताया। विधायक प्रदीप यादव ने सदन में राज्य में अल्पसंख्यक वित्त निगम, हज कमेटी और वक्फ बोर्ड का गठन नहीं होने का मामला उठाया। इसपर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले इन तीनों का पुनर्गठन कर लिया जायेगा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना आयुक्तों की खाली पद के साथ-साथ किसान-मुख्यमंत्री राहत योजना से मदद देने की मांग उठी। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सरकार से सूचना आयुक्तों का खाली पद भरने की मांग की।

## मातृत्व अवकाश देने की सुविधा तीन माह के अंदर होगी शुरू : स्वास्थ्य मंत्री

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आश्वासन दिया कि झारखंड सरकार तीन महीने के अंदर महिलाओं को सवैतनिक मातृत्व अवकाश देने की सुविधा शुरू करेगी। विधायक अंबा प्रसाद ने सदन में यह सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि देश के अधिकांश राज्यों में शिशुओं की देखभाल के लिए महिलाओं को सवैतनिक अवकाश मिलता है, जिसमें महिलाओं को उनके सेवा काल में दो साल के लिए यह सुविधा दी जाती है, लेकिन झारखंड में ऐसा प्रावधान नहीं है। इसपर मंत्री ने कहा कि यह प्रस्ताव वित्त विभाग के पास विचाराधीन है। विधायक ने कहा कि इसे कब तक लागू किया जायेगा, समय दिया जाये, तब मंत्री ने तीन महीने में इसे लागू करने की घोषणा की।

## नीलकंठ सिंह मुंडा ने सदन में सुखाड़ का मामला उठाया

रांची। भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सूखा पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं मिलने का मामला सदन में उठाया। इसपर मंत्री बादल पत्रलेख ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 2022-23 में 3363201 आवेदन मिले थे। इनमें से 13.66 लाख किसानों को 478.4 करोड़ राशि का भुगतान किया गया है। 5.57 किसानों का सत्यापन हो चुका है। उन्हें जल्द पेमेंट किया जायेगा। 4.90 लाख किसानों का सत्यापन बाकी है। सत्यापन के बाद उन्हें पेमेंट होगा। मंत्री ने कहा कि जिन किसानों का सत्यापन हो चुका है, उन्हें तीन महीने में पेमेंट कर दिया जायेगा। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि अब तक 13,66 लाख सुखाड़ पीड़ितों के बीच 478,4 करोड़ का भुगतान होने बात कही। मंत्री ने आगे कहा कि बचे हुए को राहत देने की प्रक्रिया चल रही है। जिनका सत्यापन हो चुका है। उन्हें तीन महीने में लाभ उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## राज्य में लगभग 8 हजार उर्दू शिक्षकों की बहाली होगी - मंत्री

रांची। बजट सत्र के पांचवें दिन झारखंड विधानसभा में उर्दू को लेकर राज्य सरकार मेहरबान दिखी। प्रश्नकाल में विधायक प्रदीप यादव के द्वारा शिक्षकों के खाली पदों पर उठाए गए सवाल पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने जवाब देते हुए कहा कि उर्दू शिक्षकों के खाली पदों को शीघ्र भरा जाएगा। प्रदीप यादव ने सदन में सरकार से यह पूछा कि संयुक्त बिहार के समय से उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत पद हैं जिसमें से 689 पदों पर नियुक्ति हुई है ऐसे में उर्दू शिक्षकों की भारी कमी राज्य में है और एक बड़ा तबका उर्दू जैसे विषय पढ़ने से वंचित हो रहे हैं। प्रदीप यादव के सवाल पर जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सदन को बताया कि राज्य में उर्दू शिक्षकों की बहाली के नये नियमावली के तहत की जाएगी जिसमें स्वीकृत पद के दो गुणा यानी करीब 8000 उर्दू शिक्षकों की बहाली राज्य सरकार करेगी। सदन में प्रदीप यादव के सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने यह भी आश्वासन दिया कि लोकसभा चुनाव से पहले उर्दू अकादमी, हज कमिटी,

अल्पसंख्यक वित्त आयोग जैसी कमेटी का गठन शीघ्र किया जायेगा। विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि इसके अलावा मदरसा बोर्ड के द्वारा दिए जाने वाले आलीम फाजिल की डिग्री की अन्य राज्यों में मान्यता पर सरकार ने आश्वासन दिया। आचार संहिता लगने से पहले अल्पसंख्यक वित्त निगम, हज कमेटी व वक्फ बोर्ड का गठन हो जायेगा।

## इरफान अंसारी ने की रेल हादसे में मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग

रांची। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने सदन में केंद्र सरकार से रेल दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने इस हादसे में घायल हुए लोगों के लिए भी मुआवजा की मांग की।

## पेसा कानून के नियमावली गठन का मामला सदन में उठा

रांची। प्रश्नकाल के शुरू होने के बाद सदन में मांडर से कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पेसा कानून के नियमावली गठन का मामला सदन में उठाया। इसपर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। कैबिनेट से मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है। टीएसी में भी इसको लेकर चर्चा हो चुकी है।

## जमशेदपुर एवं सीमावर्ती शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपयोग का मामला उठा

रांची। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने चांडिल जलाशय के जल से जमशेदपुर एवं सीमावर्ती शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपयोग का मामला उठाया। इसके जवाब में मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि डिमना लेक टाटा के अधीन है। इसके लिए टाटा से बात करना होगा। टाटा अगर सहमत हुआ तो चांडिल डैम का पानी डिमना लेक में आएगा। उसे जलापूर्ति संभव होगा।

# धुआंधार रफ्तार से दौड़ी इकॉनमी, मोदी सरकार की बम-बम

## तीसरी तिमाही में 8.4 फीसदी ग्रोथ, धरे रह गए सारे अनुमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में उम्मीद से अधिक 8.4 फीसदी की दर से बढ़ा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह रफ्तार विश्लेषकों के अनुमानों को पार कर गई।

यह पिछली तिमाही में 8.1 फीसदी की बढ़ोतरी से काफी ज्यादा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इसी अवधि के लिए 6.5 फीसदी की ग्रोथ का अनुमान लगाया था। जीडीपी में मजबूत बढ़ोतरी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

इस तूफानी रफ्तार के बाद वित्त वर्ष 2023-24 के ग्रोथ के अनुमानों में भी बदलाव किया गया है। इन्हें पहले के 7 फीसदी के मुकाबले बढ़ाकर 7.6 फीसदी किया गया है।

# एक और केंद्रीय एजेंसी ने उड़ाई नेताओं की नींद

## लोकसभा चुनाव से पहले 600 अफसर खंगाल रहे बही-खाते

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनावों से ऐन पहले केंद्र सरकार की एक और एजेंसी हरकत में है। इससे राजनीतिक दलों, नेताओं और ऐसे वित्तीय संस्थानों की नींद उड़ गई है जो काले धन के लेन-देन में शामिल रहे हैं। देश की वित्तीय खुफिया इकाई ने करीब 600 अफसरों की एक टीम तैनात की है जो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कॉपरेटिव बैंकों में कैश जमा और निकासी पर कड़ी नजर रख रही है। ये टीम चुनावों में काले धन के इस्तेमाल को रोकने के लिए राजनीतिक हस्तियों और उनसे जुड़े लोगों के खातों पर नजर रख रही है। एजेंसी ने हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसे लेनदेन की रिपोर्ट करने में विफल रहे 12 कॉपरेटिव बैंकों की पहचान की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एफयूआई ने इस बार इनकम टैक्स, कस्टम, ईडी, राजस्व खुफिया निदेशालय और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों के 600 अधिकारियों की एक टीम बनाई है, जो इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। मामले से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी उन सहकारी बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर रही है जो पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान भारी मात्रा में हुए कैश लेनदेन को रिपोर्ट करने में विफल रहे हैं।



# सोलर रूफ टॉप स्कीम पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला

## एक करोड़ परिवार पाएंगे फ्री बिजली और साथ में करेंगे कमाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने रूफटॉप सोलर स्कीम के लिए 75 हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इस स्कीम से देश के एक करोड़ परिवारों को फायदा पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग में हुए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई मीटिंग में यह फैसला हुआ है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी गई है। इससे एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में हर महीने मिल सकेगी। इस स्कीम के तहत प्रति एक किलोवॉट सिस्टम पर हर परिवार को 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा 2 किलोवॉट सिस्टम के तहत 60 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी।



# विधायक राजेश कच्छप ने शून्यकाल में उठाया पत्रकार सुरक्षा कानून का मामला

## पत्रकार आयोग के गठन, पत्रकारों का निशुल्क बीमा, पेंशन एवं आवास सुविधा देने की मांग की



विशेष संवाददाता

**रांची।** खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने झारखंड विधान सभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को शून्यकाल में पत्रकार सुरक्षा कानून का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर न सिर्फ फर्जी मामले दर्ज किये जा रहे हैं, बल्कि आए दिन समाचार संकलन करने पर हमले भी हुए हैं। पत्रकार समाज का आईना है, जो सच्चाई को दिखाने के लिए अपनी जान की परवाह किये बिना अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। विधायक राजेश कच्छप ने आसन के माध्यम सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार आयोग का गठन, निःशुल्क बीमा, पेंशन, एक्रीडेशन और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता की भी मांग की। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरकान्त, उपाध्यक्ष कुमार कौशलेंद्र व नवल किशोर सिंह तथा महासचिव सियाराम वर्मा ने विधायक राजेश कच्छप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जेजेए लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा कानून और पत्रकारों के लिए आवास, पेंशन और बीमा की मांग करते आ रहा है। पिछले सत्र में भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने भी अपने प्रश्न के माध्यम से यह मामला उठाया था।

# दो से अधिक बच्चों वाले माता-पिता को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा, कहा-नियम भेदभाव नहीं करता

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान में दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार के 1989 के इस कानून को अब सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मिल गई है। एससी ने पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एक आदेश में ने 12 अक्टूबर 2022 के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और कहा कि राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है और इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है। 2017 में रिटायर हुए पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट ने 2018 में राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के रूप में शामिल होने की मांग की थी। उनके आवेदन को राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 24(4) का हवाला देते हुए खारिज कर दिया गया था। इस नियम के तहत 1 जून 2002 के बाद पैदा हुए दो से अधिक बच्चे वाले व्यक्ति को नौकरी देने से रोकता है।



# एमपी के डिंडौरी में हादसा, 14 लोगों की मौत

## टर्निंग पर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में गिरी पिकअप, 20 घायल

**डिंडौरी (एजेंसी)।** डिंडौरी में एक पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। वाहन में 35 लोग सवार थे। हादसा शहपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच हुआ। मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। इनमें सात लोग अम्हाई देवरी के हैं। दो पोंडी और एक-एक शव धमनी व सजनिया ले जाए गए हैं। पुलिस ने पिकअप ड्राइवर अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को हिरासत में ले लिया है। पिकअप अजमेर की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि पिकअप अमाही देवरी गांव से मंडला जिले के मसूर घुघरी गांव गई थी। लौटते समय एक टर्निंग पर पिकअप पलटी और 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि वाहन का बीमा और फिटनेस एक्सपायर हो चुका था। पिकअप वाहन माल ढोने के काम आता है। इससे सवारी ढोने की अनुमति नहीं होती है। बालाघाट डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने मौका मुआयना किया। उन्होंने कहा, वैधानिक कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।



## मृतकों के परिजन को 4.70 लाख, घायलों को 1.50 लाख की सहायता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन और घायलों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की घोषणा की। इधर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, कठिन समय में मदद करना हमारा फर्ज बनता है। मृतकों के परिजन को 4-4 लाख और घायलों को 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। जांच के बाद क्लियर होगा कि ड्राइवर ने दारू पी थी या नहीं। ये उसका निजी वाहन है। इसमें उसके परिवार के लोगों को ही बैठाया गया था।

# सैमसंग ने गैलेक्सी ए15 5जी के नए मैमोरी वैरिएंट की घोषणा की

**रांची।** सैमसंग ने 16499 रुपये की आकर्षक कीमत पर गैलेक्सी ए15 5जी का एक नया स्टोरेज वैरिएंट, 6जीबी+128 जीबी लॉन्च करने की घोषणा की है। गैलेक्सी ए15 5जी खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं को यह वैरिएंट कई विकल्प देगा। यह स्मार्टफोन वर्तमान में 8 जीबी +256 जीबी और 8 जीबी +128 जीबी स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध है और तीन नए रंगों ब्लू ब्लैक, ब्लू और लाइट ब्लू में आता है।

काउंटरप्वाइंट रिसर्च के मुताबिक गैलेक्सी ए15 5जी, गैलेक्सी ए14 5जी का उत्तराधिकारी है जो 2023 का भारत का नंबर 1 बिकने वाला 5जी स्मार्टफोन है। यह किफायती कीमत पर नवीनतम टेक्नोलॉजी प्रदान करने की सैमसंग की क्षमता का उदाहरण है। इसी वजह से सैमसंग भारत में लाखों उपभोक्ताओं की पहली पसंद बना हुआ है। गैलेक्सी ए15 5जी हेज़ फिनिश में ग्लैस्टिक बैंक पैनल के साथ प्रीमियम अनुभव के लिए गैलेक्सी के सिग्नेचर डिजाइन में आता है। साइड पैनल पर नया की आइलैंड डिजाइन और फ्लूट लीनियर कैमरा हाउसिंग बेहतर पकड़ की सुविधा देता है। गैलेक्सी ए15 5जी में 6.5 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले है जो विजन बूस्टर से लैस है। ये 90एचजेड रिफ्रेश रेट और आंखों के आराम के लिए कम नीली रोशनी वाले डिस्प्ले के साथ सहज, ब्राइट और जीवंत अनुभव देता है। गैलेक्सी ए15 5जी में वीडीआइएस के साथ 50एमपी ट्रिपल कैमरा सेटअप है, जो अस्थिर या अस्थिर गतिविधियों के कारण वीडियो में धुंधलापन या विकृति को कम करता है, साथ ही इसमें प्रोफाइल-लायक सेल्फी के लिए 13एमपी का फ्रंट कैमरा दिया गया है।

गैलेक्सी ए15 5जी नॉक्स सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म के साथ आता है जो यह सुनिश्चित करता है कि यूजर ऑटो ब्लॉकर, प्राइवेसी डैशबोर्ड, सैमसंग पासकी और दूसरी सुविधाओं के साथ अपने डेटा पर पूर्ण नियंत्रण रखें। डिवाइस में चिप स्तर पर निर्मित नॉक्स वॉल्ट चिपसेट भी है जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर खतरों से सुरक्षा के लिए आपके संवेदनशील डेटा, जैसे पिन, पासवर्ड और पैटर्न को एक अलग छेड़छाड़-प्रतिरोधी स्टोरेज में सुरक्षित रखने के लिए डिजाइन किया गया है। बेहतर गोपनीयता और सुरक्षा सुविधाओं से भरपूर, गैलेक्सी ए15 5जी को 4 पीढ़ियों तक के ओएस अपग्रेड और 5 साल तक के सुरक्षा अपडेट के साथ भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# रामगढ़ के उद्योगों की समस्या पर मंत्री से चेंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**विशेष संवाददाता ,रांची/रामगढ़।** रउता में स्थापित उद्योगों की समस्या पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने मंत्री हफीजुल हसन के साथ मुलाकात कर, मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ के उपायुक्त द्वारा रउता के दो औद्योगिक प्रतिष्ठानों की जमाबंदी को अवैध जमाबंदी करार देते हुए रद्द कर देने और 11 अन्य औद्योगिक इकाईयों की जमाबंदी रद्द करने की कार्रवाई शुरू करने के मामले से अवगत कराया। बताया गया कि वर्तमान में सभी उद्योग चालू स्थिति में है जहां बड़ी संख्या में श्रमिकों के साथ-साथ आपूर्तिकर्ता संलग्न हैं। कंपनियों ने वित्तीय संस्थानों से करोड़ों रू0 ऋण लिया है, सरकार को जीएसटी, बिजली बिल और अन्य शुल्क आदि जैसे करों के रूप में इन उद्योगों से बड़ा राजस्व प्राप्त हो रहा है, ऐसे में इन उद्योगों की जमाबंदी रद्द करने से सरकार को राजस्व की क्षति होने के साथ ही बडी संख्या में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होने की संभावना बनेगी। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने माननीय मंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। माननीय मंत्री हफीजुल हसन ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और कहा कि किसी भी स्थिति में औद्योगिक इकाईयों को उजडने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने जल्द ही इस मामले में उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में रामगढ चैंबर के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, उद्यमी अशोक जैन, राधेश्याम अग्रवाल, गोविंद मेवाड, ओमप्रकाश बजाज और पवंजय कुमार शामिल थे।

# डोनियर ग्रुप का म्यूज़िकल कैंपेन 'फ़्रीडम टू मूव' लॉन्च

**रांची।** भारत का सबसे बड़ा लाइफस्टाइल और फैशन हाउस डोनियर ग्रुप का म्यूज़िकल कैंपेन 'फ़्रीडम टू मूव' लॉन्च । इस म्यूज़िकल में दर्शकों के सामने होंगे टाइगर श्रॉफ, नताशा भारद्वाज और जन्नत जुबैर रहमानी। इस तिकड़ी का गीत 'नियो स्ट्रेच फैब्रिक' को लॉन्च करता है। यह दुनिया का सबसे बढ़िया फैब्रिक है जो चार तरफ़ स्ट्रेच हो सकता है। इस फैब्रिक से ग्राहकों को मिलेगी मूव के लिए ज़्यादा आजादी। डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेंद्र वी. अग्रवाल ने कहा, ÷नियो स्ट्रेच के ब्रैंड एंबेसडर के रूप में टाइगर श्रॉफ को चुनना स्वाभाविक था। उनकी डायनैमिक एनर्जी और एफ़र्टलेस स्टाइल हमारे इस नए तरह के फैब्रिक 'नियो स्ट्रेच' के साथ मैच होती है।

# आड्रे हाउस में चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का शुभारंभ आज

### संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा

### मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

### ज्यादा से ज्यादा युवा महोत्सव में शामिल हों- सुबोध कुमार

**विशेष संवाददाता ,रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के लिए *÷चुनाव का पर्व-कला महोत्सव÷* का आयोजन किया जा रहा है। रांची के आड्रे हाउस में 01 एवं 02 मार्च 2024 को महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन कल दिनांक 01 मार्च 2024 को अपराह्न 01ः00 बजे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड, रांची श्री के रवि कुमार द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती नेहा अरोड़ा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड एवं श्री संदीप सिंह,अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड होंगे।

**तैयारियों का संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया जाएगा**
÷चुनाव का पर्व-कला महोत्सव÷* का आड्रे हाउस में चल रही तैयारियों का आज दिनांक 29 फरवरी 2024 को सुबोध कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, राँची ने जायज़ा लिया। इस दौरान उपनिर्वाचन पदाधिकारी, रांची बिवेक कुमार सुमन एवं स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम की तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारी को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

**ज्यादा से ज्यादा युवाओं से महोत्सव में शामिल होने की अपील**
मतदाता जागरूकता एवं युवाओं में मतदान के प्रति उत्साहवर्धन को लेकर महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न स्कूल कॉलेज के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। सुबोध कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, राँची ने ज्यादा से ज्यादा युवाओं से महोत्सव में शामिल होने की अपील की है। वोटर फेस्ट के दौरान चित्रकला के विशेषज्ञों द्वारा निर्वाचन, प्रकृति, संस्कृति आदि पर आधारित विभिन्न चित्रकला तैयार की जाएगी। साथ ही अलग-अलग शिक्षण संस्थाओं के बैंड द्वारा युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए मनोरंजन कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन और स्मृति चिन्ह भी दिया जाएगा।

# सीसीएल से सेवानिवृत्त हो रहे 112 कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई

### निदेशक (तकनीकी/संचालन) राम बाबू प्रसाद भी हुए सेवानिवृत्त

वरीय संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 9 कर्मियों राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तकनीकी/संचालन), राजेश मिश्रा, महाप्रबंधक (एम एंड एस), गुणवत्ता विभाग, रमाकांत मिश्रा, मुख्य प्रबंधक (खनन), एनआईएमएस विभाग, मनोज कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), सीसीएमसी विभाग, रंजन सामंता, मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण), वन विभाग, बसंत कुमार मांझी, सब इंजीनियर, नगर प्रशासन विभाग, घनश्याम सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट, ए-1, गांधीनगर अस्पताल, ब्रज बिहारी सिंह, फोरमैन इंचार्ज, ए-1 एवं श्रीकांत ठाकुर, फोरमैन (इलेक्ट्रिकल), ए-1 को सीसीएल परिवार की ओर से एक ''सम्मान-सह - विदाई समारोह'' का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र तथा निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी. साईराम उपस्थित थे। ज्ञात हो कि फरवरी माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 112 कर्मी सेवानिवृत्त हुए ।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) प्रदर्शित किया गया। इस वीडियो में कर्मियों ने अपने संपूर्ण सेवाकाल के यादगार लम्हों को सबसे साझा किया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कंपनी के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

अपने बहुमुखी प्रतिभा व नेतृत्व कौशल से राम बाबू प्रसाद ने सदैव कंपनी के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। उन्होंने सीसीएल सहित कोल इंडिया के विभिन्न अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत रहते हुए महत्वपूर्ण कार्यों का निष्पादन किया। ज्ञात हो कि श्री प्रसाद ने मई, 2022 को सीसीएल में निदेशक (तकनीकी/संचालन) का कार्यभार ग्रहण किया था। उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी नित्य नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया।






सीएमडी, डॉ रेड्डी ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवाकाल के सफल समापन बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के योगदान के फलस्वरूप कंपनी सफलता के मार्ग पर अग्रसर है निश्चित रूप से आपके अनुभव की कमी हमें मह्सूस होगी । आप सब की मेहनत और सार्थक प्रयास से कंपनी नई ऊँचाई छु रही है। डॉ रेड्डी ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं दी।

अवसर विशेष पर निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी. साईराम ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि आज से आप सभी एक नए भूमिका में होंगे । श्री प्रसाद ने कर्मियों को रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्य में स्वयं को संलिप्त करने की सलाह दी।निदेशक (कार्मिक)हर्ष नाथ मिश्र ने कर्मियों को स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाने की सलाह देते हुये कहा कि आप जहाँ भी रहे स्वस्थ्य एवं सुखी रहे। उन्होंने कर्मियों के परिजनों का आभार जताते हुये कहा कि आपके सहयोग एवं त्याग के बदौलत ही सेवा काल में हमारे कर्मी अपना शत प्रतिशत दे पायें।

निदेशक (वित्त), पवन कुमार मिश्रा ने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप एक भूमिका से दूसरी भूमिका निभाने जा रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी सीसीएल परिवार के अभिन्न अंग हैं और हमें पूर्ण विश्वास है कि अपने अनुभवों और सुझावों से हमें अनुगृहित करते रहेंगे।

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

# ब्लॉक प्रमुख के सख्त चेतावनी के बाद भी बेअसर पीएचडी विभाग और उसके संवेदक

**प्रतिनिधि,बिशुनपुरा(गढ़वा)।** पीएचडी विभाग की उदासीन रवैया अब बिशुनपुरा प्रखंड के लोगों के सिर से ऊपर चढ़ता जा रहा है और पीएचडी विभाग तथा इसके संवेदकों के लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना कार्य की चर्चा अब हर चौक चौराहा पर लोग करते थक नही रहे हैं। लगभग 45 करोड़ की लागत से शुरू हुई पीएचडी विभाग की जल नल योजना शुरू होने से पहले ही छिन्न भिन्न अवस्था में पहुंचने को बेबस हैं। वहीं लोग स्वच्छ पानी मिलने के इंतजार में दो साल की गर्मी की मौसम को झेल चुके है और वहीं तीसरा साल का गर्मी का मौसम भी दस्तक दे ही चुका है। इसके बावजूद पीएचडी विभाग के संवेदक बिना पानी वाले डीप बोर किए जल मीनार को सौंपने में और पानी वाले डीप बोर को औने पौने दाम में बेच कर पैसा की उगाही करने में व्यस्त हैं। विदित हो की पिछले कई सालों से पीएचडी विभाग नल जल योजना के तहत बिशुनपुरा प्रखंड क्षेत्र में नल जल लगाने हेतु जलमीनार और डिप बोर



का कार्य कर रहा है पर पिछले 3 सालो से अब तक एक भी जल मीनार पूरा न किए जाने और बीना बोर में पानी के भी जल मीनार स्थापित कर दिए जाने का लोग विरोध कर रहे हैं। इस पर ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने भी कुछ दिन पहले नाराजगी जाहिर कर चुकी है और जन आक्रोश का सामना करने का चेतावनी पीएचडी विभाग और संवेदक को दे चुकी है। इसके बावजूद अभी तक विभाग मौन है। इस पर कई ग्रामीणों जैसे बलराम साह, रामातार पासवान, मुंद्रिका पासवान, विजय पासवान, सीताराम पासवान को जल मीनार से सबंधित कार्यो की अनियमितता के खिलाफ आवाज उठाने पर संवेदक के कर्मियों द्वारा अपने दायरे में रहने की धमकी दी जा रही है।

# इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का शुभारंभ आज से

- देश-विदेश के लगेंगे 375 स्टॉल
- विदेशों के कई स्टॉल होंगे आकर्षण का केंद्र

विशेष संवाददाता

**रांची।** अंतर्राष्टीय स्तर के इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन एक मार्च से 11 मार्च तक मोरहाबादी मैदान में किया जाएगा। आगंतुकों के लिए सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक फेयर खुला रहेगा। फेयर में लगभग 375 स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। फेयर में थाईलैंड, ईरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, टर्की, घाना, मलेशिया समेत अन्य कुल 12 देश और 20 राज्यों के स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। ट्रेड फेयर की तैयारियों को लेकर गुरुवार को चैंबर भवन में हुई प्रेस वार्ता में जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के चिद्रुप शाह ने बताया कि यह ट्रेड फेयर बीटूसी और बीटूबी के लिए बेहतर मंच है।




झारखंड चैंबर, बंगाल चैंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दस वर्षों से लगाये जा रहे ट्रेड फेयर को रांचीवासियों ने खूब सराहा है। शहरवासियों के सामने प्रत्येक वर्ष नई चीजों को लाने की हमारी कोशिश रहती है। टर्की के लैंप, थाईलैंड के एक्सेसरीज, बांग्लादेश की साडी, ईरान की हनी और सैफ्रौन समेत अन्य वस्तुएं इस ट्रेड फेयर के मुख्य आकर्षण हैं। ट्रेड फेयर के माध्यम से हमारा प्रयास है कि प्रत्येक देश की विशेषता को झारखण्डवासियों के सामने आसानी से उपलब्ध कराया जा सके।कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने ट्रेड फेयर में सहयोग के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। अवगत कराया कि ट्रेड फेयर में झारखण्ड सरकार के उद्योग, श्रम और टूरिज्म विभाग द्वारा स्टॉल्स में भरपूर सहयोग देकर, हमारा प्रोत्साहन किया जा रहा है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमारे द्वारा किया जा रहा यह प्रयास केवल ट्रेड फेयर नहीं वरन् राज्य के विकास में गति देने का प्रयास है। अंतर्राष्टीय देश के स्टॉलधारकों के आने से स्थानीय व्यापारियों-उद्यमियों के विचारों का आदान-प्रदान संभव होगा और इससे व्यापार-उद्योग की संभावनाएं बनेंगी। ट्रेड फेयर में प्रत्येक दिन गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया जायेगा। आगंतुकों के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा की भी व्यवस्था है। ट्रेड फेयर स्थल पर आगंतुकों की सुविधा के लिए फायर फाइटिंग, प्राथमिक उपचार के लिए मेडिकल टीम, एंबुलेंस, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।महासचिव परेश गट्टानी ने शुक्रवार से आरंभ हो रहे ट्रेड फेयर में अधिक से अधिक संख्या में शहरवासियों से शामिल होने की अपील की। यह भी कहा कि ट्रेड फेयर में 24 जिलों के व्यापारियों और उद्यमियों की सहभागिता का प्रयास किया जा रहा है जिससे इस ट्रेड फेयर का स्वरूप राज्यस्तरीय हो सके। प्रेस वार्ता में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, ट्रेड फेयर कमिटी के कुणाल विजयवर्गीय, संतोष अग्रवाल के अलावा जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीआईएल इंटर कम्पनी चेस टूर्नामेंट 2023-24 का शुभारंभ

### सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने किया उद्घाटन

वरीय संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई के 'रबीन्द्र भवन में 29 फरवरी से से दो मार्च तक तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी चेस टूर्नामेंट 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने गुरुवार को इस टूर्नामेंट का विधिवत् उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, वरीय सलाहकार (माइनिंग) एके राणा, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण तथा श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि, सीएमओएआई के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

इस टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र में डब्ल्यूसीएल के सर्वोच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एन स्वामीनाथन ने एनसीएल के कुलश्रेष्ठ कुमार को पराजित किया। मेजबान टीम सीएमपीडीआई के श्री कुमार वैभव ने रेटेड खिलाड़ी द्वितीय वरीयता प्राप्त एसईसीएल के दीपांकर सेनगुप्ता को बराबरी पर रोका। डब्ल्यूसीएल के रजा मोहम्मद ने एससीसीएल के एम श्रीनिवास को पराजित किया। डब्ल्यूसीएल के मदीराला हदीश ने एमसीएल के रेटेड खिलाड़ी विनय चंद्र जेना को हराया। एसईसीएल के प्रमोद बेहरा ने बीसीसीएल के मनीश कुमार को पराजित किया। सीएमपीडीआई के रेटेड खिलाड़ी चंद्रशेखर सबले ने सीसीएल के मनोज कुमार को पराजित किया। एससीसीएल के महेन्द्र मारी ने ईसीएल के मुन्ना राम को पराजित किया। 22 खिलाड़ी एक अंक के साथ प्रथम चक्र के पश्चात् 50 खिलाड़ियों की स्पर्द्धा में अपनी दावेदारी की ओर अग्रसर है। खेल कुल 7 चक्र में खेला जाएगा। प्रत्येक टीम के सर्वश्रेष्ठ 4 खिलाड़ियों के हासिल अंकों के योग के पश्चात् टीम चैम्पियनशिप की घोषणा होगी।

इस तीन-दिवसीय कोल इंडिया अंतर कम्पनी चेस टूर्नामेंट 2023-24 में मेजबान टीम सीएमपीडीआई, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल)-संकटोरिया, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल)-धनबाद, सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल)-रांची, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल)-नागपुर, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल)-बिलासपुर, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल)-सिंगरौली, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)-सम्बलपुर एवं सिंगरैनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड (एससीसीएल)-कोठागुद्दम की टीम हिस्सा ले रही है।

# विधानसभा की त्रिसदस्यीय कमेटी करेगी पेयजल समस्या की जांच

### नेता प्रतिपक्ष उलझे स्पीकर से, बाद में माफी मांगी

**संवाददाता,रांची।** झारखंड विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान भाजपा विधायक सीपी सिंह के एक प्रश्न पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो में तीखी झड़प हो गई। नेता प्रतिपक्ष ने आसन को कहा कि अगर प्रश्न को छूकर उन्हें रिकार्ड बनाने का शौक है तो ठीक है। जिसको लेकर स्पीकर गरम हो उठे। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि वे समस्या का समाधान चाहते हैं, इसलिए आप आसन पर आरोप मत लगाइये।

इस पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केवल आप अपनी बात बोलते रहेंगे या मेरी बात भी सुनेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने तुरन्त आसन से माफी मांगते हुए कहा कि अगर आपको मेरी बात पर ठेस लगी है तो मैं क्षमा मांगता हूं। आसन ने तुरन्त नेता प्रतिपक्ष से कहा कि उन्हें कोई उनकी बात का दुख नहीं है। लेकिन चूंकि ये मामला ज्वलंत है। यह हर जगह की समस्या है। जिन-जिन ग्रामीण व शहरी इलाकों में पेयजल के लिए इस प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है। वहां ये समस्याएं विद्यमान है। अतः वे इस समस्या कैसे खत्म हो इस पर उनकी नजर हैं। नेता प्रतिपक्ष ने इस पूरे प्रकरण पर जूडको के अधिकारियों को दोषी माना और कहा कि ये काम के प्रति जिम्मेदार नही हैं। आसन चाहे तो पेयजल की समस्या से मुक्ति मिल सकती है। इसी पर आसन ने मंत्री से इस संबंध में जवाब देने को कहा।

# इक्फाई विश्वविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

- अंतरराष्ट्रीय हैकाथॉन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित
- विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

विशेष संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को स्वीकार करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस दौरान गुरुवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय में अंतरराज्यीय हैकथॉन, कम्प्यूटेशनल क्विज, निबंध लेखन और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन और उद्घाटन 27 फरवरी को किया गया था, जिसमें झारखंड के विभिन्न संस्थानों बीआईटी मेसरा (लालपुर), आरकेडीएफ विश्वविद्यालय,






सरला-बिड़ला विश्वविद्यालय एवं इक्फाई विश्वविद्यालय सहित दस टीमों ने भाग लिया था। बीआईटी मेसरा (लालपुर) की %टीच वल्चर्स% पहले स्थान पर रही और पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता।

वहीं, सरला बिड़ला यूनिवर्सिटी की %रेएल्यू% टीम दूसरे स्थान पर रही और तीन हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता,। इक्फ़ाई यूनिवर्सिटी झारखंड की %ज़ाम्बोट% टीम तीसरे स्थान पर रही और दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता।

इसके अलावा कई और छात्रों ने क्विज़, विज्ञान प्रदर्शनी और निबंध प्रतियोगिता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में पुरस्कार जीते।

इस अवसर के मुख्य अतिथि, प्रोफेसर (डॉ.) रणजीत सिंह, पूर्व-कुलपति, कोल्हान विश्वविद्यालय ने %कैसे विज्ञान वर्तमान पीढ़ी का अनिवार्य हिस्सा बन गया है% को खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक एवं गैर-वैज्ञानिक किसी भी समस्या का समाधान खोजने की संभावना शून्य और एक के बीच होती है,न कि शून्य से नीचे । इसके अतिरिक्त, उन्होंने छात्रों को समुदाय और राष्ट की सेवा के लिए जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया।

हैकथॉन के महत्व को समझाते हुए, प्रोफेसर (डॉ.) निधि, आईईईई, रांची, झारखंड ने कहा, ÷हैकथॉन नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे सामने आने वाली जटिल चुनौतियों से निपटने में मदद करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण साबित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा और सुरक्षा डोमेन एक अत्यधिक विशिष्ट क्षेत्र है, जहां निर्णायक अनगिनत समाधान की आवश्यकता होती है और यह नवाचार और सहयोग की मांग करता है।इक्फ़ाई विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य सीवी रमन के योगदान को पहचानना है। रमन, एक प्रसिद्ध भारतीय भौतिक विज्ञानी, जिन्हें ÷रमन प्रभाव÷ की खोज के लिए जाना जाता है। भौतिकी में अपने व्यापक अनुभव (30 वर्षों से अधिक) में, उन्होंने इस बात की शानदार व्याख्या की कि वर्ष 2050 में जब %क्वांटम भौतिकी% बदल जाएगी तो जीवन कैसे बदल जाएगा। हमारे जीने के तरीके से लेकर हमारे काम करने के तरीके तक सब कुछ।

इक्फ़ाई विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, प्रो. (डॉ.) जे.बी. पटनायक ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. मिथिलेश कुमार मिश्रा, सहायक डीन, इक्फ़ाई टेक स्कूल, और संकाय सदस्यों ऋषि, डॉ. काशी, अमर गुप्ता, प्रमोद, डॉ. समीर, बादल, डॉ.अभय द्वारा संचालन किया गया।

# मुख्यमंत्री योगी बोले- जल्द ही तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उत्तर प्रदेश



**लखनऊ, एजेंसी।** संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1944 में प्रदेश में विभाग का गठन किया गया। वर्ष 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज हम प्रदेश में तेजी के साथ तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है साथ ही उनके आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए हैं। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में आज अग्निशमन विभाग प्रदेश की इमरजेंसी सेवाओं में एक बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है। हमने विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में कही। इस दौरान सीएम योगी ने विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

**7 वर्षों में उठाये गये कई महत्वपूर्ण कदम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्षों में विभाग के आधुनिकीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं साथ ही समयबद्ध तरीके से विभाग में अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके परिणाम सभी के सामने हैं। पहले अक्सर उद्यमी एनओसी को लेकर शिकायतें करते थे। हमने उसमें कई बदलाव कर उसे सरल किया। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग में काफी सुधार हुआ है।

सीएम योगी ने कहा कि फायर टेंडर के रिस्पांस टाइम को कम से कम करने पर जोर होना चाहिये ताकि जन-धन की हानि को कम से कम किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में इसमें काफी सुधार भी हुआ है। यही वजह है कि 33,000 से अधिक अग्नि दुर्घटनाओं में 3,780 जनहानि को रोका गया। साथ ही 5000 से अधिक पशुओं के साथ ही 150 करोड़ रुपये की संपत्ति को नष्ट होने से बचाया गया। इसके अलावा विभाग तेज लू के दौरान फसलों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए सदैव खड़ा रहता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए हमने आपात सेवाओं का उच्चीकरण करने का कार्य किया है।

इस दिशा में न केवल अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकरण बल्कि प्रदेश में एसडीआरएफ के गठन की कार्रवाई को भी पूरा किया गया है। आज एसडीआरएफ की छह कंपनियां काम कर रही हैं। साथ ही साथ प्रदेश के अंदर स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन करते हुए महत्वपूर्ण इमारतों और संस्थाओं की सुरक्षा के दायित्व को पूरा किया है। इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेशवासियों, निवेशकों और टूरिस्ट के विश्वास को और मजबूत करना है। इसी के तहत पहले चरण में जनपद स्तर और दूसरे चरण में तहसील स्तर पर एक से डेढ़ वर्ष में फायर स्टेशन स्थापित हो जाएंगे।

**लोगों को करें प्रशिक्षित, मदद के लिए करें प्रेरित :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभाग रिस्पांस टाइम को कम करता है तो कॉमन मैन के मन में विभाग और शासन के प्रति विश्वास मजबूत होगा। उसके लिए सहायता को पहुंचाना हमारा दायित्व है। हमें स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए, उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो यह महत्वपूर्ण है। बचाव के लिए हम लोगों को पहले से ही तैयार करें। अग्निकांड के लिए कौन-कौन सी लापरवाही जिम्मेदार होती हैं, कैसे हम जनधन की हानि को रोक सकें, इसके प्रति लोगों को पहले से तैयार कर सकें तो घटना के बाद जब तक सहायता पहुंचती है तब तक लोग स्वयं भी अपने स्तर पर बचाव अभियान की शुरुआत कर सकते हैं।

हर घटना हमारे लिए एक सबक होनी चाहिए और फिर उस सबक को लोगों तक पहुंचाना चाहिए, ताकि लापरवाही से बचा जा सके। सीएम ने कहा कि कहीं कोई दुर्घटना होती है तो अक्सर लोग वहां पर फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करते रहते हैं। उस समय हमें सबसे पहले वहां पर लोगों को बचाना चाहिए, राहत कार्यों में भाग लेना चाहिए। हमें इन सभी चीजों से अपने आप को तैयार करना होगा। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा अविनाश चंद्र आदि शामिल हुए।


**कार्यालय, अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा**
Tel No :- 06541-253420 E.Mail :- chatra8.jail@gmail.com
Jharnet I.P. No. 22057 dj-chatra@jharkhandmail.gov.in

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

मंडल कारा, चतरा के पत्रांक– 265 दिनांक 08.02.2024 के द्वारा मंडल कारा, चतरा में खाद्यान्नों यथा आलू हरी सब्जी एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति हेतु द्वितीय त्रैमासिक ई–निविदा (01.04.2024 से 30.06.2024) अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में आमंत्रित किया गया था, जिसका PR No.- 318518 (Home Prison & Disaster Management ) 23-24 (D) है।

**उक्त ई0 निविदा अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।**

ह0/–
अधीक्षक,
मंडल कारा, चतरा

PR 320834 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम– आशा वाड़ा उम्र–31 वर्ष,
रंग–सांवली, ऊँचाई–5 फीट 3 ईंच, पहनावा–सलवार सुट काला सफेद रंग का ।

उपरोक्त लापता महिला आशा वाड़ा, पिता–किशोर तिर्की, पति–अनुज तिर्की सा0–कैलेन्डे मुण्डा टोली, थाना–नगड़ी, जिला–राँची जो घर से दिनांक–24.01.24 को समय करीब 10:00 बजे सुबह घर से बिना बताये कहीं चली गई है, जो अब तक घर लौट कर नहीं आयी है। जिसके संबंध में नगडी थाना– सनहा संख्या–17/24, दिनांक–03.02.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक 2 राँची। – 9431706142
थाना प्रभारी नगड़ी, राँची। – 9431706176

PR 320903 Police(23-24)D
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।


## गांजा और शराब की तस्करी करते चार पकड़े

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम, कौशांबी व लिंकरोड थाना पुलिस ने चार तस्करों को शराब और गांजे के साथ पकड़ा है। चारों के पास गांजा और गैर प्रांत की शराब बरामद की। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि टीम ने शक्तिखंड चार में चेकिंग के दौरान कैलाश मानसरोवर भवन के पास से शफीक को रोका। चेकिंग करने पर शफीक के पास से झोले में 570 ग्राम गांजा बरामद हुआ। प्रह्लादगढ़ी चौकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान साहिबाबाद सब्जी मंडी के पास से सलीम खान उर्फ सलमान को पकड़ा। सलीम के पास से प्लास्टिक के थैले में हरियाणा मार्का की सात बोतल बरामद हुईं। कौशांबी थाना पुलिस ने शुक्र बाजार कट के पास चेकिंग के दौरान विनोद निवासी भोवापुर को पकड़ा। विनोद के थैले से 1090 ग्राम गांजा बरामद किया। लिंकरोड थाना पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कड़कड़ रेलवे फाटक के पास से श्यामलाल निवासी कासगंज को पकड़ा। आरोपी के पास से 30 पव्वा देशी शराब के बरामद किए गए। आरोपी लाइसेंस नहीं दिखा सका। आरोपी ने बताया कि वह ठेके से शराब खरीदकर लाता है। रात में आने जाने वाले व्यक्ति को ऊंचे दामों पर शराब को बेचता है।

## 14 कार किराये पर लेकर बेच दी सात कार

**गाजियाबाद , एजेंसी।** नई दिल्ली निजामुद्दीन के रहने वाले रियाज मोहम्मद से विजयनगर सिद्धार्थ विहार के रहने वाले सईद इदरीश ने 14 कार किराये पर लेकर सात कार बेच दी। आरोप है कि आरोपी ने फर्जी आधार कार्ड व दस्तावेज तैयार कर बेची है। इनमें से दो कारों का तो एग्रीमेंट टू सेल भी बनवाया गया है। रियाज मोहम्मद का कहना है उनकी दिल्ली में कि कार किराये पर देने की फर्म है। आठ फरवरी को उनकी मुलाकात सईद इदरीश से सिद्धार्थ विहार में हुई थी। जहां सईद ने उनसे 14 कार किराये पर लेने की बात कही। जिनका एग्रीमेंट भी हुआ था। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि सईद ने मुंबई के फर्जी पते पर आधार कार्ड बनवाकर सात कारें बेच दी। आरोप है कि उन्होंने उसे अपनी कार वापस मांगी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले में उन्होंने विजयनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसीपी कोतवाली रविंद्र कुमार वर्मा का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## छात्रा बन कैंसर पीड़ितों की मदद के नाम पर ऐंठे रुपये, गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** राजनगर एक्सटेंशन की अजनारा सोसायटी के निवासियों से युवती ने खुद को छात्रा बताकर कैंसर पीड़ितों की मदद के नाम पर रुपये ऐंठ लिए। मामले में विलक्षणा ने लीसा नाम की युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सोसायटी निवासियों का कहना है कि युवती लोगों के फ्लैट पर पहुंचकर खुद को केंद्रीय विद्यालय की छात्रा बताती है। इसके बाद एक स्कूली प्रोजेक्ट का हवाला देकर कैंसर पीड़ितों की मदद के नाम पर लोगों से रुपये ले रही है। एसीपी नंदग्राम रवि कुमार सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पीड़िता मांगे न्यायः पत्नी की कीमत लगाई डेढ़ लाख, भरी पंचायत में पति ने सुना दिया ऐसा फैसला

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के टीपीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने डेढ़ लाख की रकम लेकर पति का पीछा छोड़ने की बात से इनकार किया तो भरी पंचायत में पति उसे तीन तलाक देकर फरार हो गया। आरोप है कि पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही।

# अवध की 16 सीटों पर कमल खिलाने के लिए भाजपा-संघ ने बनाया प्लान, सोनिया गांधी की रायबरेली सीट पर भी नजर

**लखनऊ , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार को विश्वास दिलाया है कि लोकसभा चुनाव में अवध प्रांत की सभी 16 सीटों पर भाजपा जीतेगी। संघ को आश्वस्त किया गया है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की परंपरागत सीट रायबरेली, बसपा का गढ़ रही अंबेडकर नगर और श्रावस्ती में भी पार्टी की जीत होगी।

अरुण कुमार ने बुधवार को देवा रोड स्थित एक होटल में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संघ के अनुषांगिक संगठनों, भाजपा के पदाधिकारियों और प्रदेश सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक कर चुनाव की जमीनी तैयारियां जानी।

अरुण कुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह से अवध की 16 सीटों पर चुनावी तैयारियों की जानकारी ली। पार्टी की ओर से उन्हें बताया गया कि विपक्षी दलों में सेंध लगाने के लिए बड़े पैमाने पर ज्वाइनिंग का अभियान चल रहा है।

लाभार्थी संपर्क अभियान, गांव चलो अभियान सहित अन्य अभियान चलाए जा रहे हैं। अवध प्रांत में 2019 में अंबेडकर नगर, श्रावस्ती और रायबरेली सीट भाजपा ने हारी थी। आगामी चुनाव में इन तीनों सीटों पर दो वर्ष से चुनाव की तैयारी चल रही है।

अंबेडकर में बसपा के सांसद रितेश पांडेय को भाजपा में शामिल कराया है। उन्हें विश्वास दिलाया गया कि लोकसभा चुनाव में सभी 16 सीटें भाजपा जीतेगी। अरुण कुमार ने कहा कि मौजूदा माहौल में केवल चुनाव जीतना ही नहीं है बल्कि बड़े अंतर के साथ चुनाव जीतना है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने लखनऊ क्लस्टर के लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली और उन्नाव सीट लोकसभा क्षेत्र, सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने सीतापुर क्लस्टर के सीतापुर, धौरहरा, लखीमपुर, हरदोई और मिश्रिख तथा अयोध्या क्लस्टर के प्रभारी दयाशंकर सिंह ने फैजाबाद, बाराबंकी और अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारी की जानकारी दी। बैठक में प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य भी मौजूद थे।

**संघ को मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारीः** अरुण कुमार ने अवध प्रांत में संघ के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों का फीडबैक लिया। उन्हें बताया गया कि संघ ने चुनाव के लिए जिला स्तर पर समन्वयक नियुक्त कर दिए हैं। उन्होंने संघ और अनुषांगिक संगठनों को चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी।

कहा कि प्रत्येक वैचारिक मतदाता का मतदान अवश्य कराना है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में केंद्र सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, देश की सुरक्षा, विरासत को सम्मान और हिन्दुत्व से जुड़े मुद्दों पर जो काम हुए हैं उनका पत्रक दिया जाएगा।

मतदान से पहले उस पत्रक को घर घर में पहुंचाकर राष्ट्रवाद और हिन्दुत्व का माहौल तैयार करना है। उन्होंने संघ के सभी प्रचारकों के साथ अनुषांगिक संगठनों को भी सभी 16 सीटें जीतने के लिए बूथ स्तर पर जुटने को कहा।

**क्लस्टर बैठक में शामिल होंगा संघः** बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए बनाए गए 20 क्लस्टर की बैठक में अब संघ के स्थानीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

## छह साल से टंकी और यूजीआर की नहीं हुई सफाई

**साहिबाबाद , एजेंसी।** शालीमार गार्डन के विजय पार्क परिसर में लगी टंकी और अंडरग्राउंड रिजर्व (यूजीआर) की छह साल से सफाई नहीं हुई है। टंकी से जुड़े तीन वार्ड के दो लाख से ज्यादा लोग गंदा पानी का सेवन करने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर बुधवार को शिकायत की। टंकी और यूजीआर की जल्द से जल्द सफाई कराने की मांग की। नगर निगम जलकल विभाग के अधिकारियों पर टंकी सफाई मद के नाम पर आने वाली धनराशि का बंदरबांट करने का आरोप लगाया है।

यूनाइटेड फोरम ऑफ ट्रांस हिंडन एसोसिएशन के संयोजक जय दीक्षित ने बताया कि विजय पार्क में जल निगम ने वर्ष 2006 में 24 लाख लीटर क्षमता का ओवरहेड टैंक (ओएचटी) व 40 लाख लीटर क्षमता का यूजीआर बनाया था। तकनिकी खामियों को दूर करने और स्थानीय लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने में नगर निगम अधिकारियों को सात साल लग गये। इससे 2013 में शालीमार गार्डन मेन ए व बी ब्लॉक, जवाहर पार्क, विक्रम एंक्लेव, विक्रम एंक्लेव एक्सटेंशन, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन की चार लाख से ज्यादा आबादी को पेयजल दिया जा रहा है लेकिन छह साल से नगर निगम अधिकारियों की ओर से यूजीआर और टंकी की सफाई कराई गई है। इससे इलाके के लोगों को पेयजल के नाम पर गंदा, जीवाणुयुक्त, बदबूदार व दूषित पानी दिया जा रहा है।

# दो मार्च से मुरादाबाद हवाई अड्डे से शुरू होगी पहली उड़ान सेवा, लखनऊ का किराया होगा दो हजार

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मार्च की दो तारीख मुरादाबाद मंडल को हवाई सफर की सौगात दे सकती है। इसके लिए निजी कंपनी व एएआई के अधिकारी व्यवस्था बना रहे हैं। मुरादाबाद से लखनऊ तक हवाई सफर का टिकट दो हजार रुपये से कम का होगा। शहरवासी जल्द ही बुकिंग करा सकेंगे। एयरलाइंस ने दो फरवरी के लिए विमान का समय जारी कर दिया है लेकिन एएआई के मुताबिक यह प्रस्तावित ही है। शासन की ओर से लिखित पत्र न मिलने के कारण माना जा रहा है कि उड़ान दो-तीन और पीछे खिसक सकती है। पहली फ्लाइट में आम नागरिक सफर नहीं कर पाएंगे। जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन व एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी विमान में बैठकर उड़ान भरेंगे।



इसके बाद आम नागरिकों के लिए फ्लाइट शुरू होने की तारीख की घोषणा की जाएगी। उसी दिन से लोग फ्लाई बिग (बिग चार्टर) कंपनी के 19 सीटर विमान का टिकट बुक करा सकेंगे। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या सीएम योगी आदित्यनाथ वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के पांचों नए हवाई अड्डों का उद्घाटन करेंगे।


**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, चतरा**

**–: आम सूचना :–**

एतद् द्वारा चतरा जिला अन्तर्गत सभी खाद्य कारोबार कर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम –2006 के अन्तर्गत खाद्य कारोबार शुरू करने से पहले FSSAI License/ Rigstration सक्षम प्राधिकार से प्राप्त किया जाना वैधानिक अनिवार्यता है। बिना वैद्य FSSAI लाईसेंस /रजिस्ट्रेशन धारी खाद्य कारोबार कर्त्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा–63 के अन्तर्गत 6 (छहः) मास तक की कारावास की सजा तथा 05 लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इस संदर्भ चतरा जिले के सभी खाद्य कारोबारियों के लिए FSSAI लाईसेंस /रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन निम्नवत् किया जायेगा :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | दिन | तिथि | कैम्प हेतु स्थल का नाम | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चतरा | गुरूवार | 29.02.2024 | खाद्य सुरक्षा कार्यालय,चतरा | पूर्वाहन 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक |
| 02 | प्रतापपुर | मंगलवार | 05.03.2024 | CHC प्रतापपुर के सभागार | |
| 03 | लावालौंग | बुधवार | 06.03.2024 | CHC लावालौंग के सभागार | |
| 04 | कान्हाचट्टी | सेमवार | 11.03.2024 | CHC कान्हाचट्टी के सभागार | |

12 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय वाले खाद्य कारोबारियों के लिए FSSAI लाईसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज की विवरणी :–

1. आवेदक/प्रोपराईटर की संपूर्ण विवरणी (नाम, पता, मोबाईल नं0, ईमेल आईडी इत्यादि)
2. आवेदक/प्रोपराईटर का स्व0 अभिप्रमाणित पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड ड्राईविंग लाईसेंस इत्यादि)
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्त्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद इत्यादि)
4. प्रोपराईटर शीप से संबंधित स्वघोषणा पत्र/पार्टनरशीप डीड
5. मैनुफैक्चरिंग युनिट हेतु अतिरिक्त दस्तावेज
6. मैनुफैक्चरिंग युनिट का प्रोसेसिंग एरिया सहित फोटो
7. उत्पादन इकाई का ले–आउट/ब्लू प्रिंट
8. मैनुफैक्चरिंग उत्पाद की सूची
9. होटल/कैटरर/मैनुफैक्चरिंग के लिए उपयोग में लाए जा रहे पेयजल की शुद्वता रिर्पोट

12 लाख रूपये से कम वार्षिक आय वाले खाद्य कारोबारियों के लिए FSSAI लाईसेंस हेतु आवश्यक दस्तावेज की विवरणी :–

1. आवेदक/प्रोपराईटर का फाटो
2. आवेदक/प्रोपराईटर का स्व0 अभिप्रमाणित पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड ड्राईविंग लाईसेंस इत्यादि)
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्त्व का प्रमाण पत्र (सेल डीड, बिजली बिल, राजस्व रसीद इत्यादि)

नोट :– लाईसेंस शुल्क 2000 से 3000 रूपये प्रतिवर्श तथा रजिस्ट्रेशन शुल्क 100 रूपये प्रतिवर्ष का भुगतान ऑनलाईन किया जाना है।

मीट,चिकन एवं मछली कारोबार कर्त्ता मुखिया या वार्ड पार्षद से (मुहर सहित) अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना सुनिश्चित करेंगे।

अधिक जानकारी के लिए www.foscos.fssai.gov.in वेबसाईट पर चेक करें।

अतः चतरा जिला अन्तर्गत सभी खाद्य कारोबारी जैसे फुटकर विक्रेता, वितरक, भण्डारक, उत्पादक, परिवाहक, होटल, रेस्टोरेंट, कैटरर, मछली दुकान, अण्डा दुकान, फल सब्जी दुकान, फूड सप्लिमेंट बेचने वाले दवा दुकान, सरकारी एवं अर्ध–सरकारी कार्यालय परिसर में संचालित केन्टीन इत्यादि के संचालक/मालिक/पार्टनर आदि को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त तिथि को आयोजित कैम्प में सभी कागजातों के साथ उपस्थित होकर लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के पंजीकरण हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR.NO.320840 District(23-24):D



**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e- Procurement Notice**
**(1st Call)**

**Tender reference:- STATE/HZB/DT/21/2023-24 (1st Call)** **Date :- 28.02.2024**

| Sl. No | Particulars | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work- | Relocation of Drilled Tube Well 125/115 mm dia 60.00 Mtrs (Av.) deep drilled tube well with installation of IM II Hand Pump (IS 930 / 90) with 32 mm dia medium class GI Riser pipe by DTH (F.D.S./ K,P.O./COPCO) Rig machine with 125 mm dia blue UPVC casing pipe and Construction of P.C.C Platform & Drain under D. W. & S. Division, Hazaribag for the Year 2023 -24 on Turn-Key Basis | | | | |
| | Group No | No of DT | Estimated Cost (in Rs.) | E. M. Required | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
| | HZB/SR/DT-01 | 27 Nos. | 22,33,337/- | 45,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| | HZB/SR/DT-02 | 27 Nos. | 22,33,337/- | 45,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| | HZB/SR/DT-03 | 27 Nos. | 22,33,337/- | 45,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| | HZB/SR/DT-04 | 27 Nos. | 22,33,337/- | 45,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| | HZB/SR/DT-05 | 27 Nos. | 22,33,337/- | 45,000/- | 5,000/- | 60 Days |
| B | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथिः– | 01.03.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिर्डींग) की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 09.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दि0–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समयः– | 09.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक | | | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समयः– | 11.03.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् | | | | |
| F | तकनीकी बीड खोलने का स्थानः– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। | | | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/ पदनामः– | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग। | | | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0ः– | 06546-262291 | | | | |
| I | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0ः– | 0651-2480345 | | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, हजारीबाग।

PR 320816 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)




# हमलावरों को कानून का खौफ नहीं

हरियाणा के बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि वे किसी नेता की हत्या करने से भी नहीं हिचक रहे। कई बार घटना की प्रकृति से भी पता चलता है कि हमलावर कानून से कितने बेखौफ हैं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कार से पीछा करके अपराधियों ने सरेआम ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिसमें नफे सिंह की जान चली गई और उनके कई सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। घायल हुए एक अन्य कार्यकर्ता को भी नहीं बचाया जा सका।हालांकि इस हत्याकांड की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, मगर अब घटना के बाद एक रस्म की तरह पुलिस ने आरोपियों को जल्दी पकड़ लेने का भरोसा दिया। विंडबना है कि ऐसे आश्वासन अगर पूरे हो भी जाते हैं तो अगली घटनाओं को रोकने के लिए सबक नहीं बन पाते। सवाल है कि ऐसी नौबत आने से पहले सरकार और प्रशासन की ओर से समय पर ऐसे कदम क्यों नहीं उठाए जाते, जिससे अपराधों पर लगाम लगाई जा सके!ऐसी घटनाओं में एक आम आशंका यह उभरती है कि क्या इसके पीछे राजनीतिक खींचतान, आपसी रंजिश या फिर महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव मुख्य कारण है। यह नफे सिंह राठी की हत्या के संदर्भ में अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, मगर उनके बेटे ने इसके पीछे राजनीतिक साजिश होने का दावा किया और कहा कि ऐसे लोग हैं जो उनके पिता को विधायक के रूप में नहीं देखना चाहते थे।इस मामले में प्रशासनिक तंत्र की कोताही इस रूप में सामने आई है कि खबरों के मुताबिक राठी पर पहले भी हमले हुए थे और लगातार धमकियां दी जा रही थीं। इसके बावजूद सरकार की ओर से उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई थी। अगर इस अपराध की साजिश पहले रची गई थी, तो प्रशासन इसे भांपने में कैसे नाकाम रहा? यह संभव है कि राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा या आपसी रंजिश के तहत एक नेता की हत्या कर दी गई हो, लेकिन यह साफ है कि अगर सरकार ने समय पर जरूरी कदम उठाए होते, तो इस वारदात को रोका जा सकता था।

# संदेशखाली- कोर्ट के डंडे से पहले अपने नेताओं की तालिबानी हरकतों पर क्यों चुप रहीं ममता दीदी?

( नवीन कुमार पाण्डेय)

संदेशखाली को शायद ही कोई भूल पाए। वहां के दर्जनों परिवार शेख शाहजहां और उनके गुंडों की हैवानियत के शिकार हुए हैं। हैरानी की बात तो यह है कि ऐसी सरकार महिलाओं की आबरू के लुटेरों को सुरक्षा कवच दे रही है जिसका नेतृत्व एक महिला के हाथों में है। संदेशखाली का शैतान शेख शाहजहां 52वें दिन भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। वो भी तब, जब कोलकाता हाई कोर्ट संदेशखाली कांड में न्यायोचित कदम उठाने में आनाकानी को लेकर ममता बनर्जी सरकार को लताड़ लगा चुकी है। बार-बार की फटकार के बाद भी ममता सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। हां, उन्होंने अपने राजनीतिक समीकरणों के मद्देनजर कुछ कदम जरूर उठाए हैं लेकिन उनमें न्याय दिलाने का मकसद कहीं दिख रहा।

सोचिए, एक सरकार पर अपनी देखरेख में अपनी ही प्रजा को अत्याचार की आग में झोंक देने के गंभीर आरोप लगें तो यह चुनावी लोकतंत्र पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। प्रश्न यह कि क्या चुनावों में वोट पाने के लिए दबंग समुदाय को कुछ भी करने की छूट मिलेगी? क्या कोई खास समूह या समुदाय, वोट बैंक की ब्लैकमेलिंग से राजनीतिक दलों को अपना गुलाम बना लेंगे? क्या सरकारें किसी वोट बैंक के हाथ से निकल जाने के डर से किसी की तालिबानी हरकतें भी बर्दाश्त करेंगी?

शेख शाहजहां पश्चिम बंगाल का कोई बड़ा नेता नहीं है। वो तो मामूली जिला परिषद सदस्य है। हां, यह जरूर है कि उसकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रदेश में सरकार है। मतलब, सरकार हो तो एक छुटभैया नेता भी इतना खूंखार हो सकता है, यह पश्चिम बंगाल के सिवा शायद ही कहीं देखने को मिले! हालांकि, नेता छुटभैया हो या कद्दावर, किसी को आम नागरिकों की जमीनें और महिलाओं की इज्जत लूटने की छूट नहीं मिल सकती है। फिर भी माना जाता है कि ताकत के नशे में लोग हैवानियत की हदें पार कर जाते हैं। सोचिए, जब टीएमसी का जिला परिषद सदस्य इतना ताकतवर हो सकता है तो पार्टी के कद्दावर नेताओं का दुस्साहस किस तरह सातवें आसमान पर होगा!

आखिर हो भी क्यों नहीं? ममता सरकार ने जब सीबीआई की टीम को गिरफ्तार करवा दिया था, तभी टीएमसी के अराजक तत्वों को संदेश चला गया होगा कि वे सिस्टम को अपना गुलाम बना लें, फिर भी सरकार से उन्हें संरक्षण मिलता रहेगा। यही वजह है कि शेख शाहजहां ने स्थानीय प्रशासन को कब्जे में कर रखा था। विभिन्न मीडिया संस्थानों की रिपोर्टों में दावा किया गया है कि संदेशखाली के पीड़ित पुलिस से शिकायत करते तो पुलिस पहले आरोपी की डीटेल शाहजहां या उसके करीबियों के साथ साझा करती थी। शाहजहां और उसकी टीम की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद ही पुलिस कोई कार्रवाई करती थी, वरना नहीं। यह कैसा लोकतंत्र है? अगर ममता सरकार ने शाहजहां की शैतानी पर पहले ही रोक लगा दी होती तो वह राशन कार्ड घोटाले की जांच के सिलसिले में शाहजहां के घर छापेमारी करने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हिंसक हमला करवाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता।

लेकिन ममता सरकार के कहने ही क्या, शाहजहां के खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर, उलटे शिकायतों की जांच के लिए संदेशखाली जा रही केंद्र सरकार की फैक्ट फाइंडिंग टीम को ही गिरफ्तार करवा दिया। इतना ही नहीं, अफवाह उड़ा दी गई कि कोलकाता हाई कोर्ट ने शाहजहां की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। हाई कोर्ट को यह पता चला तो उसने टीएमसी सरकार की खूब खिंचाई की और कहा कि शाहजहां को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। तब टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने 25 फरवरी को कहा कि शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हाईकोर्ट ने इस बात पर भी हैरानी जातई कि संदेशखाली में क्या हो रहा है, इसकी सूचना पुलिस को सालों पहले दी गई थी और मामलों को 42 आरोप पत्रों में बदलने में चार साल लग गए।

वो तो विपक्षी बीजेपी ने संदेशखाली कांड की गंभीरता को समझते हुए मुखरता से आवाज उठाई और ममता बनर्जी सरकार को कुछ कदम उठाने पड़े। विपक्ष के दबाव में स्थानीय टीएमसी नेता अजित मैती और शिव प्रसाद हाजरा उर्फ शीबू हाजरा को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ 70 शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने एफआईर दर्ज की। लेकिन शाहजहां और उसका भाई शेख सिराजुद्दीन आज भी अरेस्ट नहीं हुआ है। सवाल फिर से वही है क्या ममता सरकार मुस्लिम समुदाय का वोट बैंक खिसकने के डर से इन दोनों भाइयों को हाथ लगाने की हिम्मत अब तक नहीं जुटा सकी है ।

जबकि हिंदू आरोपियों पर कार्रवाई हो गई?

प. बंगाल में न केवल बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की घुसपैठ करवाने के आरोप लगते रहे हैं बल्कि ये भी दावे किए जाते हैं कि मुस्लिम घुसपैठियों को ममता सरकार और टीएमसी कार्यकर्ताओं की तरफ से सारी सहूलियतों के साथ-साथ आधार कार्ड बनवाने तक में मदद की जा रही है।

# विज्ञान क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगी

**भारत ऋषि परंपरा का देश रहा है। युग को चार भागों में विभाजित किया गया है– सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग। ये सभी युग अपनी विशेष तकनीकी और प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। प्राचीन भारत में विज्ञान का विकास तब हो चुका था। प्राचीन भारत के लोगों में विज्ञान के प्रति गहरी रूचि थी। उपनिषद में उल्लेख है कि प्राचीन भारतीय लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक रहते थे। वायु स्थिर क्यों नहीं रह सकती ? मनुष्य का मस्तिष्क विश्राम क्यों नहीं करता ? पानी क्यों और किसकी खोज में बहता है? प्राचीन भारत के लोगों का दर्शन से घनिष्ठ सम्बन्ध था। दर्शन का सम्बन्ध अनुभूति से है।**

(डॉ. शंकर सुवन सिंह)

आयुर्वेदाचार्य चरक ने 'चरक संहिता' लिखा था। इसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों की व्याख्या की गई है। जिन्हें सही मात्रा और तरीके से प्रयोग करने के उपाय भी दिए गए हैं। आयुर्वेद के माध्यम से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग किया जा सकता है।

भारत ऋषि परंपरा का देश रहा है। युग को चार भागों में विभाजित किया गया है- सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलयुग। ये सभी युग अपनी विशेष तकनीकी और प्रौद्योगिकी के लिए जाने जाते हैं। प्राचीन भारत में विज्ञान का विकास तब हो चुका था। प्राचीन भारत के लोगों में विज्ञान के प्रति गहरी रूचि थी। उपनिषद में उल्लेख है कि प्राचीन भारतीय लोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए बहुत उत्सुक रहते थे। वायु स्थिर क्यों नहीं रह सकती ? मनुष्य का मस्तिष्क विश्राम क्यों नहीं करता ? पानी क्यों और किसकी खोज में बहता है? प्राचीन भारत के लोगों का दर्शन से घनिष्ठ सम्बन्ध था। दर्शन का सम्बन्ध अनुभूति से है। प्राचीन काल के ऋषि मुनियों ने अपनी अनुभूतियों के द्वारा नए नए आविष्कार को जन्म दिया। इसका एक उदाहरण त्रेतायुग का पुष्पक विमान है।

ऋषि वाल्मीकि की रामायण के अनुसार, पुष्पक विमान का प्रारूप एवं निर्माण विधि ब्रह्म ऋषि अंगीरा ने बनाई थी। पुष्पक विमान की कार्य क्षमता और उसके निर्माण का श्रेय भगवान् विश्वकर्मा को जाता है। तत्पश्चात भगवान् विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान को भगवान् ब्रह्मा को उपहार स्वरूप सौंप दिया था। उसके बाद ब्रह्मा ने यह विमान कुबेर को भेंट स्वरूप दे दिया था। रावण ने अपने छोटे भाई कुबेर से बलपूर्वक उसकी सोने की नगरी लंका और पुष्पक विमान को ले लिया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह विमान मन्त्रों के जरिये चलता था। ये विमान एक प्रकार का अंतरिक्ष यान था। ये सोने की धातु का बना था। इसे अपने मन की गति से असीमित चलाया जा सकता था। यह विमान यात्रियों की संख्या और वायु के घनत्व के अनुसार अपना आकार छोटा या बड़ा कर सकता था। पुष्पक विमान की शक्ति और क्षमता के आगे आधुनिक विमान तुच्छ प्रतीत होता है। पुष्पक विमान का विद्युत चुम्बकीय प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि यदि आज के समय में ये उड़ान भरे तो विद्युत और संचार जैसी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो जाएगी। हाल ही में 5000 वर्ष पुराने विमान को अफगानिस्तान की गुफाओं में पाया गया है।

दावा किया जाता है कि ये पुष्पक विमान ही है। यह जहां पाया गया है वहाँ इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव (विद्युत चुंबकीय तरंग) का प्रभाव बहुत ज्यादा था जिसकी वजह से इस यान के पास जा कर कोई भी व्यक्ति वापस नहीं लौटा। पौराणिक कथाओं के अनुसार पुष्पक विमान स्ट्रेंज एनर्जी (अजीब ऊर्जा) से घिरा हुआ रहता था। श्रीलंका में भी रावण के सोने की लंका को पुरातत्व विभाग ने खोज लिया है और रामायण काल के 50 स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। इससे साबित होता है कि त्रेतायुग में स्वदेशी तकनीकी या प्रौद्योगिकी बहुत विकसित थी। आधुनिक वायुयान का आविष्कार दो अमेरिकी भाई (राइट ब्रदर्स) ओरविल और विल्बर ने 17 दिसंबर, 1903 को किया था। भारत का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता से प्रारंभ होता है जिसे हम हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जानते हैं। यह सभ्यता लगभग 2500 ईस्वी पूर्व दक्षिण एशिया के पश्चिमी भाग मैं फैली हुई थी, जोकि वर्तमान में पाकिस्तान तथा पश्चिमी भारत के नाम से जाना जाता है। सिंधु घाटी सभ्यता मिस्र, मेसोपोटामिया, भारत और चीन की चार सबसे बड़ी प्राचीन नगरीय सभ्यताओं से भी अधिक उन्नत थी। वर्ष 1920 में,



भारतीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा किये गए सिंधु घाटी के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से हड़प्पा तथा मोहनजोदडो जैसे दो प्राचीन नगरों की खोज हुई। हड़प्पा सभ्यता की खोज दयाराम साहनी ने वर्ष 1921 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के तट पर स्थित है। मनुष्य के शरीर की बलुआ पत्थर की बनी मूर्तियाँ, अन्नागार और बैलगाड़ी हड़प्पा सभ्यता की महत्वपूर्ण खोज है। मोहन जोदड़ो जिसे मृतकों का टीला भी कहा जाता है। इसकी खोज राखलदास बनर्जी ने वर्ष 1922 में की थी। यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। विशाल स्नानागर, अन्नागार, कांस्य की नर्तकी की मूर्ति, पशुपति महादेव की मुहर, दाढ़ी वाले मनुष्य की पत्थर की मूर्ति और बुने हुए कपड़े मोहनजोदड़ो सभ्यता की महत्वपूर्ण खोजें हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि प्राचीन भारतीय स्थल शिल्पकारी, भवन निर्माण या वास्तुविद आदि जैसी तकनीकियों के प्रमाण हैं। प्राचीन भारत में सारी तकनीकियां स्वदेशी हुआ करती थी। प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं में तकीनीकी का इस्तेमाल कर स्वदेशिता को बढ़ावा दे सकते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण आयुर्वेद है। आयुर्वेद शास्त्र का विकास उत्तरवैदिक काल में हुआ था।

आयुर्वेदाचार्य चरक ने 'चरक संहिता' लिखा था। इसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए आयुर्वेदिक औषधियों की व्याख्या की गई है। जिन्हें सही मात्रा और तरीके से प्रयोग करने के उपाय भी दिए गए हैं। आयुर्वेद के माध्यम से स्वदेशी तकनीकी का उपयोग किया जा सकता है। ऋग्वेद में ऋचाओं का संकलन है जिनके मंत्रोच्चार से शरीर स्वस्थ्य और स्फूर्तिवान होता है। ऋग्वेद के ज्ञान से भी स्वदेशी हुआ जा सकता है। सामवेद संगीत का संकलन है जो आपको नवीनता देता है। यजुर्वेद में यज्ञ आदि कर्मकांडों का विवरण मिलता है जिससे वातावरण और समाज शुद्ध होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि हिंदू धर्म के चारों वेद स्वदेशी होने का अच्छा उदाहरण हैं। आध्यात्मिक बल पर प्राप्त की गई शक्तियों का सबसे अच्छा उदाहरण पुष्पक विमान और हमारे वेद हैं। अपने देश में निर्मित वस्तु, विचार, अध्यात्म और प्रकृति आदि कारक स्वदेशी होने को परिलक्षित करते हैं। प्राचीन भारत सिर्फ आध्यात्मिक दर्शन के बल पर विकसित था और आज का भौतिक दर्शन के बल पर विकाशशील है। जब भारत में आध्यात्मिक दर्शन, भौतिक दर्शन के साथ कदम मिलाकर चलेगा तब भारत विकासशील से विकसित भारत हो जाएगा। अध्यात्म आपकी कार्य क्षमता को बढ़ाता है। विज्ञान एक खोज है। खोज, बिना अध्यात्म के सम्भव नहीं है। अध्यात्म विज्ञान को बल प्रदान करता है। वास्को डी गामा ने मई 1498 में भारत की खोज की। वह अटलांटिक महासागर के माध्यम से भारत पहुंचने वाले पहले यूरोपीय थे। वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की यह विज्ञान का हिस्सा है। एडिसन ने बल्ब का आविष्कार किया यह तकनीकी या प्रौद्योगिकी का हिस्सा है। कहने का तात्पर्य विज्ञान, खोज (डिस्कवरी) पर आधारित होता है। प्रौद्योगिकी या तकनीकी, आविष्कार पर आधारित होता है। विज्ञान साक्ष्य के आधार पर एक व्यवस्थित पद्धति का पालन करते हुए प्राकृतिक और सामाजिक दुनिया के ज्ञान और समझ की खोज और अनुप्रयोग है। प्रौद्योगिकी व्यावहारिक उद्देश्यों या अनुप्रयोगों के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग है, चाहे वह उद्योग में हो या हमारे रोजमर्रा के जीवन में। इसलिए, मूल रूप से, जब भी हम किसी विशिष्ट उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करते हैं, तो हम प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे होते हैं। थॉमस एडिसन को प्रौद्योगिकी के जनक के रूप में जाना जाता है। गैलीलियो को विज्ञान का जनक कहा जाता है। विज्ञान के विकास से प्रौद्योगिकी का विकास होता है क्योंकि बहुत सारी प्रौद्योगिकियाँ वैज्ञानिक सिद्धान्तों पर आधारित होतीं हैं। 28 फ़रवरी 1928 को भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन ने रमन प्रभाव (रमन इफ़ेक्ट) के खोज की घोषणा की थी। अतएव राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक वर्ष की फ़रवरी माह के 28 तारीख को मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का प्रसंग/थीम है- विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी। स्वदेशी, स्वाभिमानी और स्वावलम्बन स्वतंत्रता का प्रतीक हैं। स्वदेशी तकनीकी अर्थात अपने देश में निर्मित तकनीकी का इस्तेमाल करना या कराना। जब हम अपने आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ किसी भी स्वदेशी तकनीकी का इस्तेमाल करते हैं तो विकास की पूरी संभावना होती है। बिना अध्यात्म का विकास, विनाश का कारण बनता है। भारत एक आध्यात्मिक देश है। अतएव यहां स्वदेशी तकनीकी का इस्तेमाल भारत को पूर्णरूप से विकसित भारत की श्रेणी में खड़ा करेगा। भारत का चंद्रयान-3 मिशन स्वदेशी तकनीकी का सबसे ज्यादा जीता जागता उदाहरण है। चंद्रयान-3 भारत का एक महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन था जो 24 अगस्त, 2023 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, चंद्रयान 3 रोवर प्रज्ञान लैंडर से नीचे उतर गया था और भारत ने चंद्रमा पर सैर की। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश हो गया है। चंद्रयान-3 चाँद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का भारत का दूसरा प्रयास था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीकी का प्रयोग भारत के लिए राम बाण साबित होगा। अभी हाल ही में तीन स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियां- थर्मल कैमरा, सीएमओएस कैमरा और फ्लीट मैनेजमेंट सिस्टम- 4 फ़रवरी 2024 को भारत में 12 उद्योगों को हस्तांतरित कर दी गईं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत ञ्च 2047 पहल के नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय की दिशा में एक कदम है। पहली तकनीकी- थर्मल स्मार्ट कैमरे में विभिन्न एआई आधारित एनालिटिक्स चलाने के लिए एक इनबिल्ट डीपीयू है। स्वदेशी प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग स्मार्ट शहरों, उद्योगों, रक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभिन्न कार्य क्षेत्रों के लिए लक्षित किया गया है। इस कैमरे का क्षेत्रीय कार्यान्वयन, परीक्षण और सत्यापन सड़क यातायात अनुप्रयोगों के लिए किया गया था। प्रौद्योगिकी को एक साथ निम्नलिखित आठ उद्योगों में हस्तांतरित किया गया था।

# दक्षिण में भी पूरा दम लगाती भाजपा

**इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिणी राज्यों में लगातार दौरे कर रहे हैं और विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। अपने मंत्रियों को भी लगातार इन राज्यों में भेज रहे हैं और उनसे लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताने को कह रहे हैं। पार्टी ने उचित ही सबसे ज्यादा ध्यान कर्नाटक पर लगाया है, जहां से पिछले आम चुनाव में उसे 26 सीटें मिली थीं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की दुखद पारी के बाद पार्टी ने खुद को पुनर्गठित करने में कुछ वक्त लिया और अंत में हाशिये पर धकेल दिए गए बीएस येदियुरप्पा पर फिर से भरोसा करना उचित समझा। उनको न सिर्फ फिर से जिम्मेदारी दी गई है, बल्कि उनके बेटे बी वाई विजयेंद्र को राज्य भाजपा प्रमुख बनाया गया है। भाजपा को लगता है कि इससे लिंगायतों के वोट उसे वापस मिल सकते हैं, जो एक दबदबे वाली जाति है।**

(एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)

आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को दक्षिण भारत की सियासी पिच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर ज्यादा भरोसा है। पार्टी पांचों दक्षिणी राज्यों में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए अलग-अलग रणनीति पर काम कर रही है। यहां दांव पर 130 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा ने 2019 के चुनाव में 30 सीटों पर बाजी मारी थी। इनमें से कर्नाटक में उसे सर्वाधिक 51 प्रतिशत मत हासिल हुए थे, जबकि तमिलनाडु में सबसे कम 3.71 प्रतिशत। पुडुचेरी में उसने किसी को मैदान में नहीं उतारा था। पांचों दक्षिणी राज्यों में भाजपा का मत-प्रतिशत करीब 20 था, लेकिन पुडुचेरी को मिलाने के बाद यह घटकर 16.5 प्रतिशत हो जाता है। इस साल पार्टी ने देश भर में 50 प्रतिशत मत हासिल करने का लक्ष्य बनाया है, जिसके लिए वह उत्तर ही नहीं, दक्षिण भारत में भी खूब मेहनत कर रही है।

इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिणी राज्यों में लगातार दौरे कर रहे हैं और विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। अपने मंत्रियों को भी लगातार इन राज्यों में भेज रहे हैं और उनसे लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताने को कह रहे हैं। पार्टी ने उचित ही सबसे ज्यादा ध्यान कर्नाटक पर लगाया है, जहां से पिछले आम चुनाव में उसे 26 सीटें मिली थीं। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की दुखद पारी के बाद पार्टी ने खुद को पुनर्गठित करने में कुछ वक्त लिया और अंत में हाशिये पर धकेल दिए गए बीएस येदियुरप्पा पर फिर से भरोसा करना उचित समझा। उनको न सिर्फ फिर से जिम्मेदारी दी गई है, बल्कि उनके बेटे बी वाई विजयेंद्र को राज्य भाजपा प्रमुख बनाया गया है। भाजपा को लगता है कि इससे लिंगायतों के वोट उसे वापस मिल सकते हैं, जो एक दबदबे वाली जाति है।

एक अन्य रणनीतिक कदम के तहत यह पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (एस) के साथ गठबंधन करने जा रही है और उसे पांच सीटों की पेशकश की है। पार्टी का मानना है कि इससे मैसूर क्षेत्र में वोक्कालिगा के कुछ वोट उसकी झोली में आ सकते हैं। यह स्थिति 2019 के चुनाव से अलग है, जब पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया था और जद (एस) व कांग्रेस साथ थे।

पिछले विधानसभा चुनाव में हिजाब, हलाला और लव जेहाद जैसे मुद्दों को उठाने वाली भाजपा इस बार हिंदुत्व पर कुछ नरम नजर आ रही है। उसके बजाय संघ परिवार के लोग हनुमान ध्वज को लेकर अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। उधर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आर्थिक संसाधनों के जायज बंटवारे का मुद्दा उठाकर केंद्र सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगा रहे हैं। वैसे, भाजपा के मजबूत राष्ट्रवाद के विरुद्ध उप-राष्ट्रवाद (किसी जाति या स्थानीय आकांक्षा) को आगे बढ़ाने का प्रयास केरल और तमिलनाडु जैसे पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री भी कर रहे हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी तो इस तरह के एजेंडे को कहीं अधिक सूक्ष्म रूप से आगे बढ़ा रहे हैं।

केरल में भाजपा 2019 में दोहरे अंकों में मत-प्रतिशत पाने में सफल रही थी, लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिल सकी थी। इस बार पार्टी अपना खाता खोलने के लिए कुछ सीटों पर ही ध्यान लगा रही है। पार्टी का मानना है कि पूरे प्रदेश में मत प्रतिशत बढ़ाने के बजाय कुछ खास निर्वाचन क्षेत्रों पर प्रयास करना उसके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। इस बार वह तिरुवनंतपुरम, त्रिशूर और पथानामथिट्टा जैसी सीटों पर काम कर रही है, जहां वह या तो दूसरे स्थान पर थी या कांग्रेस व माकपा के बाद तीसरे पायदान पर। मोदी के करिश्मे के अलावा, अभिनेता सुरेश गोपी को टिकट देकर पार्टी यहां 'स्टार पावर' पर भी भरोसा कर रही है, जो त्रिशूर विधानसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को 31 तक बढ़ाने में कामयाब रहे हैं। भाजपा की तरह माकपा भी थॉमस इसाक और शैलजा टीचर जैसी प्रभावी शख्सियतों को मैदान में उतारकर अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है। मगर ऐसा लगता है कि यह पहल काम नहीं कर रही, क्योंकि उनमें से कई ने चुनाव लड़ने में अनिच्छा दिखाई है। रही बात कांग्रेस की, तो वह राहुल गांधी की छवि पर भरोसा कर रही है, क्योंकि उनके फिर से वायनाड से चुनाव लड़ने की संभावना है। केरल में मतदाता लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों में अलग-अलग पैमाने पर प्रतिनिधि चुनते हैं। राज्य में जहां उनका भरोसा पी विजयन पर है, तो लोकसभा के लिए वह राहुल गांधी के साथ जा सकते हैं, फिर चाहे वह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार न भी हों। तेलंगाना में भाजपा को 2019 में चार सीटें मिली थीं और इस बार वह इसे बढ़ाने को उत्सुक है। मगर विधानसभा चुनावों में बीआरएस के साथ अंदरखाने तालमेल का उसका फैसला कोई काम नहीं कर सका, इसलिए इस बार वह दुविधा में दिख रही है। 2019 में कांग्रेस वहां खस्ताहाल थी, पर इस बार वह एक मजबूत ताकत है। इसीलिए, तेलंगाना का चुनावी दंगल काफी दिलचस्प होने वाला है। रेवंत रेड्डी न सिर्फ बीआरएस नेता चंद्रशेखर राव के प्रभाव को खत्म करने की कोशिश में जुटे हैं, बल्कि अपने काडरों को भी काफी उत्साहित कर रहे हैं, जो अब भाजपा से मुकाबले के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। आंध्र प्रदेश भी इन सबसे अलग नहीं है। यहां मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला रेड्डी की अचानक आमद के बाद राजनीति में हलचल मच गई है। अपनी पार्टी का विलय करने और राज्य कांग्रेस प्रमुख बनने के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया है और अपने भाई को हटाने के अपने दुस्साहसिक प्रयासों से हर रोज सुर्खियां बटोर रही हैं। यहां 2019 में भाजपा का मत-प्रतिशत था 11.70, लेकिन उसे कोई सीट नहीं मिली थी। छह महीने पहले उसके लिए धर्मसंकट तब पैदा हो गया था, जब टीडीपी और वाईएसआर कांग्रेस, दोनों पार्टियां उसके साथ गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही थीं। तमिलनाडु में भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त जोश भर दिया है, उम्मीद है कि यहां पार्टी का मत प्रतिशत 3.71 की तुलना में दोहरे अंक में पहुंच सकता है। मगर द्रमुक गठबंधन यहां मजबूत स्थिति में दिख रहा है, क्योंकिअन्नाद्रमुक व भाजपा का साथ टूट चुका है, इसलिए यहां विपक्ष बिखरा हुआ है। कुल मिलाकर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी को कमी नजर आएगी, वहां-वहां प्रधानमंत्री मोदी को ही बतौर 'ब्रह्मास्त्र' पेश किया जाएगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# राजकीय मध्य विद्यालय बेन्दगी से सेवानिवृत्त हुए सुरेश प्रसाद रजक को दी गई भावभीनी विदाई



**प्रतिनिधि, बरही।** बरही प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय बेन्दगी से सेवानिवृत्त हुए सुरेश प्रसाद रजक को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद व संचालन विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार साव ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक रिजवान अहम ने कहा कि विद्यालय परिवार सेवानिवृत्त हुए सुरेश प्रसाद रजक के कार्यों को सदैव याद रखेगा। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान उनके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ये सेवानिवृत्त जरूर हुए हैं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। उनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। सभी ने उन्हें फूल माला पहनाकर उनके सेवाकाल की चर्चा की। विदाई सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत प्रधानाध्यापक के विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किए। वही कहा कि सेवा में आने वाला का सेवानिवृत होना एक परंपरा है, जिसका हर किसी को पालन करना ही है। इनका शिक्षको और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा। आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। सबने उनकी दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन की कामना किया। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि इस मौके पर इतनी भीड़ उनके स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का एक उपहार है। तत्पश्चात प्रभारी प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद ने सेवानिवृत्त हुए सुरेश प्रसाद रजक को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश साव, संयोजिका किरन कुमारी, रसोइया, शिक्षिका लक्ष्मी देवी, सरिता कुमारी, रेखा कुमारी, महेश कुमार, राजेश रंजन सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज़

- **पहले दिन फुटबॉल, हाई जंप और कैरम बोर्ड की प्रतियोगिताएं हुई आयोजित**
- **स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ मन निवास करता है : डॉ मुनीष गोविंद**



**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने मशाल जलाकर इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों में समावेशी विकास के मद्देनजर शिक्षा के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। ऐसे में सभी विभागों के विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग खेल के मैदान में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित अन्य कार्यों में हिस्सेदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। डीएसडब्ल्यू डॉ एसआर रथ ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से परंपरागत और स्थानीय खेलों को भी वार्षिक खेलकूद के जरिए बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल अध्यक्ष उदय रंजन ने बताया कि पहले दिन गुरुवार को फुटबॉल, 100 मीटर दौड़ और कैरम बोर्ड की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आगामी 2 मार्च को समापन के मौके पर सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक आदित्य कुमार, संययोजक रविकांत कुमार, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार दांगी, पंकज प्रज्ञा, राहुल राजवार, अजीत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पीएम के कार्यक्रम के लिए आईपीआरडी में तीन अधिकारियों की तैनाती

**धनबाद।** प्रधानमंत्री के धनबाद आगमन पर जिले के आईपीआरडी में तीन अधिकारियों की तैनाती की गई है। तीनों की तैनाती निदेशालय स्तर से की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धनबाद के नए डीपीआरओ सुनील कुमार ने स्वास्थ्य कारणों के कारण पदभार नहीं संभाला है। धनबाद में डिप्टी डायरेक्टर उत्तरी छोटानागपुर आनंद कुमार, रांची की डीपीआरओ उर्वशी पांडेय तथा बोकारो के डीपीआरओ साकेत पांडेय को तैनात किया गया है। मालूम हो कि आनंद कुमार पूर्व में धनबाद के डीपीआरओ रह चुके हैं। उर्वशी पांडेय भी धनबाद की निवर्तमान डीपीआरओ रही हैं। तीनों अधिकारियों ने धनबाद में काम संभाल लिया है। प्रधानमंत्री एक मार्च को धनबाद आ रहे हैं। इस दिन प्रधानमंत्री सिंदरी में हर्ल खाद कारखाने का उद्घाटन करेंगे तथा धनबाद के बरवाअड्डा हवाईपट्टी पर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है।

# हर्ल में उद्घाटन से पहले 10 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन ~एमडी

**धनबाद/सिंदरी।** हिन्दुस्तान उर्वरक व रसायन लिमिटेड (हर्ल) के प्रबंध निदेशक एसपी मोहंती ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी महत्वाकांक्षी उर्वरक प्रोजेक्ट सिंदरी का उद्घाटन एक मार्च को करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सिंदरी स्पंदन क्लब में बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 8939.25 करोड़ रुपए की लागत से लगभग चार साल में निर्मित हर्ल प्रोजेक्ट से इस साल 10 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हो चुका है। आने वाले वर्षों में हम यूरिया का निर्धारित लक्ष्य सालाना 12 लाख मीट्रिक टन को हासिल कर लेंगे। एमडी ने बताया कि हर्ल की तीनों यूनिट सिंदरी, बरौनी और गोरखपुर से लगभग 32.50 लाख मिट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हो चुका है।

**वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना आयोजित**

# सत्ताधारी नेता झूठे आश्वासन दे रहे हैं : महेश्वर साहु

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा ओबीसी को 27प्रतिशत आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों के 10 लाख रुपए तक की ऋण माफी, वैश्य समुदाय की लूटी गई जमीन वापस करने सहित अन्य मांगों को लेकर विधानसभा भवन (कुट्टे ग्राम मैदान) के समक्ष %चेतावनी महाधरना% का आयोजन किया गया। इस महाधरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद ने किया।

महाधरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड में




पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। सत्ताधारी नेता झूठे आश्वासन दे रहे हैं। हमारी नौकरियों को किसी और को दिया जा रहा है। ओबीसी के छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा में सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सरकार को समझना चाहिए कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण से वंचित करना डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान की अवहेलना है। जब तक ओबीसी को 27प्रतिशत आरक्षण नहीं मिल जाता है, वैश्य मोर्चा लड़ाई जारी रखेगी। अब गांव और प्रखंड स्तरीय अभियान चला कर सत्ताधारी नेताओं की पोल खोला जायेगा। लोकसभा चुनाव में सबक सिखाया जायेगा।

कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी रेखा मंडल ने कहा कि वैश्य मोर्चा झारखंड के वैश्य एवं पिछड़ों की लड़ाई लड़ रही है। हम लोग साथ खड़े हैं। जब तक हक नहीं मिलेगा, लड़ाई जारी रहेगी।

कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु ने कहा कि हम लोग वैश्य एवं पिछड़ों को लाभ दिलाने के लिए अलग राज्य की लड़ाई लड़े थे, लेकिन हमारा ही हक अधिकार छीना जा रहा है। इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हाइकोर्ट के अधिवक्ता योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संविधान और कानून से ऊपर कोई नहीं है। अगर सरकार तत्काल निर्णय नहीं लेती है तो कानून का सहारा लिया जायेगा। महाधरना के अंत में प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से मांग की गई कि चालू विधानसभा के सत्र में ही ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, जाति आधारित जनगणना, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों की लूटी गई जमीन वापस करने आदि मुद्दों पर सकारात्मक पहल की जाए।

इस कार्यक्रम में वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, अश्विनी साहु, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, दिनेश्वर मंडल, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन, गुड्डू साहा, शिव नंदन प्रसाद, राजीव कुमार, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, भुनेश्वर साव,राजेश साव, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहु, बसंत प्रसाद साहु, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, महासचिव दिवाकर साहु, पवन साहु, सुबोध कुमार, मुकेशलाल सिंदूरिया, उमेश ठाकुर, ओम प्रकाश साव सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बादम में 5 करोड़ की लागत से बनने वाले पुल का रविवार को अंबा प्रसाद करेंगे शिलान्यास

**प्रतिनिधि, बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बादम पंचायत भवन में कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर स्वीकृत हुई लगभग 5 करोड़ की लागत से बनने वाली उच्च स्तरीय पुल का आगामी रविवार को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी की गई। विदित हो कि बादम पंचायत के राउतपारा से बादम के बीच स्थित बदमाही नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण होना है।

पंचायत भवन में आहूत बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश इंटक सचिव अंकित राज भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने एवं संचालन पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव ने किया। बैठक के दौरान पंचायत के



विकास योजनाओं की समीक्षा की गई एवं कई विकास योजनाओं का चयन भी किया गया। वही कोर कमेटी के माध्यम से आए प्रस्ताव पर योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए अनुशंसा पत्र भी ग्रामीणों के बीच सोंपा गया। कोर कमेटी से आए प्रस्ताव के बाद विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत में होना है जिसमें मुख्य रूप से ग्राम बादम में कोमल साव के जमीन के बगल में पुलिया निर्माण, ग्राम बादम में में रोड से इमाम के घर तक पीसीसी पथ, ग्राम बादम में मोबीउल्लाह के घर से अली राजा के घर तक पीसीसी पथ,ग्राम बादम में दोहरवा नाला में पुलिया निर्माण, ग्राम बादम में केदार साव के घर से उमेश साव के घर तक पीसीसी पथ, ग्राम बादम में हेमा साव के घर से रामु ठाकुर के घर तक नाली निर्माण, ग्राम बादम में शिवलाल राम के घर से देवी मंडप तक पीसीसी, ग्राम बादम में अकलू साव के खेत के सामने पुलिया निर्माण, राउतपारा में शमशान घाट पथ में जुगल राम के खेत के बगल से शमशान घाट तक पीसीसी एवं गाडवाल व राउतपारा में शमशान घाट पथ में लोकनाथ महतो के खेत के बगल से जुगल राम के घर तक पीसीसी एवं गाडवाल निर्माण होगा। मौके पर मुख्य रूप से इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज,प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, शमशेर आलम, पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव, फिरोज,उमाशंकर कुमार ,विक्रम गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सीसीएल के सीएमडी डॉ.बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की



**वरीय संवाददाता रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधान सभा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से उन्होंने कोयला के उत्पादन एवं प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मार्गदर्शन का आग्रह किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य प्राप्त होने से राज्य को राजस्व की प्राप्ति में वृद्धि होगी।

# ग्राहक चेतना ट्रस्ट और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से गैरकानूनी सिगरेट बरामद

**वरीय संवाददाता रांची।** ग्राहक चेतना ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई सूचना और खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस अधिकारियों के साथ एक संयुक्त अभियान में झारखंड के कई बाजारों में 12 फरवरी, 2024 को प्रतिबंधित सामग्री की पड़ताल की गई। राँची, रामगढ़ और बोकारो में 28 आउटलेट पर प्रतिबंधित सामग्री पाए जाने पर कार्रवाई की गई। रामगढ़ जिले में पिंटो पान शॉप पर विभिन्न ब्रांडों के प्रतिबंधित सिगरेट पैक जब्त किए गए और उस पर एक मामला दर्ज कर लिया गया। प्रतिबंधित सामग्री बेचने वाले अन्य लोगों और दुकानों को चेतावनी दी गई।इस छापेमारी के बारे में ग्राहक चेतना ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी श्री सुरेश कौशिक ने बताया, ÷इन मामलों में हमारे द्वारा दी गई जानकारी पर कार्रवाई करने और आगे बढ़ने के लिए हम कानून प्रवर्तन संस्था की सराहना करते हैं। इस कार्रवाई से ग़ैरक़ानूनी सप्लाई चेन को रोकने में मदद मिलेगी। हम भारत में अवैध नकली/ प्रतिबंधित वस्तुओं के बारे में उपभोक्ताओं की जागरूकता और शिक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिगरेट का ग़ैरक़ानूनी व्यापार जन स्वास्थ्य और समाज के लिए एक गंभीर व बढ़ता हुआ खतरा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होता है, वैधानिक व्यवसायों को नुकसान पहुँचता है, और उपभोक्ता ऐसे उत्पादों के संपर्क में आते हैं, जो किसी नियम के दायरे में नहीं। इसलिए, सिगरेट के गैरकानूनी व्यापार को रोका जाना और कड़े कदम उठाकर इस खतरे को दूर किया जाना बहुत जरूरी है।

# ब्लॉककर्मी व्यासमुनी गोप को भावभीनी के साथ दी गई विदाई

- **1985 में हुई थी पहली पोष्टींग चुरचू और रिटायरमेंट भी इसी प्रखण्ड से होना एक सौभाग्य की बात: बीडीओ**

**प्रतिनिधि, चुरचू।** प्रखण्ड मुख्यालय के मीटिंग भवन में गुरुवार को प्रखण्ड व अंचलकर्मियों के द्वारा कार्यरत ब्लॉककर्मी व्यासमुनी गोप की भावभीनी के साथ विदाई दी गई।

**कई कर्मियों व अधिकारियों के द्वारा शायरी के साथ -** विधायक प्रतिनिधि ने कहा की इनका पहला पोष्टींग भी चुरचू प्रखण्ड ही रहा और रिटायरमेंट भी इसी इसी प्रखण्ड से होना एक सौभाग्य की बात है।

वही सीआई अमर कुमार सिंहा ने कहा की सरकारी कर्मी का एक न एक दिन हम सभी को रिटायर होना है



।

इस अवसर पर कई अधिकारी व कर्मियों के द्वारा व्यासमुनी के कार्यो व उनके गुण के बारे में बतलाया गया। मुखिया जन प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया सहदेव किस्कू ने कहा की सरकारी कर्मी का एक न एक दिन रिटायरमेंट होना ही है लेकिन व्यासमुनी यादव का इसी ब्लॉक से ज्वाइन होना और इसी प्रखण्ड से रिटायरमेंट होना एक बहुत ही खुशी की बात है।

वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललीत राम ने कहा की व्यासमुनी गोप ब्लॉक व अंचलकर्मी के साथ एक घरेलू सम्बंध के तरह रहकर लोगों के बीच रहकर सेवा देने का काम किया। श्री राम ने कहा की व्यासमुनी गोप भले ही चतुर्थवर्गीय सेवा में ड्यूटी कर रहे थे लेकिन जानकार में काफ़ी धनी होने के कारण सभी अधिकारी व कर्मी के साथ एक वैचारिक सम्बन्ध रहने के कारण इनकी हमेशा कमी खलेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललीत राम , ब्लॉक बड़ाबाबू मनोज कुमार गिरी, अंचल बडाबाबू बद्री राम , सीआई अमर कुमार सिंहा , राजस्व कर्मी मुकेश कुमार , मनरेगा लेखापाल रीता कुमारी ,जेई अरुण कुमार सिंह , विशाल कुमार, त्रिदेव कुमार , झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष दीपनारायण महतो ,दीपक कुमार , आवास कॉ- डिनेटर सुनील कुमार , पंचायत सचिव अशोक राम , साने अहमद , संजीव कुमार , अनूप कुमार रवि , सहदेव कुमार , नागेश्वर यादव , राजेश यादव , विक्की डांग , अभय कुमार , राजकुमार , रामेश्वर राम सहित कई अंचल व ब्लॉक कर्मी आदि शामिल थे।

# विधायक भानु ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में किया 51जोड़ों की शादी

**प्रतिनिधि, भवनाथपुर(गढ़वा)।** टाउनशिप सीडी मैदान स्थित विवाह मंडप में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में भवनाथपुर विस क्षेत्र के गरीब असहाय 51 बहनो की शादी कार्यक्रम हुआ सम्पन्न। वहीं विधायक आवास पर गाजे बाजे के साथ द्वारपूजा का रस्म के बाद सीडी मैदान में बनाये गए विवाह मंडप में विद्वान पंडितो द्वारा वैद्धिक मंत्रोच्चार के साथ ही 51 जोड़ी नव दम्पतियों की शादी संपन्न कराया गया। विधायक भानु ने सपत्नीक चानी शाही के साथ कन्यादान किया। इस दौरान भानु ने नव दम्पतियों के विदाई में उपहार स्वरुप पलंग, पंखा के साथ अन्य फर्नीचर तथा जेवर सहित दैनिक उपयोग के सामान प्रदान किया। शादी मंडप स्थल पर पटना के लोकगीत गायिका सह दूरदर्शन कलाकार मन्दाकिनी मिश्रा की टीम ने शादी गीत व लोक गीत की प्रस्तुति दी। वहीं जिला पशुपालन पदाधिकारी विद्या सागर सिंह, प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी सतेंद्र नरायण सिंह, फॉरेस्ट विभाग रेंजर प्रमोद कुमार, समाज सेवी शिव पूजन यादव, संजय भगत, सेल पदाधिकारी राजेश कुमार, भगवान पनिग्रही, डोमन यादव, भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, सांसद प्रत्याशी जवाहर पासवान, शारदा महेश प्रताप देव, नंदकिशोर यादव,भगत दयानन्द यादव, राजीवरंजन तिवारी, कृपाल सिंह,



राजा सिंह, अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया, गुड्डू सिंह, मनु उपाध्याय, मधुलता कुमारी, वीणा चौरसिया, बिभूति चौबे, सोना किशोर यादव, सुनील सिंह, भानु गुप्ता, दयानन्द सोनी, प्रेम प्रकाश रमण, लक्ष्मण राम ने शादी स्थल पर पहुंच वर वधु को आशिर्वाद दिया। सामूहिक शादी को सफल बनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर एसडीओ रतन सिंह, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, इंस्पेक्टर रमोद कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार पुलिस बल के साथ विधि व्यवस्था बनाये रखने में मुस्तैद दिखे।

**एक दूजे के हुए 51 जोड़ी नवदंपति-** शादी स्थल पर जिन जोड़ों की शादी कराई गई उनमे रीना संग विकास, राधिका संग जितेंद्र, रंजू संग शैलेश, आशा संग सीता राम, रिंकी संग रोहित, प्रभा संग उमेश, रानी संग उदय, शैला संग रवि, सुचिता संग बीरबल, सिमा संग दीपक, खुशबू संग छोटे लाल, शीतला संग दशरथ, मीरा संग शिवा, जसो संग अजय, सिमा संग अरविंद, रीना संग नागेश्वर, प्रियंका संग अमित, ललिता संग कृष्णा, तीजा संग लालता, सुषमा संग अरविंद, विन्दा संग संजय, नीरू संग नीतीश, निर्मला संग शत्रुधन, निरसा संग संदीप, निशु संग शिबू, दिला संग राकेश, डिम्पल संग चंदन, सुमन संग श्रवण, ज्योति संग मिथलेश, रिंकू संग बीरेंद्र, अंजली संग राजेश, कांति संग सुनील, सिमा संग सुनील, खुशबू संग लवकुश, मनीता संग मनोज, रिंकी संग चंदु, आरती संग नागेंद्र, छठनी संग पंकज, रानी संग अरविंद, कुसुम संग सत्यनारायण, खुशबू संग सचिन, काजल संग रमन करकेट्टा, सरिता संग अखलेश, अंशु संग प्रभात, पुष्पा संग जीतेंद्र, रीना संग मुंशी, प्रियंका संग शत्रुधन, माया संग अखलेश, अनिता संग बिपिन, जीरा संग आनंद, रीमा संग छोटू का नाम शामिल है।

**भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल ने मोहा दर्शकों का दिल-** सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन। भोजपुरी जगत के स्टार खेसारी लाल यादव को विधायक भानु प्रताप शाही ने मंच पर अंगवस्त्र व तलवार भेंट किया। कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे लाखों लोगों को भोजपुरी गीत पर पूरे दिनभर झुमाया। वहीं अभिनेता खेसारी लाल यादव ने इस शादी समारोह का विधायक भानु प्रताप शाही को सराहना भी किया।

# भद्रकाली महाविद्यालय में रिजर्व बैंक आफ इंडिया के तत्वाधान में, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम हुआ संपन्न



**प्रतिनिधि, इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी (चतरा) प्रखंड के ख्याति प्राप्त भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अन्तर्गत छात्र छात्राओं को वित्तीय मामलों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. ललित मोहन सिन्हा ने की। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए आरबीआई ऑफिसर गणेश कुमार महतो ने हाल में हुए बैंकिंग सेक्टर में सुधारों के बारे में बताया।उन्होंने वित्तीय फ्रॉड के विभिन्न तरीकों और उनसे बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। विभिन्न वित्तीय उत्पादों की जानकारी भी दी गई। जेआरजीबी प्रबंधक विनय कुमार ने भी वित्तीय समावेशन की जानकारी दी। इसके पूर्व महाविद्यालय पहुंचने पर बैंक के अधिकारियों का महाविद्यालय पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रो. ललित मोहन सिन्हा ने बैंक के अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आरबीआई के इस तरह के पहल से बैंकिंग सुविधाओ की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।वित्तीय फ्रॉड पर नियंत्रण किया जा सकेगा साथ ही फर्जी वित्तीय संस्थानों के संचालन पर भी रोक लग सकेगी। कार्यक्रम में जेआरजीवी के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर बालमुकुंद सिंह, चतरा ग्रामीण बैंक साक्षरता परामर्शी राखीबाला सिन्हा,प्रो. जानकी प्रसाद दांगी,प्रो. सकेंद्र मिस्त्री,प्रो. श्याम सुंदर प्रसाद,डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार, प्रो. बालेश्वर पासवान,प्रो. पंकज,डॉक्टर मंसूर आलम फखरी, प्रो. मोइनुद्दीन अंसारी, प्रो. महेंद्र ठाकुर,प्रो. अखिलेश पांडेय ,प्रो. ललित कुमार सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राखी बाला सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस इकाई 1 के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. संदीप कुमार ने की।

# जिला प्रशासन और पत्रकारों के बीच हुई समन्वय बैठक में उठा प्रेस भवन का मुद्दा

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम की जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल ने जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक

**➲ लोकसभा चुनाव में जन जागरूकता कार्य में मीडिया से डीपीआरओ ने मांगा सहयोग**

मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को बैठक की। बैठक में जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि के साथ-साथ जनसंपर्क कार्यालय के पदाधिकारी और कर्मियों ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस महत्वपूर्ण पूर्ण बैठक में पत्रकारों ने अपनी समस्याएं जन सम्पर्क पदाधिकारी के समक्ष रखी। उन्हें बताया कि खबरें कवरेज करने में समन्वय की कड़ी को मजबूती देने और उपायुक्त की बैठक कवरेज और रोजाना इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ब्रीफिंग/बाइट आदि का समय निर्धारण करने की बात भी कही गई। बैठक में पूर्व उपायुक्त के कार्यकाल में पत्रकारों के लिये अमला टोला में बन रही प्रेस क्लब का भी मुद्दा उठा। जिसे बनाया तो प्रेस के लिए जा रहा था। बाद में बदल कर महिला यात्री निवास बना दिया गया। स्थानीय पत्रकारों के हितार्थ स्थानीय स्तर पर विज्ञापन नीति निर्धारित करने और जिले के पत्रकारों के लिये जिला खनिज निधि ट्रस्ट से बीमा, स्वास्थ्य



बीमा जैसे बिंदु को भी रखा गया। गौरतलब है कि इस मुद्दे पर पूर्व के कई उपायुक्तों से जिले के विभिन्न पत्रकार संगठनों ने कई बार आवाज उठाई और ज्ञापन दिया।

### प्रेस भवन के लिए जल्द होगा स्थल का चयन

हर्ष पूर्ण वातावरण में हुई बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ईशा खण्डेलवाल ने प्रमंडल स्तरीय प्रेस भवन के लिये शीघ्र ही भूमि चयन करने बात भी कही। साथ ही जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को अनुरोध कर कहा गया कि जिला प्रशासन से संबंधित सभी प्रकार के आयोजन और बैठक का यथासम्भव प्रेस कवरेज करना मीडिया बंधु सुनिश्चित करे जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार व जिला प्रशासन की बातो के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं को आसानी से पहुंचा जा सके। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी के आग्रह को सभी पत्रकार साथियो ने एक साथ माना और आपसी समन्वय से जिले के विकास गाथा लिखने की बात कही। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ने आगामी चुनावों में जन जागरूकता के लिये मीडिया जगत से बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की भी बात कही।

# मंगल ने सदन में उठाया डिमना व छोटाबांकी बांध सौंदर्यीकरण का मामला



**सदन में अपनी बात को रखते विधायक मंगल कालिंदी।**

**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुवार विधानसभा में बजट सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डिमना व छोटाबांकी बांध का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के ठहरने की मांग सरकार से की है। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डिमना व छोटाबांकी बांध जलाशय में सरकार द्वारा केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन एवं बांध के सौंदर्यीकरण कार्य करने तथा पर्यटकों के लिए ठहरने की व्यवस्था होने से स्थानीय बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। विधायक ने आसन के माध्यम से व्यापक लोकहित में दोनों बांधों में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन, सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए ठहरने की व्यवस्था करने की मांग सरकार से की है। ज्ञात हो कि विधानसभा के सत्र में विधायक मंगल कालिंदी ने इससे पहले कई अन्य मामलों को उठाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएसपी से मिले झामुमो कार्यकर्ता



**पूसू प्रतिनिधि, डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन की अध्यक्षता में मुसाबनी के डीएसपी संदीप भगत से मुलाकात कर डुमरिया प्रखंड क्षेत्र में हो रही बाइक चोरी पर अंकुश लगाने की मांग की। झामुमो कार्यकर्ताओं की बातों को सुनने के बाद डीएसपी ने आश्वस्त किया कि इन घटनाओं में शामिल सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा साथ ही क्षेत्र में चोरी एवं अन्य अपराध पर भी अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा। अपराध कै रोकने के लिए ग्रामीण एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से भी सहयोग की अपेक्षा है। आपको बता दें कि डुमरिया के साप्ताहिक हाट एवं मेला के दौरान चार से अधिक बाइक की चोरी कुछ दिनों पहले हुई थी।

### फुलडूंगरी के समीप दो बाइक की टक्कर में शिक्षक घायल, एमजीएम रेफर

**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के फुलडूंगरी



बस स्टैंड के समीप गुरुवार की शाम जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय के शिक्षक पल्लव देव तथा अज्ञात युवक के बीच बाइक की सीधी टक्कर होने से शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से शिक्षक को अनुमंडल अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ आर एन टुडू ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष तापस चटर्जी सहित काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर शिक्षक का हाल-चाल जाना। सूचना पर पहुंची घाटशिला पुलिस घटना की जानकारी ली। खबर लिखे जाने तक अज्ञात युवक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। पुलिस अज्ञात बाइक चालक को अपने स्तर से ढूंढ़ने में जुटी हुई है।

### उपायुक्त ने जगन्नाथपुर के बूथों का किया निरीक्षण



**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने अन्य उच्च प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ गुरुवार को जगन्नाथपुर के राजकीय रस्सेल उच्च विद्यालय व बड़ानन्दा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जगन्नाथपुर के अनुमंडल पदाधिकारी सह प्रशिक्षु आईएएस श्रुति राज लक्ष्मी, एसडीओ मुकेश मछुवा, जगन्नाथपुर बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ मनोज मिश्रा, रास्सेल उच्च विद्यालय की प्राचार्य सुषमा जोंको आदि शामिल थे। पत्रकारों को बातचीत में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्रों, पोलिंग दल व इससे जुड़ी सभी रूट चार्ट का तमाम अधिकारियों के साथ दौरा किया जा रहा है। मतदान कर्मियों के लिये जो आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी है, उसे भी देखा जा रहा है। चुनाव हेतु जो रुट चार्ट सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी द्वारा जो बनाया गया है, उसे भी देखा जा रहा है। नक्सल प्रभावित के सुदूरवर्ती जंगल गांव क्षेत्र में जो हमारी बूथें हैं, वहां हेलिकॉप्टर से मतदानकर्मियों को भेजा जाता है, उसका भी जायजा ले रहे हैं। इसके अलावा बोर्ड की परीक्षा चल रही है, उसमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत या असुविधा तो नहीं हो रही है, उसे भी देख रहे हैं।

### आजसू महिला जिलाध्यक्ष बनी अनिता लोहारा



**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** आजसू पार्टी के अनुसांगी इकाई अखिल झारखंड महिला महासभा के जिला अध्यक्ष अनीता लोहारा को जिला अध्यक्ष रामलाल मुंडा ने मनोनीत किया। आज श्रीमती लोहारा को श्री मुंडा द्वारा मनोनीत पत्र दिया महिला जिला अध्यक्ष को 15 दिनों के अंदर जिला समिति का विस्तार एवं सभी प्रखंड एवं नगर कमेटी का गठन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय पदाधिकारी एवं जिला के पदाधिकारी ने शुभकामनाएं एवं बधाई दिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष रामलाल मुंडा केंद्रीय प्रशिक्षक दामु बांद्रा केंद्रीय सचिव डॉ आनंद कुमार महतो केंद्रीय सदस्य अजय महतो केंद्रीय सदस्य गोपीनाथ गोप पिछड़ी जाति मोर्चा के प्रभारी दुर्योधन गोप अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रिको सांडिल जिला के प्रधान महासचिव चंद्र मोहन बिरूवा जिला उपाध्यक्ष रौतू देवगन दुर्गेश वर्मा जेम्स बालमुचू मोहन बिरुली अनिल मुंडा आदि नेता गण मौजूद थे।

### एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव गुईगांव में मागे पर्व के शुभ अवसर पर युवा शक्ति संगठन मतकम हातु चकोदोर साईं की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। फाइनल मैच मतकमबिडी एफसी और बंन्दा साईं एफसी के बीच खेला गया, जिसमें मतकमबिडी एफसी दो शून्य से विजय रहा, जिसमें फाइनल समापन समारोह में मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के चक्रधरपुर प्रखंड अध्यक्ष तुरी कोड़ा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी दया सागर केराई, आयोजन समिति के अध्यक्ष सिनु जारिका, प्रभु तांती, जकुब जारिका, मोटू कोड़ा, मोटाय कोड़ा, प्रधान कोड़ा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# घाटशिला में निर्माणाधीन पुलिया का सेंटरिंग ढहा, बाल-बाल बचे मजदूर



**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र चेंगजोड़ा के पास निर्माणाधीन पुलिया की गुणवत्ता को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया है। बताया जाता है कि चेंगजोड़ा के पास निर्माणाधीन पुलिया का काम चल रहा था। इस दौरान सरिया बंधा सेंटरिंग ढह गया। इस घटना में कार्यरत मजदूर बाल बाल बच गया, हालांकि कुछ मजदूरों को हल्की चोटें भी आयी है। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू व ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचे। कार्यस्थल पर संवेदक का कोई भी आदमी मौजूद नहीं था। श्रीमती मुर्मू ने कार्यरत मजदूरों से घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों ने रात में मजदूरों से काम लेने पर आपत्ति जतायी। ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की भारी कमी है। प्राक्कलन के मुताबिक काम भी नहीं हो रहा है। मजदूरों की सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है, जिस पर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चेंगजोड़ा से कालापाथर तक भाया दीघा होते हुए 13.8 किमी सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग जमशेदपुर की देखरेख में चंदेल कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी लागत लगभग साढ़े 13 करोड़ रुपए है। इस मौके पर कालचिति के मुखिया वैद्यनाथ मुर्मू, जितेन महतो, बुलेट महतो, भादो मुर्मू, मंगल मार्डी समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## संवेदक ने बकाए राशि के भुगतान के लिए भूख हड़ताल पर जाने की दी चेतावनी

**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** बीडीओ को गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न क्लस्टरों में दो साल पूर्व 46 अस्थाई शौचालय निर्माण करने वाले संवेदक संजय कुमार सिंह ने बकाए राशि के भुगतान के लिए भूख हड़ताल जाने की लिखित आवेदन देकर चेतावनी है। बीडीओ को दिए गए लिखित आवेदन में लिखा गया है कि एक सप्ताह के अंदर शौचालय निर्माण कार्य के बकाए राशि का भुगतान नहीं होने पर प्रखंड कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री, उपयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी को दी गई है। दिए गये आवेदन में यह भी लिखा गया है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तहत वर्ष 2022 में प्रति शौचालय 3 हजार रूपये की दर से प्रखंड के विभिन्न क्लस्टरों में 46 शौचालयों का निर्माण कराया गया था। कुल बकाया 13 लाख 8 हजार रूपये का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

# पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कार्यकर्ताओं के संग चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

**पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा।** गुरुवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी संपर्क अभियान यात्रा के तीसरा पड़ाव में मानुषमुड़िया, भूतिया, पाथरा, माटिहाना, बरागडिया, डोमजुडी, गामरिया, सकरा, माहुलडांगरी, चोरंगी एवं अन्य क्षेत्रों में सैकड़ों ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं के साथ लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक कर लाभार्थियों के घर-घर जाकर लाभार्थियों को मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए ग्रामीणों का सहयोग मांगी साथ ही ग्रामीणों से कहा कि मोदी की गारंटी के मायने को देश का प्रत्येक किसान,



महिला, युवा और गरीब वर्ग बखूबी समझने लगे हैं। कुणाल षाड़ंगी ने ग्रामीणों से कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने जो योजनाओं चलाई हैं, वह सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची है। केंद्र सरकार ने जनहित की योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारकर जनता से किए गए एक-एक वादों को पूरा कर विश्वास को मजबूत किया है। मोदी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में धरातल पर उतारने की पहल विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की है। कुणाल षाड़ंगी ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। लाभार्थी संपर्क अभियानके दौरान कुणाल सारंगी के साथ तपन ओझा, निर्मल दुबे, बबलू पात्र, अस्विनी साधु, अर्जुन पूर्ति, मिंटू पाल, प्रवीर बोल, पिंटू चांद, रतन दंडपाट, रामचंद्र हेमरम, अंबू घोष, देवनाथ पांडा, सुमंत होता समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## सीनियर महिला क्रिकेट टीम का चयन 2 मार्च को

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 10 मार्च से शुरू हो रहे अंतर जिला सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिमी सिंहभूम महिला क्रिकेट टीम का चयन 2 मार्च को स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान में होगा। इस चयन प्रक्रिया में पश्चिमी सिंहभूम की कोई भी महिला खिलाड़ी जिनका जन्म झारखंड में हुआ हो भाग ले सकती हैं। भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दो पासपोर्ट साईज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड की छाया प्रति के साथ रिपोर्ट करना आवश्यक है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मुखिया व रोजगार सेवक को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी मुखियाओं का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू हुआ जिसमें ग्राम पंचायत का उन्नत विकास के लिए पंचायत स्तरीय सहजकर्त्ता दल के मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत स्वयं सेवक, जेएसएलपीएस की एक सदस्य, वार्ड सदस्य, फ्रांट लाईन वक्रर आदि को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें जगन्नाथपुर प्रखंड के 16 पंचायतों के मुखिया एवं उपमुखिया सहित रोजगार पंचायत सेवक आदि को प्रशिक्षण देने का शुरुआत की गई है। इस मौके पर जिला से आए



प्रशिक्षणकर्ता बेवी कुमारी, जुलियस हेब्रम ने मुखिया एवं उप मुखिया को प्रशिक्षण देने का कार्य शुरू की है। प्रशिक्षण कर्ता बेबी कुमारी ने बताया कि पंचायत के द्वारा जितने भी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि एवं उसे संबंधित कर्मी होते हैं। उनके लिए प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी के तहत जगन्नाथपुर प्रखंड के मुखिया एवं उप मुखिया को गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई है।

**पंचायत की ग्राम सभा की**



**बैठक व निगरानी से जुड़े विषयों की भी मिल रही जानकारी**

सभी मुखिया एवं उप मुखिया को ग्राम पंचायत की बैठक कैसे करें, ग्राम सभा, वार्ड सभा एवं निगरानी समिति की बैठक कैसे करनी है इन बातों की जानकारी दी जा रही है। पंचायतों में विकास योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले नोवामुंडी प्रखंड में भी तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो चुका है, जिसमें सभी पंचायत के मुखियाओं का उनके कार्यों के लिए पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा पंचायत का विकास करने के लिए उपलब्ध कराए जाने वाली का राशि का उपयोग कैसे करे एवं कहां करे।

# स्कूलों में शिक्षा अधिकार अधिनियम का नहीं हो रहा पालन

## बाल अधिकार सुरक्षा मंच के प्रशिक्षण शिविर में बाल श्रम रोकने पर हुई चर्चा

**पूसू प्रतिनिधि, जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर प्रखंड को आने वाले समय में बाल श्रममुक्त बनाने के लिए एस्पायर द्वारा बाल अधिकार सुरक्षा मंच और प्रखंड के विभिन्न प्रकार के स्टेक होल्डर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बुकासाई में किया गया। प्रशिक्षण का विषय बाल श्रममुक्त क्षेत्र बनाना और एस्पायर द्वारा बनाये गये ग्राम शिक्षा पंजी पर समझ रहा। प्रशिक्षण में ग्राम शिक्षा पंजी के आधार पर 6-18 वर्ष के बच्चे वर्ष 2023 -2024 में कितने बच्चे स्कूल जाने वाले है और कितने बच्चे स्कूल से बाहर है पर समझ बनाया गया साथ ही बच्चा संविधानिक रुप से किसे कहते हैं और 6-14 वर्ष के बच्चों के लिए बनी शिक्षा अधिकार कानून के प्रमुख धाराओं पर उल्लेखित बच्चों के अधिकारों के बारे जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बाल श्रममुक्त क्षेत्र पर समझ बनाते हुए बताया गया कि 6-18 वर्ष के सभी बच्चें विद्यालय में नामांकित होना चाहिए। स्कूल के टाईम पर सभी



नामांकित बच्चे स्कूल में उपस्थित रहना चाहिए तभी हमारा क्षेत्र बाल श्रममुक्त क्षेत्र बन सकता है। प्रशिक्षण में बाल अधिकार सुरक्षा मंच व स्टेक होल्डर्स ने बताया गया कि प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में टेंट हाउस, चार पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन, विभिन्न प्रकार के दुकान, होटल, ढाबा, पशु चारागाह, खेत, रेलवे स्टेशन, निमार्ण कार्य, घरेलु कार्य, सड़क किनारे, बाजार हाट में लगने वाले दुकान, सड़क किनारे लगने वाले विभिन्न ठेला, बैल-बकरी चराते हुए, प्रतिष्ठानों, मकानों, दुकानों आदि जगहों पर दिखाया देते है। जो भी बाल श्रम का समर्थन करता है और बाल श्रम करवाता है तो इसका विरोध करने की जरुरत है। वैसे लोगों के लिए बाल श्रम निषेध कानून के तहत सजा और जुर्माना लगाने का मांग किया जाना चाहिए।

प्रशिक्षण में बताया गया कि सरकार ने स्कूल में योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न प्रकार के दस्तावेज को अनिवार्य किया है। लेकिन शिक्षा अधिकार कानून के तहत 6-14 वर्ष के बच्चों का स्कूल नामांकन के लिए किसी





प्रकार का दस्तावेज की अनिवार्यता नहीं है। बिना दस्तावेज के भी नामांकन विद्यालय को लेना है। हालांकि कुछ विद्यालय बिना दस्तावेज के नामांकन ले लेते हैं, किन्तु मवि में बिना दस्तावेज के नामांकन नहीं लेने की अधिकतर यह समस्या रहती है। कई मामले में शिक्षकों को कड़े निर्देश प्राप्त होते है, जिसमें कहा जाता है कि शत प्रतिशत नामांकित बच्चों का आधार कार्ड व बैंक पासबुक जल्द से जल्द बनवा लें। यदि समय पर यह कार्य नहीं हुआ तो शिक्षक को शो कोज व वेतन रोक जैसे समस्या झेलनी पड़ती है। कई शिक्षक वेतन रुकने व शो कॉज जैसे झंझटों से बचने के लिए शिक्षा अधिकार कानून को ताक में रख कर बिना आधार कार्ड व बिना बैंक पासबुक वाले बच्चों का नामांकन लेने से हिचकिचाते है। यह बच्चों का शिक्षा अधिकार एक प्रकार से उल्लंघन है।

बाल अधिकार सुरक्षा मंच के प्रखंड अध्यक्ष कमल किशोर केसरी ने कहा प्रखंड में 5वीं पास कई बच्चे हैं जिनका नामांकन दस्तावेज के नाम पर नहीं हुआ है। वहीं कई 8वीं फेल हुए बच्चे भी स्कूल शिक्षा से बाहर हैं। इन सभी ज्वलंत मुद्दों व समस्याओं के कारण भी क्षेत्र में बाल श्रम और बाल विवाह के मामले बढ़ते हैं। जनप्रतिनिधि, नेता शासन प्रशासन को भी सामुदायिक स्तर पर बाल अधिकार और शिक्षा का अधिकार कानून मजबुत के साथ प्रखंड में लागु करवाने के लिए रणनीति के तहत कार्य करने और बच्चों के शिक्षा अधिकार के जुड़े मुद्दों को रखने की जरुरत है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार प्रत्येक पांच किलोमीटर की दूरी पर एक उवि होना चाहिए। सचिव मंजित कोड़ा ने कहा बच्चों का नाम स्कूल में अंकित रहता है, किन्तु देखा जाता है कि सैकड़ों बच्चे स्कूल से बाहर रहते हैं। ये बच्चे भविष्य में बाल श्रम और बाल विवाह के दलदल में फंस जाते हैं। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रुप में जिला समन्वयक जी. नरेश, जिला सहायक समन्वयक वी. रमना, प्रखंड समन्वयक मानस रंजन चक्र और कलस्टर प्रशिक्षक सह कलस्टर सीएफ विशाल गोप ने निभायी।

# सरयू राय ने प्रदूषण नियंत्रण पर्षद पर लगाए गंभीर आरोप

➡ कहा- अधिकारियों की मिली भगत से बढ़ रहा वायु प्रदूषण



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** झारखण्ड में बढ़ते वायु प्रदूषण का मामला गुरुवार को विधायक सरयू राय ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में वायु प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अधिकारियों, खासकर बोर्ड के सदस्य सचिव और कतिपय प्रदूषक उद्योगों के बीच सांठगांठ होता है। उद्योगों के परिसर में प्रदूषण मापने के किलिए ओसीईएमएस संयंत्र लगाये गये हैं, इसका निर्धारित कैलिब्रेशन हो रहा है या नहीं इसकी जांच नहीं होती। जबकि इसकी नियमित जांच होनी चाहिए।

उद्योगों में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन पीएम-10 एनालाईजर लगाए गए हैं, जो अधिकांशत: बंद पड़े रहते हैं। इन्हें बंद रखने वालों प्रदूषक उद्योगों के विरूद्ध झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद कार्रवाई नहीं करता है। उन्होंने सदन के माध्यम से कहा कि इन पर कार्रवाई की जाय। एयर क्वालिटी मोनिटकिंद सिस्टम (सीएएक्यूएमएस) को ऐसी जगहों पर लगाना है, जो आम जनता की पहुंच में हो। लेकिन जगह चयन करने में पर्षद के पदाधिकारियों की मिलीभगत रहती है। इसकी भी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होना चाहिए। दूसरी ओर विधायक ने सदन में जल संसाधन विभाग से जुड़ा मामला उठाया जिसमें चांडिल डैम से जमशेदपुर एवं समीपवर्ती क्षेत्रों में जलापूर्ति की जा सके।

# समाहरणालय स्थित कार्यालयों का डीसी ने किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्यालय के अधिकारियों व

➡ कर्मचारियों को दिया बायोमीट्रिक अटेंडेंस बनाने का निर्देश



कर्मचारियों से कार्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही स्वीकृत पद के तुलना में कर्मचारियों की उपलब्धता, कार्य का बंटवारा और कार्य निष्पादन में किसी तरह की आ रही समस्या आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तय समय के अनुसार ही सभी पदाधिकारी व कर्मी कार्यालय आएं और बायोमिट्रिक अटेंडेंस जरुर बनाएं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था, सामान्य शाखा, नजारत शाखा व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

## परिसर में स्वच्छता बनाए रखने का दिया निर्देश

उपायुक्त ने कार्यालय परिसर की साफ सफाई पर बल देते हुए कहा कि जिस कार्यालय में हम कार्य करते हैं, उसकी साफ-सफाई सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मियों को न सिर्फ अपने कार्यस्थल को साफ-स्वच्छ रखने, बल्कि अन्य लोगों को भी गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

कार्यालयों की समुचित साफ-सफाई के अलावा फाइलों को विधिवत संधारण के साथ-साथ उसको नियत स्थान पर रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अल्पसंख्यक शिक्षक संघ ने डीएसई व डीईओ का किया सम्मान



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** झारखंड अल्पसंख्यक माध्यमिक शिक्षक संघ,पूर्वी सिंहभूम के पदाधिकारियों ने गुरुवार को जिले के नए जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष पांडे का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। साथ ही अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों के बकाया राशि, नियुक्ति अनुमोदन की राशि, अन्य बकाया राशि साथ ही सेवानिवृत कर्मियो के अव्यह्त अर्जित अवकाश की राशि का भुगतान कराने का आग्रह किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष शशि भूषण दुबे, उपाध्यक्ष पलविंदर सिंह, सचिव नागेश्वर प्रसाद, संयुक्त सचिव शिशु लाल महतो कोषाध्यक्ष रंजीत कौर गिल राज्य कार्यकारिणी सदस्य रेशमा जबीन एवं सक्रिय सदस्य इंद्रजीत प्रताप सिंह उपस्थित थे।

### एसएसपी से पुजारी की शिकायत, पुजारी के हरकतों से समिति नाराज



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** पुजारी के अभद्र आचरण का शिकायत लेकर श्री श्री हनुमान मंदिर समिति, न्यू मार्केट टेल्को का एक प्रतिनिधिमंडल वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडलाधिकारी एवं टेल्को थाना पहुंचा तथा हस्ताक्षर युक्त लिखित ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग किया। ज्ञापन में मंदिर के पुजारी पर कई गंभीर आरोप लगाए गये हैं। समिति द्वारा एसएसपी को सौंपे गए ज्ञापन में पुलिस की मौजूदगी में पुजारी के साथ मारपीट की घटना को निराधार एवं भ्रामक बताया गया है। आरोप है कि पुजारी दानपेटी से पैसे, फल-मेवा आदि चुरा लेते थे साथ ही भक्तों के साथ अभद्र व्यवहार करते थे। बाद में समिति ने बैठक आयोजित कर पुजारी चित्तरंजन दुबे उर्फ कृष्णकांत दुबे को मंदिर में पूजन के कार्य से मुक्त कर दिया गया, जिसके बाद से आरोपित पुजारी भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। उधर आरोपित पुजारी ने भी समिति के अध्यक्ष चिन्ना राव व अन्य पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया है। ज्ञापन सौंपने वालों में चिन्ना राव, भूषण, चंद्रकेत तिवारी समेत अन्य शामिल थे।

### गदड़ा में भाजपा का सहायता शिविर आयोजित



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** केंद्र सरकार की जनहित व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को जोड़कर लाभान्वित करने के उद्देश्य से भाजपा गोविंदपुर मंडल की महिला मोर्चा द्वारा भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा के सौजन्य से गदड़ा कॉलेज प्रांगण में सहायता कैंप लगाया गया । जिसमें गदड़ा वासियों खास कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, वृद्धा एवं विधवा पेंशन योजना, आयुष्मान कार्ड तथा राशन कार्ड का लाभ दिलाने के उद्देश्य से कुल 80 लोगों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा एससी मोर्चा के चित्तरंजन स्वांसी , भाजपा गोविंदपुर मंडल के उपाध्यक्ष अर्जुन कुमार , मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार , महिला मोर्चा की अध्यक्ष गौरी कुमारी , महामंत्री वंदना ठाकुर , उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह , मंत्री राजविंदर कौर, संगीता कुमारी, अवधेश शाह, राहुल दास, राहुल गोप आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### मां तुझे सलाम संस्था ने 50 लोगों को दिलाया पेंशन

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** समाजसेवा के कार्यों में तत्पर संस्था मां तुझे सलाम ने गरीब और जरूरतमंद 50 लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजना के तहबत वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन स्वीकृत कराने में सहयोग किया। जिसमें अधिकांश जरुरतमंद बिष्टुपुर, कदमा, सोनारी, जुगसलाई, साकची, बर्मामाइन्स, गोलमुरी, बिरसानगर परसुडीह आदि क्षेत्रों के रहने वाले हैं। ऐसे जरुरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिलाने में भाजपा नेता विमल बैठा का भी सहयोग रहा। विमल बैठा ने सभी लोगों को स्वीकृति पत्र बांटा। जिसे पाकर लोगों का चेहरे पर एक मुस्कान आ गई। लोगों ने कहा कि हम लोग सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा-लगाकर थक हार गए थे। उन लोगों ने संस्था के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद अजहर खान, भरत सिंह, रैना पूर्ति, मुमताजुद्दीन, सुबोध सिंह सरदार, कानू हेंब्रम आदि उपस्थित थे।



# तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब में सरदार शैलेंद्र सिंह हुए सम्मानित



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब कंस्ट्रक्शन कमेटी के को-ऑर्डिनेटर एवं झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान एवं सीजीपीसी के चेयरमैंन समाजसेवी सरदार शैलेंद्र सिंह को तख्त श्री हरमंदिर जी साहिब में सम्मानित किया गया। उन्हें उक्त सम्मान दिल्ली में आयोजित समारोह में देश की 30 विभूतियां में से एक सरदार शैलेंद्र सिंह को अटल तिरंगा सम्मान अवार्ड से नवाजे जाने पर एवं श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साढे तीनसो साला शताब्दी पर गुरु महाराज के शस्त्रों को लेकर निकाली गई जागृति यात्रा में लगातार 3 महीने तक समूह साथ संगत के साथ रहकर गुरु महाराज के शास्त्रों का दर्शन कराने मे सरदार शैलेंद्र सिंह द्वारा उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए दिया गयाथ। उन्हें तख्त श्री हरि मंदिर जी पटना साहिब के प्रभारी जत्थेदार ज्ञानी दिलीप सिंह ने सुमह साध संगत की मौजूदगी में सरोपा एवं रुमाला भेंट किया गया। सम्मान मिलने पर सरदार शैलेंद्र सिंह ने पटना साहिब के प्रधान सरदार जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।

# राज्यपाल 2 मार्च को आएंगे शहर

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 2 मार्च को सिंहभूम चैम्बर में व्यापारियों एवं उद्यमियों को संबोधित करेंगे।



इस दौरान कोल्हान में व्यवसायिक एवं औद्योगिक विकास की भविष्य की रूपरेखा पर अपना विचार रखेंगे। उक्त जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अवसर पर राज्यपाल महामहिम सीपी राधाकृष्णन झारखण्ड राज्य के विकास के प्रति अपनी आशाओं को प्रकट करते हुए राज्य के व्यवसायिक एवं औद्योगिक माहौल पर सदस्यों से रूबरू होंगे तथा कोल्हान के व्यवसायियों एवं उद्यमियों की राज्य के विकास में भागीदारी पर चर्चा करेंगे। साथ उच्च शिक्षा, सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधा के लिये सरकार द्वारा रोडमैप बनाकर क्या कदम उठाये जा रहे हैं और आगे उठाये जायेंगे इस बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।

# 50 किसानों का दल बस से रायपुर के लिए हुआ रवाना

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत राज्य के बाहर पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडो के 50 कृषकों को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, रायपुर, छतीसगढ़ बस से रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त

➡ डीसी-डीडीसी ने दिखवाई हरी झंडी, दी शुभकामनायें

अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा किसानों को यात्रा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुभकामनायें दी। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी भी मौजूद रहीं।

## जैविक व सजावटी फसलों की खेती से होंगे अवगत

इस प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण के दौरान कृषको को टीसू कल्चर बनाना लैब, वीएनआर अमरूद बगान, प्रगतिशील कृषकों के खेत का भ्रमण कराया जायेगा एवं जैविक खेती, उच्च मूल्य वाली फसलों, सजावटी फसलों, प्रसंस्करण एवं अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में जिले में काफी संभावनाएं हैं। पटमदा और बोड़ाम प्रखंड जहां सब्जी उत्पादन में अग्रणी हैं वहीं चाकुलिया और बहरागोड़ा का क्षेत्र चावल उत्पादन के लिए जाना जाता है। गेंदा फूल की खेती में भी कुछ प्रखंड अच्छा कर रहे हैं। जरूरत है कि बाजार की मांग के अनुरूप अन्य सभी प्रखंडों के किसानों को भी उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाए, इससे जिले में स्वरोजगार के साधन बढ़ेंगे साथ ही किसानों के आय में भी वृद्धि होगी। उन्होने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम में जिले के किसानों को कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक की जानकारी के साथ साथ जैविक खेती तथा अन्य वैज्ञानिक पद्धित से खेती किसानी की जानकारी मिलेगी, प्रशिक्षण पाने वाले किसान अन्य किसानों को भी प्रशिक्षित कर सकेंगे जो इस जिले के सभी किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा।



## जनता से मिले सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल करेगी भाजपा

# भाजपा जो संकल्प लेती है उसे पूरा करती है : विद्युत महतो



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल जल्द ही बजने वाला है। इसके लिए सभी पार्टियां अपने-अपने स्तर से प्रचार प्रसार कर रही हैं। इसी बीच, भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को तेज करते हुए जमशेदपुर महानगर में गुरुवार को देशव्यापी 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' संकल्प पत्र सुझाव अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता जनता से संवाद स्थापित कर अधिक से अधिक सुझाव पत्र जुटाएंगे और इन सुझावों को पार्टी अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। अभियान के तहत जन कल्याण और विकास कार्यों को मोदी की गारंटी वाली रथों के माध्यम से अभियान के तहत सभी लोकसभा क्षेत्रों तक पहुंचाया जाएगा। एलईडी वाहन के जरिये जनता से सुझाव मांगने के साथ-साथ लोगों को पार्टी से जोड़ने का भी काम करेगी

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत वरण महतो ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत जमशेदपुर की जनता से आगामी लोकसभा चुनाव में संकल्प पत्र के लिए और विकसित भारत के लिए सुझाव देने का आह्वान किया।

सांसद विद्युत महतो ने कहा कि जनता का शासन जनता के सुझावों से ही प्रारंभ होता है। भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ लोगों के पास जाती है। इसी उद्देश्य से जनता से सुझाव प्राप्त करने का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं झारखंड प्रदेश की ओर से पिछले दिनों अभियान को लांच किया गया। इसी के निमित्त जनता की आकांक्षाओं और विचारों को सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाने के लिए जमशेदपुर महानगर में अभियान का आगाज किया गया है। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि अभियान के जरिये भाजपा कार्यकर्ता विकसित भारत और पार्टी के संकल्प पत्र तैयार करने के लिए जनता के बीच जाकर उनके सुझाव को सुझाव पेटी के माध्यम से संकलित करेंगे। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि भाजपा सरकार जो संकल्प लेती है उसे पूरा भी करती है। 70 साल पहले एक देश- एक कानून बनाने का वादा किया गया था और जब भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया गया।

इसी तरह राम मंदिर का वादा भी हमने पूरा किया। श्री महतो ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को 5 किलोग्राम अनाज नि:शुल्क भेंट किया जा रहा है तो 5 लाख रुपए तक के इलाज की व्यवस्था नि:शुल्क की गई। घरों तक बिजली पहुंचाई गई, उज्ज्वला योजना से धुंए से आजादी मिली, घरों में इज्जत घर बनवाए गए। अब शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से संकल्प पत्र के लिए सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सशक्त नेतृत्व लोगों के सपनों को पूरा करने की गारंटी है।

## बुद्धिजीवी, खिलाड़ी व उद्योगपतियों के साथ होगा संवाद

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि महानगर के चारों विधानसभा में वृहद कार्यक्रम के जरिए जनता के सुझावों को एकत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स के फाउंडर, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता, राष्ट्रीय खिलाड़ियों, चिकित्सकों, सामाजिक संगठन, अधिवक्ताओं के साथ संवाद स्थापित विकसित भारत बनाने के लिए उनके सुझाव लेंगे। सुधांशु ओझा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। देश की आजादी का यह अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश विकास के क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है। सुधांशु ओझा ने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि लोगों की आकांक्षाएं पार्टी तक पहुंचें और सरकार अगले 5 वर्षों में लोगों की उन आकांक्षाओं को पूरा करेगी। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए भाजपा कार्यकर्ता सुझाव पेटी लेकर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे।

## 9090902024 पर भी दे सकते हैं सुझाव

इसके अतिरिक्त 9090902024 पर मिस कॉल व नमो एप्प के माध्यम से जनता के सुझावों को एकत्रित करेंगे। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने लोगों से सुझाव देने का आह्वान करते हुए कहा कि आज अधिकार के साथ कर्तव्य का वहन करना भी जरूरी है। आज देश के पास करिश्माई नेतृत्व है इसलिए केवल विकसित भारत बनने में गवाह नहीं बल्कि भागीदार की भूमिका निभानी होगी। बताया कि सुझावों को 15 मार्च तक एकत्रित कर भाजपा झारखंड प्रदेश को भेजी जाएगी।

# श्रीराम जी के राज्याभिषेक से सात दिवसीय श्रीराम कथा संपन्न



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** सिदगोड़ा श्रीराम मंदिर स्थापना के चतुर्थ वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का गुरुवार को समापन हो गया। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जिसमें कई गणमान्य भी सपत्नीक पहुंचे तथा व्यासपीठ का पूजन कर आशिर्वाद लिया। जिसमे सांसद विद्युत महतो सपत्नीक, महेन्द्र यादव सपत्नीक, अमरजीत सिंह राजा सपत्नीक, पायल संतोष व अन्य शामिल हैं।

**भाव सच्चा हो तो विघ**

कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी ने श्रीराम कथा में बताया कि सुंदरकांड के प्रारम्भ में श्री हनुमान जी के दिव्य विराट स्वरूप का दर्शन होता है जो राम कार्य करने के लिए हनुमान जी ने धारण किया। श्री हनुमान जी का सम्पूर्ण जीवन रामकार्यों के लिए ही समर्पित है। इसलिए कलयुग में भी श्री हनुमान जी की महिमा सर्वाधिक वंदनीय है। सुरसा राक्षसी और लंकिनी रूपी विघ्नों को पार करते हुए हनुमान जी लंका में पहुंचे वहां विभीषण से मिलकर श्री जानकी जी का पता लेकर अशोक वाटिका में आये और माता सीता का दर्शन किया। यहां संकेत है कि यदि भाव सच्चा हो तो सुदूर विघ्नों के बीच जाकर भी जीव भक्ति देवी की कृपा प्राप्त कर सकता है। जानकी जी को भगवान का संदेश देकर एवं लंका को जलाकर हनुमान जी भगवान के पास वापस आये। तत्पश्चात भगवान सेना सहित लंका में पहुंची जहां राम-रावण युद्ध प्रारम्भ हुआ। उक्त युद्ध धर्म-अधर्म, सत्य-असत्य का युद्ध था।

## भाजपा के पक्ष में स्टिकर अभियान चलाएगी सनातन उत्सव समिति

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** हिंदुवादी संगठन सनातन उत्सव समिति लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए स्टिकर अभियान चलायेगी। उक्त अभियान अयोध्या में श्रीराम मन्दिर निर्माण और नवीन विग्रह स्थापना के साथ ही रामभक्तों की वर्षों पुरानी प्रतिक्षा सफल होने के उपलक्ष्य में चलायी जाएगी।



समिति के संस्था प्रमुख हिंदुवादी नेता चिंटू सिंह ने बताया कि 'जो राम को लाये हैं, हम उनको लायेंगे' जनसंपर्क अभियान का नारा है। कहा कि यह केवल नारा नहीं बल्कि प्रत्येक श्रीराम भक्त का संकल्प है। उक्त नारे से अंकित 01 लाख स्टिकर शहर भर में चस्पा किये जायेंगे। स्टिकर पर स्लोगन के साथ ही श्री अयोध्या धाम मन्दिर और भगवान श्रीराम की तस्वीर रहेगी। वहीं मन्दिर स्थापना में मुख्य योगदान सुनिश्चित करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर भी स्टिकर पर अंकित रहेगी। चिंटू सिंह ने कहा कि एक सप्ताह तक विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर सभी रामभक्तों के घर और प्रतिष्ठान तक पहुंचने का लक्ष्य है। पत्रकार वार्ता को अंकित आनंद, बलबीर मंडल, जोगिंदर सिंह जोगी ने भी संबोधित किया। मौके पर जोगिंदर सिंह जोगी, अधिवक्ता प्रभात शंकर तिवारी, पूर्व भाजपा जिला प्रवक्ता अंकित आनंद, सनातन उत्सव समिति के वीर सिंह, अध्यक्ष ललित राव, राहुल दुर्गे, कुलदीप सिंह, सन्नी सिंह, आशीष मिश्रा, रॉकी सिंह, शुभम् झा, राहुल सिंह मुंडा, कुणाल मुंडा, सचिन सोनकर, अभिकन्त ओझा, सौरभ हल्दार सहित अन्य मौजूद रहें।

## मस्जिद अल्लाह का घर, वह हर कार्य का फल देगा : रियाज सल्फी

**पूसू प्रतिनिधि, जैंतगढ़।** जैंतगढ़ मैदान मोहल्ला के ग्रीन सिटी कॉलोनी में नव निर्माणाधीन मस्जिद की दूसरे मंजिल की ढलाई गुरुवार को की गई, जिसमें स्थानीय लोगो और आस पास के लोगों ने श्रम दान किया। दो हजार वर्ग फीट की ढलाई का काम जमीयत अहले हदीस जैंतगढ़ की निगरानी में किया गया। कार्य की शुरुआत जमीयत अहले हदीस जैंतगढ़ के सदर कमाल अहमद की अध्यक्षता मे की गई। निर्माण समिति के लोग हर मोर्चे पर डटे रहे। सुबह से ही बस्ती के लोगो ने सारा काम संभाला। मसाला बनाने,पानी लाने, गारा ढोने से लेकर सारा काम खुद किया। बच्चे, बूढ़े एवं युवाओं ने श्रम दान किया। आस पास चंपुआ, मौलाना गोड़ा, जामदलक, जगन्नाथपुर, मौलानगर, झुमपुरा, अरसाला, क्योंझर आदि से भी लोगो की बड़ी संख्या उपस्थित होकर छत ढलाई कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर जैंतगढ़ जमीअत ए अहले हदीस के सदर कमाल अहमद, सचिव जाकिरुल्लाह असरी, उपाध्यक्ष मोफज्जल हुसैन, सह सचिव हसामुल हसन, पूर्व सदर हबीबुल्लाह उमरी, जावेद वकार, पूर्व नायब सदर हम्माद आलम, मो.सलीम, दानिश हम्माद, जाकिर हैदर आदि मौजूद थे। जमीअत अहले हदीस जैंतगढ़ के सदर कमाल अहमद ने सबों का शुक्रिया अदा किया।



# एक्ट्रेस ममिता बैजू ने

## डायरेक्टर बाला पर लगाए गंभीर आरोप



मलयालम एक्ट्रेस ममिता राजू का आरोप है कि डायरेक्टर बाला उन्हें डांटते और पीटते थे। ममिता बैजू ने बताया कि वह बाला की फिल्म वनंगान में काम रही थीं पर बीच में छोड़ दी।ममिता बैजू ने एक इंटरव्यू में आपबीती सुनाई है और बताया कि सेट पर क्या कुछ हुआ था।

मलयालम फिल्मों की एक्ट्रेस ममिता बैजू ने डायरेक्टर बाला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ममिता पहले बाला के साथ उनकी फिल्म वनंगान में काम कर रही थीं, पर बाद में उन्होंने यह फिल्म छोड़ दी। ममिता बैजू ने बताया कि बाला उन्हें सेट पर डांटते थे और मारपीट भी करते थे। वनंगान में ममिता बैजू को बतौर लीड हीरोइन साइन किया गया था। फिल्म में हीरो सूर्या था। लेकिन बाद में दोनों ही स्टार्स ने फिल्म बीच में छोड़ दी।

### ममिता बैजू ने बताया वनंगान के सेट पर क्या हुआ था

ममिता बैजू ने कहा, फिल्म में विलादिचम्पातु नाम की कोई चीज है, और इसे देखकर मैंने पूछा कि क्या मैं यानी फिल्म में मेरा किरदार लंबे समय से इसकी प्रैक्टिस कर रहा है या क्या इसे ऐसे दर्शाया गया है जैसे वह पहली बार इसकी प्रैक्टिस कर रही है।

मुझे बताया गया कि मेरे किरदार को व्यापक अनुभव वाला दिखाया गया है। तो ऐसी स्थिति में मुझे तो माहिर होना चाहिए ना? क्योंकि परफॉर्म करते वक्त आपको ड्रम बजाते हुए गाना होता है और यह एक खास अंदाज में भी होता है।

### बिना प्रैक्टिस के ही करवाने लगे टेक

ममिता बैजू ने आगे बताया, फिर बाला ने मुझसे एक महिला की ओर इशारा किया, जो एक विलादिचम्पातु कलाकार थी। बाला ने मुझसे कहा कि मैं उसे वह परफॉर्म करते हुए देखूं। जैसे ही मैंने देखा तो उन्होंने कहा ठीक है और फिर अनाउंस कर दिया कि हम टेक के लिए जा रहे हैं। मैं हैरान थी और इसके लिए तैयार नहीं थी।

### ममिता बोलीं- बाला मुझे पीटते थे और कहा था कि गलत बातें बोलेंगे

ममिता बैजू ने फिर कहा, मुझे यह भी समझ नहीं आया कि वो क्या गा रहे थे। इसे सीखने के लिए मुझे तीन बार कोशिश करनी पड़ी। इस बीच उन्होंने मुझे कई बार डांटा भी। उन्होंने मुझे पहले ही बता दिया था कि वह ऐसे ही होंगे और गलत बातें कहेंगे और डांटेंगे।

उन्होंने मुझे सलाह दी थी कि मैं इसे गंभीरता से न लूं, भले ही उस समय बुरा लग सकता है। इसलिए, सेट पर रहते हुए मैंने इसके लिए मानसिक रूप से तैयारी कर ली थी। वह मुझे पीटते भी थे। सूर्या सर को इसके बारे में (बाला के तरीकों के बारे में) पहले से ही पता था क्योंकि वह पहले भी साथ काम कर चुके थे। तो, उनका तालमेल अच्छा था, और मैं इसमें नई थी।

### इस फिल्म में नजर आई थीं ममिता बैजू

हालांकि ममिता बैजू ने यह नहीं बताया कि उन्होंने इस कारण ही फिल्म छोड़ी थी, पर इस खुलासे के बाद से यूजर्स डायरेक्टर बाला पर खूब गुस्सा निकाल रहे हैं। ममिता बैजू हाल ही फिल्म प्रेमलू में नजर आई थीं।

# अक्षय की फिटनेस की फैन हैं नेहा

## बोलीं- वे सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि सबकी सेहत के लिए सोचते हैं



नेहा धूपिया और अक्षय कुमार ने एक साथ कई फिल्में की हैं। फिल्म सिंह इज किंग उन्हीं में से एक है। हाल ही में, नेहा ने अक्षय के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, देखिए अक्षय फिटनेस को लेकर कितने जागरूक हैं यह सबको पता है, लेकिन मैं जो आपको बताने जा रही हूं शायद वह बात सबको नहीं पता होगी।

बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया इन दिनों अपने शो नो फिल्टर नेहा की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस शो में वे अपने गेस्ट से कई दिलचस्प सवाल करती नजर आती हैं। पिछले दिनों अपने शो के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री अपने फिल्मी करियर के उतार-चढ़ाव के अलावा अभिनेता अक्षय कुमार के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी कई दिलचस्प खुलासे किए।

### फिटनसे के लिए मोटिवेट करते हैं अक्षय

नेहा धूपिया और अक्षय कुमार ने एक साथ कई फिल्में की हैं। फिल्म सिंह इज किंग उन्हीं में से एक है। हाल ही में, नेहा ने अक्षय के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, देखिए अक्षय फिटनेस को लेकर कितने जागरूक हैं यह सबको पता है, लेकिन मैं जो आपको बताने जा रही हूं शायद वह ब[illegible]को नहीं पता होगी। अक्षय सिर्फ खुद के लिए ही नहीं फिटनेस फ्रीक हैं बल्कि वे अपने आस-पास के लोगों को भी मोटिवेट करते हैं कि वे भी अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक बनें।

### 70 मंजिल चढ़ते थे साथ में

फिल्म सिंह इज किंग की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में हुई थी। नेहा उन दिनों को याद करते हुए कहती हैं, हम फिल्म की शूटिंग के लिए जिस इमारत में ठहरे थे, वह इमारत 70 मंजिल की थी। आप शायद यकीन नहीं करेंगे लेकिन अक्षय ने हमें उस 70 मंजिला इमारत की सीढ़ियों को चढ़ने और उतरने को कहते थे। हम साथ में इसे वर्क-आउट करते थे। यह एक रोमांचक अनुभव था।

जब नेहा धूपिया से पूछा गया कि वे किसे बेहतर होस्ट मानती हैं अपने शो नो फिल्टर नेहा के लिए। तब अभिनेत्री ने जवाब दिया, मुझे लगता है कि करीना कपूर मेरे शो के लिए एक शानदार होस्ट हो सकती हैं। वे किसी से भी कोई भी सवाल बड़ी बेबाकी से पूछ सकती हैं। उनमें यह काबिलियत है।



# विलेन की भूमिका के लिए उत्साहित हैं अर्जुन

रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन लगातार चर्चा में बनी हुई है। सुपरहिट फिल्म सिंघम की फ्रेंचाइजी के अलावा इसके साथ खतरनाक एक्शन सीक्वेंस भी इस फिल्म की विशेषता में शुमार है, लेकिन हाल के दिनों में इस फिल्म को लेकर जिस चीज ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरी वह इस फिल्म की स्टार कास्ट ने। सिंघम अगेन में फिल्म इंडस्ट्री के कई टॉप स्टार्स मुख्य भूमिका में हैं, वहीं हाल ही में फिल्म के मुख्य विलेन की भूमिका के लिए अभिनेता अर्जुन कपूर के नाम से पर्दा उठा, जिसे अर्जुन ने अपने लिए एक सुनहरा मौका बताया। हाल ही में एक साक्षात्कार में अर्जुन ने कहा, सिंघम अगेन में विलेन की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं, इस फिल्म के जरिए मुझे स्क्रीन पर एक नया प्रयोग करने और एक अभिनेता के रूप में खुद को चुनौती देने का बड़ा मौका मिला है। हालांकि, अर्जुन इससे पहले भी कुछ फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभा चुके हैं।

# करण रावल की रोमांटिक थ्रिलर में दिखेंगी सोनाक्षी



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा करण रावल की आगामी रोमांटिक थ्रिलर में नजर आएंगी, जिसका नाम अब तक जाहिर नहीं किया गया है। इकोलोन प्रोडक्शंस के प्रमुख विशाल राणा फिल्म का प्रबंधन करेंगे। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि यह एक अनएक्सपेक्टेड टर्न के साथ एक रोमांटिक थ्रिलर है। सोनाक्षी ने कहा, यह इकोलोन प्रोडक्शंस के साथ मेरा पहला प्रोजेक्ट है और मैं हमेशा नई और रोमांचक भूमिकाएं निभाने की तलाश में रहती हूं। यह मेरे लिए एक और अनजान शैली है, इसलिए मैं इस रोमांचक भूमिका में उतरने के लिए बेताब हूँ। राणा ने बताया मैं ऐसी अद्भुत टीम के साथ यह यात्रा शुरू करने के लिए रोमांचित हूं। सोनाक्षी और करण जैसी प्रतिभाओं के साथ काम करना वाकई रोमांचक है। मैं स्क्रीन पर हमारे विजन को जीवंत होते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। यह एक रोमांचक साहसिक काम की शुरुआत भर है। मैं और इंतजार नहीं कर सकता!

# गुड न्यूज...दीपिका -रणवीर ने खुद किया कन्फर्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दीपिका और रणवीर के घर में जल्द ही खुशखबरी आने वाली है। जी हां, आपने ठीक सुना दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। दीपिका और रणवीर ने खुद सोशल मीडिया पर फैंस को अपने आने वाले बच्चे को लेकर जानकारी शेयर की है।

इस खबर के सामने आते ही फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया पर आधिकारिक तौर पर अपने आने वाले बच्चे को लेकर जानकारी दी है। कपल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर फैंस को खुशखबरी दी है। इस पोस्ट के जरिए दीपिका और रणवीर ने बताया है कि 7 महीने बाद यानी सितंबर, 2024 को उनके घर बच्चे का जन्म होने वाला है। इसके साथ ही दीपिका ने फोल्डिंग हैंड और इविल आई इमोजी बनाया है।

दीपिका और रणवीर के पैरेंट्स बनने की खबर से न सिर्फ फैंस बल्कि स्टार्स की भी खुशी का ठिकाना नहीं है। सोशल मीडिया पर कपल को बधाई देने वालों का तांता लग गया है। इस पोस्ट पर भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा, कृति सेनन, मनीष मल्होत्रा, मेधा शंकर, अंगद बेदी, मियांग चेंग, कुब्रा सैत, मसाबा गुप्ता जैसे तमाम सितारों ने कपल को आने वाले बच्चे के लिए ढेर सारी बधाई दी है।



# शादी के दो साल बाद ही पत्नी से अलग हुआ यह अभिनेता

टीवी एक्टर अभिषेक मलिक (33) को लेकर खबर आ रही है कि वह पत्नी सुहानी चौधरी से तलाक लेकर अलग होने जा रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार तलाक की कार्यवाही की जा रही है।

बताया जा रहा है कि शादी के दो साल के अंदर ही दोनों में आपसी समझ को लेकर विवाद होने लगे। अब अभिषेक ने मीडिया हाउस से बात करते हुए तलाक की खबरों की पुष्टि कर दी है। अभिषेक का कहना है कि यह सच है कि सुहानी और मैं अलग हो रहे हैं और लाइफ में आगे बढ़ रहे हैं।

हमने अपनी शादी में कम्पैटिबिलिटी और समझ जैसी कुछ चीजों की कमी का सामना किया। तलाक के बाद भी हम दोनों एक दूसरे के साथ अच्छे ही रहेंगे। हमारे बीच कोई गलत भावना या मनमुटाव जैसी चीजें नहीं आएंगी। मैं अब सुहानी के संपर्क में नहीं हूं। वह भी अपने काम में व्यस्त हैं और मैं भी। यह आपसी तलाक है और हमने इसके लिए आवेदन किया है।

सुहानी से भी जब इस खबर की पुष्टि की गई तो उन्होंने कहा कि शादी के बाद जब हम एकसाथ रहने लगे तो एहसास हुआ कि हम दोनों के बीच कम्पैटिबिलिटी नहीं है। जब इस बात का एहसास हुआ तो हमने सोचा कि हमें अलग हो जाना चाहिए और अपनी लाइफ में आगे बढ़ जाना चाहिए। अलग होना ही हम दोनों के लिए अच्छा है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक और स्टाइलिश सुहानी ने अक्टूबर 2021 में शादी की थी।

अभिषेक 'कुमकुम भाग्य' और 'ये हैं मोहब्बतें' जैसे सीरियल से घर-घर में लोकप्रिय हो गए। वे छल शह और मात, कैसी ये यारियां, मुस्कुराने की वजह तुम हो, कहां हम कहां तुम और पिंजरा खूबसूरती का सीरियल में भी अदाकारी के जलवे बिखेर चुके हैं।

## एक समय मुझे भी लगा कि...

# आत्महत्या कर लूं: कंगना



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस ने कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। कंगना रनौत अपनी फिल्मों के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस हर मुद्दे पर अपनी राय रखने से पीछे नहीं हटती हैं।

एक्ट्रेस इन बयानों की वजह से लोगों के निशाने पर भी आ जाती हैं। बयानों के साथ-साथ कंगना रनौत राजनीति में एंट्री को लेकर भी चर्चा में हैं। ये तो सभी जानते हैं कि कंगना रनौत की जावेद अख्तर के साथ कानूनी लड़ाई भी चर्चा में रहती है।

इस केस को लेकर भी एक्ट्रेस समय-समय पर सुर्खियों का हिस्सा बनती रहती हैं। ये विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा। वहीं, अब इस मामले में एक बार फिर से एक्ट्रेस को कोर्ट में पेश होना पड़ा। इस दौरान कंगना ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि एक समय पर उन्हें भी लगा था कि वह भी आत्महत्या कर लें। एक्ट्रेस ने कोर्ट के सामने और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं।

कंगना रनौत ने अंधेरी मजिस्ट्रेट अदालत में अपना बयान देते हुए कहा कि बॉलीवुड में आउटसाइडर को बुली किया जाता है। कई तरह से परेशान किया जाता है। मैंने भी इसे झेला है और उत्पीड़न की शिकायत की है। जब सुशांत सिंह राजपूत ने सुसाइड की थी, तो मेरे मन में भी इसका ख्याल आया था, क्योंकि सुशांत की सुसाइड का मुझ पर बड़ा असर हुआ था।

कंगना ने बताया कि साल 2016 में जब उनकी और ऋतिक रोशन की कॉन्ट्रोवर्सी चल रही थी, तो उस टाइम जावेद अख्तर ने उन्हें अपने घर पर बुलाया था और धमकी भी दी। हालांकि जावेद अख्तर ने कंगना रनौत के दावे को एकदम निराधार बताया।

# वर्क एनर्जी मोड में लौटने के लिए जमकर पसीना बहा रही हैं प्रियंका चोपड़ा

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों वर्क एनर्जी मोड में लौटने के लिए जमकर पसीना बहा रही हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक मिरर सेल्फी पोस्ट की है जिसमें वह वर्कआउट गियर में दिख रही हैं। लव अगेन स्टार स्लेट ग्रे रंग की स्पोर्ट्स ब्रा और शॉर्ट्स में दिखाई दे रही हैं। वह नो मेकअप लुक में हैं और अपने बालों को जैसे-तैसे बन में बांध रखा है। 41 वर्षीय स्टार अपना समय पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी जोनास चोपड़ा के साथ बिता रही हैं। वह लगातार सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ अपनी निजी जिंदगी की झलक साझा करते हुए उनके साथ तस्वीरें अपलोड करती रहती हैं। प्रियंका ने इस बात का खुलासा नहीं किया कि वह किस चीज पर काम कर रही हैं। हालाँकि, खबर है कि वह इदरीस एल्बा स्टारर फिल्म हेड ऑफ स्टेट में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन इल्या नैशुलर ने किया है।



# इमरान को मिली थी अभिनय भूल जाने की चेतावनी



अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज शोटाइम की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज के जरिए निर्माता करण जौहर हिंदी सिनेमा के पर्दे के पीछे की कहानी का पर्दाफाश करने वाले है। शोटाइम में इमरान के साथ मौनी रॉय, नसीरुद्दीन शाह मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। हाल ही में एक बातचीत के दौरान इमरान ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और बताया कि उन्हें निर्माता ने फिल्म से बाहर निकालने की चेतावनी दी थी।

### भट्ट परिवार से संबंध के बाद भी नहीं मिला सहयोग

इमरान हाशमी ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया। अभिनेता ने वर्ष 2003 में फिल्म फुटपाथ से बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा था।

इस फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था। इमरान ने खुलासा किया कि भट्ट परिवार से रिश्ता होने के बाद भी उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला। अभिनेता ने बताया कि जब उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, तो महेश भट्ट ने उनसे कहा था, यदि आप पहले शॉट में और फिर उसके बाद के सीन में अच्छे से अभिनय नहीं कर पाए, तो हम आपको इस फिल्म से बाहर निकाल देंगे।

इमरान ने आगे बताया कि कैसे उन्हें अभिनय भूल जाने की चेतावनी देकर उनके अंदर डर पैदा किया गया था? अभिनेता ने महेश भट्ट का नाम लिए बिना कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया था कि यदि दर्शक आपको एक अभिनेता के रूप में पसंद नहीं करते हैं, तो हम आप पर अपना पैसा नहीं लगा सकते।

हम यहां दान करने के लिए नहीं बैठे हैं। बेसक हम एक ही परिवार का हिस्सा हैं, लेकिन फिर भी हम कुछ नहीं कर सकते, क्योंकि यह एक व्यवसाय है। उनसे आगे कहा गया कि आपको साबित करना होगा कि आप एक अच्छे अभिनेता हैं।



# मैं जहीर खान से सीखने की कोशिश करता था : जेम्स एंडरसन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने खुलासा किया है कि भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को वह अक्सर देखा करते थे और उन गेंदों के बारे में समझने के लिए उनसे सीखने की कोशिश करते थे जो यहां की परिस्थितियों में अच्छा काम कर सकती हैं। एंडरसन ने जियोसिनेमा से कहा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज से बेहतर गेंदबाज कोई नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। आपने इशांत शर्मा को भी वहां रखा और यह वास्तव में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है।

मेरे लिए, जहीर खान एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं सीखने के लिए बहुत कुछ देखा करता था। उन्होंने रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल कैसे किया, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़े तो उन्होंने गेंद को कैसे कवर किया, यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने यहां कई बार उनके खिलाफ खेलते हुए विकसित करने की कोशिश की। ÷एंडरसन ने यह भी स्वीकार किया कि विशाखापत्तनम में जसप्रीत बुमराह के जादुई स्पैल से आश्चर्यचकित रह गए थे, जिसमें इंग्लैंड की पहली पारी में छह विकेट लेने का रिवर्स-स्विंगिंग मास्टरक्लास भी शामिल था।उसकी गुणवत्ता वाले किसी व्यक्ति के साथ आप उससे उस मानक की अपेक्षा करते हैं। आप जानते हैं कि रिवर्स स्विंग भारत में एक बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसके महान प्रतिपादक हैं। उसके पास अच्छी गति है और वह बहुत सटीक और निरंतर है।

वह यॉर्कर जो हमने ओली पोप को देखी थी। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक पर पहुंच गया है। वह एक विश्व स्तरीय गेंदबाज है और हमारे दृष्टिकोण से हमें आश्चर्य नहीं हुआ कि उसने ऐसा प्रदर्शन किया। 41 साल की उम्र में, एंडरसन 698 विकेट के साथ टेस्ट में इंग्लैंड के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, एक लंबी उम्र जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखना बहुत दुर्लभ है। हाँ, मुझे लगता है कि आप इस तरह की चीजों को देखते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो, मैं सिर्फ मेरे और मेरे शरीर के अनुभव के साथ चलता हूं। मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूँ। तुम्हें पता है, मैं अभी भी जवान महसूस करता हूँ। मैं






प्रशिक्षण में युवाओं के साथ रह सकता हूँ। मैं अभी भी उस गति से गेंदबाजी कर सकता हूं जो मैं चाहता हूं, मैं अभी भी वह कौशल प्रदान कर सकता हूं जो मैं चाहता हूं। तो, मेरे लिए यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। उम्र सिर्फ एक संख्या है और यह मेरी विचार प्रक्रिया से काफी अप्रासंगिक है। यह पूछे जाने पर कि क्या स्विंग गेंदबाजी की कला खत्म हो रही है, एंडरसन ने ऐसे विचारों से इनकार किया। मुझे नहीं लगता कि यह ख़त्म हो रहा है। हाल के दिनों में सफेद गेंद वाले क्रिकेट के विकास के कारण, ध्यान गति में बदलाव और यॉर्कर जैसी विभिन्न गेंदों और इस तरह की चीजों पर केंद्रित हो गया है। लेकिन मेरे लिए, टेस्ट क्रिकेट में, हमने इस पूरी श्रृंखला में पहले ही देखा है कि स्विंग एक बड़ी भूमिका निभा सकती है।

ठीक है, मुझे लगता है कि एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में यह वास्तव में महत्वपूर्ण है कि आप जितना संभव हो उतना सलाह दें, खासकर उस जगह पर जहां हमारी टीम में कुछ ऐसे लोग हैं जिन्होंने जरूरी नहीं कि यहां उतना अच्छा खेला हो। इसलिए, मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि आप सलाह तो दें लेकिन साथ ही उन पर खुद को थोपने की कोशिश न करें। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें प्रश्न भी पूछना चाहिए, उन्हें अपना रास्ता खोजने की कोशिश करनी होगी क्योंकि यह प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग है। मैं ओली रॉबिन्सन या गस एटकिंसन से यह नहीं कह सकता कि आपको यहां इसी तरह गेंदबाजी करनी चाहिए।

वे मेरे लिए बहुत अलग गेंदबाज हैं इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि उनके लिए क्या काम करता है और अगर मैं उन्हें मदद करने के लिए कोई सलाह दे सकता हूं तो बहुत अच्छा होगा। एंडरसन का यह भी मानना है कि विराट कोहली का निजी कारणों से सीरीज से हटना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे क्रिकेट प्रशंसक दोनों के बीच आमना-सामना देखने से वंचित रह गए। ÷हाँ, आप हमेशा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना चाहते हैं। और यह शर्म की बात है कि वह श्रृंखला का हिस्सा नहीं रहे। पिछले कुछ वर्षों में हमारे बीच कुछ महान लड़ाइयाँ हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला प्रीमियर लीग में बवाल, सुरक्षा में सेंध लगाकर मैदान में घुसा शख्स




**बेंगलुरु, एजेंसी ।** महिला प्रीमियर लीग 2024 के छठे मैच में जमकर बखेड़ा तब खड़ा हुआ जब एक शख्स सुरक्षा में सेंध लगातर जबरन मैदान में घुस आया, लेकिन यूपी वारियर्स की कप्तान एलिसा हीली ने उसे पिच की ओर बढ़ने से रोक दिया। यह घटना यूपी वारियर्स और मुंबई इंडियंस के बीच 28 फरवरी को बेंगलुरु में खेले गए मैच में हुई। मुंबई की पारी के अंतिम ओवर में एक दर्शक सुरक्षा का उल्लंघन करते हुए मैदान पर घुस गया, जिसके कारण मैच थोड़ी देर के लिए रोकना भी पड़ा। एलिसा, जो उस समय विकेटकीपिंग कर रही थी। उन्हें लगा कि वो पिच को नुकसान पहुंचाएगा, जिसके बाद उन्होंने इस दर्शक को पकड़कर अलग कर दिया। विकेट-कीपिंग कर रही हीली ने इस दौरान उस शख्स पर काबू पाने के लिए हर मुमकिन कोशिश की।इससे पहले, पूर्व पुरुष क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स और ऑस्ट्रेलिया महिला फुटबॉल खिलाड़ी सैम केर को खेल के दौरान आक्रमणकारियों से निपटना पड़ा था। इस घटना के बाद एलिसा ने 29 गेंदों पर 33 रन बनाए और किरण नवगिरे के साथ 94 रन की शुरुआती साझेदारी करते हुए यूपी वारियर्स को 16.3 ओवर में 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मौजूदा टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दिलाई। यूपी वारियर्स, जो वर्तमान में डब्ल्यूपीएल 2024 स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर है। शुक्रवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में एलिसा की राष्ट्रीय टीम कीओपनिंग पार्टनर बेथ मूनी की कप्तानी में निचले स्थान पर मौजूद गुजरात जायंट्स से भिड़ेगी।

### धर्मशाला टेस्ट में केएल राहुल की वापसी पर सस्पेंस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में केएल राहुल की वापसी पर संशय बरकरार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह इलाज के लिए लंदन गए हैं। सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा। वहीं, इस मैच से पहले केएल राहुल की वापसी को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट से पहले बीसीसीआई ने एक बयान में कहा था कि राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के कारण मैच नहीं खेल पाएंगे। लेकिन, ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राहुल इस समय जाँघ के सामने के हिस्से में चोट के लिए एक विशेषज्ञ से परामर्श लेने के लिए लंदन में हैं। इस कारण उन्हें हैदराबाद में श्रृंखला के शुरुआती मैच के बाद एक्शन से बाहर होना पड़ा। सीरीज के पहले मैच में राहुल ने 86 और 22 रनों की पारियाँ खेली थी। पहले मुकाबले में ही उन्होंने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद राहुल को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था।

न्यूजीलैंड वर्सेस ऑस्ट्रेलिया

# कैमरून ग्रीन ने ठोकी दूसरी टेस्ट सेंचुरी



**वेलिंग्टन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़कर अपनी टीम को शर्मिंदगी से बचा लिया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों के घातक आक्रमण के बावजूद ग्रीन 155 गेंद में 103 रन बनाकर नॉटआउट लौटने में सफल रहे। ग्रीन की ही पारी के बूते ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले दिन का खेल खत्म होने तक नौ विकेट खोकर 279 रन बनाने में कामयाब रही।

न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व में ग्रीन टॉप विकेट पर पेस अटैक का नेतृत्व करते हुए 43 रन देकर चार विकेट झटके। वह कंगारू बल्लेबाजों के लिए काल बने रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ कैमरून ग्रीन ही संघर्ष करते नजर आए, जिन्होंने पहले अर्धशतक और फिर अपने करियर का दूसरा शतक पूरा किया। कैमरन ग्रीन को हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने मुंबई इंडियंस से लिया है।

मुंबई ने ग्रीन को ऑल कैश ट्रांसफर में आरसीबी को सौंपा। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर फ्रैंचाइजी अपने नए प्लेयर के शानदार शतक से गदगद होगी। विराट कोहली, फाफ डुप्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल सरीखे तोप बल्लेबाजों के बीच ग्रीन का शानदार फॉर्म सोने पर सुहागा काम करेगा।

### पतझड़ के बीच टिके ग्रीन

न्यूजीलैंड का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला उस वक्त गलत साबित हो गया, जब टीम ने 61 रन पर स्टीव स्मिथ ( 31 ) के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। वह उस्मान ख्वाजा (33) के साथ ओपनिंग करने उतरे थे। स्कोर में चार रन ही जुड़ पाया था कि तीसरे नंबर पर उतरे नए बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ( 1 ) भी चलते बने।

ट्रेविस हेड ( 1 ) भी सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। 90 रन के भीतर कंगारू अपने चार विकेट गंवा चुके थे। इसके बाद उन्होंने मिचेल मार्श (40), एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और नाथन लियोन के साथ छोटी-छोटी साझेदारी की। न्यूजीलैंड का बेसिन रिजर्व में शानदार रिकॉर्ड है। इस ग्राउंड पर उसने पिछले पांच मैच में शानदार जीत हासिल की है। बावजूद इसके कीवी 31 साल में ऑस्ट्रेलिया पर अपनी पहली घरेलू टेस्ट जीत की तलाश में है।

# डब्लूपीएल 2024 से 20-25 खिलाड़ियों का पूल बनाना चाहता हूं : अमोल मजूमदार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम के प्रमुख कोच अमोल मजूमदार ने कहा है कि वह डब्लूपीएल 2024 से कम से कम 25 खिलाड़ियों का एक पूल बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं 20-25 खिलाड़ियों का एक पूल बनाना



चाहता हूं, जिससे 20-25 खिलाड़ियों का एक मज़बूत बेंच स्ट्रेंथ तैयार किया जा सके। मेरी नज़र प्रमुख रूप से तेज़ गेंदबाज़ों पर है।

मजूमदार ने आख़िरी गेंद पर छक्का लगाकर मुंबई इंडियंस को जीत दिलाने वाली सजीवन सजना की तारीफ़ की और कहा कि उनसे आप भारतीय महिला क्रिकेट की गहराई का अंदाज़ा लगा सकते हैं। सतीश शुभा के बारे में उन्होंने बताया कि शुभा को उन्होंने एक अभ्यास मैच में देखा था और सीधे भारतीय टीम में खेलाने का फ़ैसला किया था। शुभा ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ डेब्यू करते हुए अर्धशतक जड़ा था। हालांकि वह चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ सीरीज़ का हिस्सा नहीं बन पाई थीं। उन्होंने कहा, मैंने एनसीए में एक मैच आयोजित किया था, जिसमें शुभा ने 99 और 50 का स्कोर किया। वह बाएं हाथ की बल्लेबाज़ हैं और नंबर तीन पर बल्लेबाज़ी करती हैं।

मुझे वह पसंद आई और मैंने उन्हें टीम में लाने का फ़ैसला किया। मैं हरमनप्रीत को धन्यवाद देना चाहूंगा कि वह मेरी बात मान गईं। मजूमदार ने बताया कि उनका ज़ोर फ़ील्डिंग और फ़िटनेस पर है और सभी खिलाड़ियों को इसकी जानकारी दे दी गई है और सभी इस पर काम कर रही हैं। इसके लिए एक विस्तृत योजना भी बनाई गई है।

डब्लूपीएल 2024 में भारतीय बल्लेबाजों ख़ासकर एस मेघना, ऋचा घोष और शेफ़ाली वर्मा के अब तक के प्रदर्शन से मजूमदार खुश नज़र आए।

# मैनचेस्टर सिटी ने ल्यूटन टाउन को 6-2 से रौंदा, हालैंड ने दागे पांच गोल, न्यूकैसल और लिसेस्टर भी जीता

**लंदन, एजेंसी।** हालैंड ने अपना पहला गोल तीसरे और दूसरा गोल 18वें मिनट में किया। उन्होंने अपनी हैट्रिक 40वें मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गाल कर दिए। उन्होंने 55वें मिनट में अपना चौथा और 58वें मिनट में पांचवां गोल दागा।

स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के दमदार प्रदर्शन के दम पर मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप फुटबॉल के मुकाबले में ल्यूटन टाउन को 6-2 से करारी शिकस्त दी।

इस जीत में हालैंड चमके जिन्होंने पांच गोल किए। उनके चार गोल करने में केविन डि ब्रुईन ने मदद की। हालैंड ने दूसरी बार क्लब के लिए एक मैच में पांच गोल दागे हैं। हालैंड पैर में चोट की वजह से दिसंबर से जनवरी तक खेल से दूर थे और अब इस मैच के जरिए वह पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दिए।

माटेयो कोवाकिक (72वें मिनट) ने सिटी के लिए छठा गोल किया, जबकि जॉर्डन क्लार्क ( 45 और 52वें मिनट) ने ल्यूटन के लिए दो गोल किए। हालांकि, मैच में हालैंड के पास दोगनी हैट्रिक करने का मौका था, लेकिन टीम के कोच पेप गॉर्डियोला ने उन्हें 77वें मिनट में मैदान से बाहर भेज दिया और उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज को मैदान पर उतारा।

एफए कप







### 40वें मिनट में हैट्रिक की पूरी

हालैंड ने अपना पहला गोल तीसरे और दूसरा गोल 18वें मिनट में किया। उन्होंने अपनी हैट्रिक 40वें मिनट में पूरी की। इसके बाद उन्होंने तीन मिनट के अंदर दो गाल कर दिए। उन्होंने 55वें मिनट में अपना चौथा और 58वें मिनट में पांचवां गोल दागा।

### न्यूकैसल और लिसेस्टर सिटी को भी मिली जीत

एफए कप के अन्य मुकाबलों में न्यूकैसल ने पेनाल्टी शूटआउट में ब्लैकबर्न रोवस को 4-3 से हराया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। वहीं, लिसेस्टर सिटी ने बोर्नमाउथ को 1-0 से पराजित कर दिया। मैच का एकमात्र गोल लिसेस्टर के अब्दुल फेटेवु इस्सहाकू ने दागा।

# पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र ने पीसीआई अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन

## नौ मार्च को चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया ने भारतीय पैरालंपिक समिति ( पीसीआई ) के नौ मार्च को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। पीसीआई के चुनाव अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और कार्यकारी समिति के पांच सदस्यों के लिए होंगे। भाला फेंक के



एथलीट 42 वर्षीय झाझरिया ने 2004 में एथेंस और 2016 में रियो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीते थे। उन्होंने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक हासिल किया था। झाझरिया ने विश्व चैंपियनशिप 2013 में स्वर्ण पदक और 2015 में रजत पदक जीता था। उन्होंने 2014 में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक हासिल किया था। झाझरिया ने कहा, 'मेरे शुभचिंतकों के प्रोत्साहन तथा पैरा खेलों और पैरा खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए काम करने के उद्देश्य से मैंने भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। मैं पिछले चार साल से पीसीआई में पैरा खिलाड़ियों का प्रतिनिधि रहा हूं, लेकिन कई शुभचिंतक चाहते हैं कि मैं अब पीसीआई का नेतृत्व करूं। इसलिए मैंने शीर्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की।

# साइना और सिंधु का विकल्प बन रहीं अनमोल खरब

## बैडमिंटन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अभी दो सप्ताह से भारतीय बैडमिंटन में एक नाम बड़ा गर्व से लिया जा रहा है। यह नाम है अपने जीवन के मात्र 17वें वसंत में चल रही अनमोल खरब का। उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा है। दो सप्ताह पूर्व मलेशिया में संपन्न बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में जब थाइलैंड व भारत का मुकाबला 2-2 से बराबर था।

उस समय निर्णायक मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन की इस नई सनसनी ने अपने शानदार खेल से थाइलैंड की 45वीं वरीयता की पी चोएलकिवांग के खिलाफ अप्रत्याशित जीत दर्ज कर भारत के नाम महिला वर्ग में पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का ऐतिहासिक खिताब कर दिया। जो, अब तक साइना व सिंधु जैसी शानदार खिलाड़ी के एक ही समय खेलते हुए देश के नाम नहीं हो पाया था। हालांकि इस



प्रतियोगिता में भारतीय टीम में पीवी सिंधु शामिल थीं। हरियाणा के फरीदाबाद में जन्मीं अनमोल खरब ने बहुत कम उम्र में अपनी प्रतिभा का परचम फहराने का जो चामत्कारिक सफर शुरू किया है, उसके पीछे पिता देवेंद्र खरब का बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपनी इस प्रतिभाशाली बेटी में खेल के प्रति दीवानगी को देखते हुए पहले स्केटिंग, फिर बैडमिंटन में आगे बढाने का निश्चय किया। अपने आवास के पास ही बैडमिंटन कोर्ट पड़ोसियों के सहयोग से बनाया, वह बेटी अनमोल के लिए सही साबित हुआ। अपने नियमित अभ्यास के अलावा, अनमोल ने अपने तकनीकी प्रशिक्षण के पूरक के लिए कुछ अपरंपरागत साधन भी अपनाए। अनमोल खरब आज जिस विजय रथ पर सवार हो कर चर्चा में हैं उसमें मां राजबाला के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता।

जो अपनी लाडली बेटी को इस खेल में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए अभ्यास हेतु फरीदाबाद से नोएडा तक प्रतिदिन तीन घंटे का सफर तय कर प्रशिक्षण के लिए ले जाती थीं। माता-पिता के साथ आज अनमोल का खेल जो विश्व स्तर के खिलाड़ियों को पछाड़ने में सक्षम बन पा रहा है उसमें अनमोल के प्रशिक्षकों संजय सपरा, एक अकादमी के इंडोनेशियाई कोच मोहम्मद रज्जाक, नोएडा अकादमी की कोच सुमन सिंह व भारतीय टीम के कोच पी गोपीचंद के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने इस युवा खिलाड़ी के खेल को अपने मार्गदर्शन से मांजकर खरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया है और कर रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि अनमोल का करिअर अब तक छोटा सा रहा है। लेकिन इसमें खेल के प्रति जो जुनून है व जीत की जो भूख है उसी का परिणाम है कि उसने अंडर-17, अंडर-19 व सीनियर नेशनल का खिताब अपने नाम करते हुए सबको चौंका दिया। बेहतरीन खेल का जलवा ही रहा कि अनमोल का चयन 2022 में अंडर 17 एशियाई जूनियर में भारतीय टीम में हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर से निकला एक और हीरो

**इंदौर, एजेंसी।** आने वाले 8 मार्च 2024 के दिन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक सम्पूर्ण बॉलीवुड मसाला फिल्म रिलीज होने जा रही है जिसका नाम है डकैत ऑफ धौलपुर। इस फिल्म से मनोज चतुर्वेदी बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म डकैत ऑफ धौलपुर में मनोज चतुर्वेदी ने अभिनय के साथ साथ फिल्म का निर्माण भी किया है। मनोज चतुर्वेदी के साथ इस फिल्म में निर्देशन की जिम्मेदारी अफजल खान ने संभाली है। डकैत ऑफ धौलपुर में मनोज के साथ राधा अजमेरा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मनोज चतुर्वेदी अपनी पहली फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि उन्होंने अपनी पहली फिल्म के लिए शानदार कहानी का चयन किया है जिसमें ट्रेजेडी है, ऐक्शन है, ड्रामा है, रोमांस है,और कॉमेडी है। साथ ही फिल्म को महाशिवरात्रि के दिन रिलीज होने की वजह से उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। मनोज चतुर्वेदी ने फिल्म के रिलीज को लेकर कहा है कि मैं शिवशक्ति का भक्त हूं। उनके लिए महाशिवरात्रि का ये त्योहार साल में एक बार मनाया जाता है इसलिए भक्त होने के नाते मैं अपनी पहली फिल्म को शिवशक्ति के चरणों में समर्पित करने जा रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि शिवशक्ति की कृपा मुझपर बनी रहेगी और उनके आशीर्वाद से मुझे मेरे मकसद में कामयाबी मिलेगीदरअसल इंदौर के रहने वाले मनोज चतुर्वेदी का मकसद है मनोरंजन की दुनियां में खूब नाम कमाना और बॉलीवुड में अपना ऊंचा मुकाम बनाना जिसका सपना मनोज चतुर्वेदी ने बचपन से देखा है। पेशे से मनोज चतुर्वेदी केमिस्ट रहे हैं और देश की सबसे बड़ी फार्मास्यूटिकल कंपनियों में से एक फार्मास्यूटिकल कंपनी के साथ बतौर केमिस्ट जुड़े रहे हैं। केमिस्ट रहते हुए मनोज चतुर्वेदी ने अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयास किया। मनोज चतुर्वेदी ने फिल्म बनाने से पहले एक छत्रनीति नाम की डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई थी जिसका भव्य प्रीमियर इंदौर शहर में किया गया था।

### जज को ठीक से नहीं दी सलामी, गुरुग्राम कोर्ट ने एसीपी के खिलाफ ऐक्शन लेने के दिए आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम की एक अदालत ने पुलिस आयुक्त को आदेश दिया है कि वह पेशी के दौरान न्यायाधीश को ठीक से सलामी नहीं देने वाले एसीपी के खिलाफ कार्रवाई करें। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) करण गोयल को सौंपी गई है। पुलिस के मुताबिक, एसीपी नवीन शर्मा और उनकी टीम धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को पेश करने के लिए न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) विक्रांत की अदालत में गई थी। अदालत ने प्रकरण में आदेश पारित किया जिसमें एसीपी की सलामी का भी उल्लेख है और पुलिस आयुक्त से मामले में कार्रवाई करने को कहा गया है। आदेश में कहा गया कि जैसे ही आदेश पारित हुआ, जांच अधिकारी एसीपी नवीन ने सिर्फ अपना हाथ उठाकर और दो उंगलियों से माथे को छूकर अनुचित तरीके से पीठ को सलामी दी। आदेश में कहा गया है कि जब पुलिस अधिकारी से सलामी के बारे में पूछा गया तो उनका कहना था कि उन्होंने तीन तरह की सलामी सीखी है, यानी सिर्फ कोहनी उठाना, माथे को छूना और फिर उचित सलामी देना। हालांकि, जब अधिकारी को एहसास हुआ कि अदालत चुटकुले सुनाने की जगह नहीं है तब उन्होंने बहाना बनाया कि उन्होंने तंग कमीज पहनी हुई थी।

### दूल्हे की अजीबोगरीब शर्त से टली शादी, बैरंग लौटी बारात

**रांची, एजेंसी।** वैवाहिक रस्म के दौरान दूल्हे की अजीबोगरीब शर्त की वजह से शादी टल गई और बारात को बैरंग लौटना पड़ा। वाकया झारखंड के गढ़वा जिले के केतार थाना क्षेत्र का है। बुधवार को गढ़वा के धुरकी थाना क्षेत्र निवासी अंजनी कुमार की बारात केतार प्रखंड गई थी। बारातियों के स्वागत, जयमाल और द्वारपूजा के बाद जब दुल्हन के सिंदूरदान के रस्म का वक्त आया, तो दूल्हे ने शर्त रख दी कि वह लाइट बंद कर एकांत में यह रस्म पूरी करेगा। वर-वधू दोनों पक्ष के लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह अपनी शर्त पर अड़ा रहा। अंततः पंचायत बैठी और दोनों पक्षों की सहमति से शादी टाल दी गई। दूल्हा पक्ष को 5.13 लाख रुपए दुल्हन पक्ष को देना पड़ा।

इसके बाद दूल्हा और बाराती बैरंग लौट गए।

# 3 डिग्री तापमान बढ़ने पर हिमालय के 90 प्रतिशत हिस्से को साल भर सूखे का करना पड़ेगा सामना

**अध्ययन में सामने आए तथ्य**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एक नए शोध में हिमालय क्षेत्र में सूखे को लेकर कुछ तथ्य सामने आए हैं। शोध के अनुसार, यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाती है, तो हिमालय क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में एक वर्ष तक सूखा रहेगा।

जर्नल क्लाइमैटिक चेंज में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चलता है कि पेरिस समझौते के ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के पेरिस समझौते के तापमान लक्ष्यों का पालन करके भारत में गर्मी के तनाव के बढ़ते मानव जोखिम से 80 प्रतिशत तक बचा जा सकता है, जबकि तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है। यूके में ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूईए) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने यह निर्धारित किया कि ग्लोबल वार्मिंग का स्तर बढ़ने के साथ ही राष्ट्रीय



स्तर पर मानव और प्राकृतिक प्रणालियों के लिए जलवायु परिवर्तन के जोखिम कैसे बढ़ जाते हैं। भारत, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया और घाना पर केंद्रित आठ अध्ययनों के संग्रह से पता चलता है कि ग्लोबल वार्मिंग की प्रत्येक अतिरिक्त डिग्री के लिए सूखा, बाढ़, फसल की पैदावार में गिरावट और जैव विविधता और प्राकृतिक पूंजी के नुकसान में काफी वृद्धि होती है। इसमें पाया गया कि भारत में 3-4 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग पर परागण आधे से कम हो जाता है जबकि 1.5 डिग्री पर एक चौथाई की कमी हो जाती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से आधे देश को जैव विविधता के लिए आश्रय के रूप में कार्य करने की अनुमति मिलती है, जबकि 3 डिग्री पर यह 6 प्रतिशत है। टीम ने पाया कि 3 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने के साथ कृषि भूमि के सूखे की चपेट में आने की संभावना में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है। अध्ययन किए गए प्रत्येक देश में 50 प्रतिशत से अधिक कृषि भूमि 30 साल की अवधि में एक वर्ष से अधिक समय तक गंभीर सूखे के संपर्क में रहने का अनुमान है। हालाँकि, ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने से कृषि भूमि पर सूखे का जोखिम 21 प्रतिशत (भारत) और 61 प्रतिशत (इथियोपिया) के बीच कम हो जाएगा और साथ ही नदी से आने वाली बाढ़ के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान में भी कमी आएगी। किनारे तोड़ देते हैं और पानी निकटवर्ती निचले इलाकों में बह जाता है। शोधकर्ताओं ने कहा, गंभीर सूखे के संपर्क में आने से मानव जोखिम में वृद्धि छह देशों में 3 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस पर 20-80 प्रतिशत कम है।

## मेट्रो ट्रैक के आगे छलांग लगाकर व्यक्ति ने दी जान, कैंसर पीड़ित था शख्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर बुधवार को कैंसर पीड़ित शख्स ने मेट्रो के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। हालांकि, घटना घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि 39 वर्षीय शख्स बीमारी से परेशान था। इसलिए आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण उसने खुदकुशी कर ली।

मरने वाला शख्स मुकुंदपुर इलाके का रहने वाला था और पेंटर का काम करता था। पुलिस को पत्नी ने बताया कि कैंसर से पीड़ित होने के कारण आजकल वह काम नहीं कर रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उसकी जेब से बरामद एक पर्ची में एक मोबाइल नंबर लिखा था, जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई। पत्नी के अनुसार शख्स का एक प्रमुख अस्पताल में इलाज चल रहा था और हाल ही में उसकी सर्जरी हुई थी। उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रैक पर एक व्यक्ति द्वारा कूदने की एक पीसीआर कॉल डीडी नंबर 19ए के माध्यम से पीएस राजीव चौक को प्राप्त हुई थी। आईओ पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ करने और सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि उस व्यक्ति ने उद्योग भवन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर सुबह करीब 11:29 बजे मेट्रो ट्रेन के आगे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या कर ली। आगे की पूछताछ पर उसकी पत्नी प्रीति से उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, जिसने मृतक की पहचान आनंद कुमार के रूप में बताई।



## गैर हिमाचली को राज्यसभा चुनाव में उतारने पर कांग्रेस विधायकों ने की बगावत, मंत्री अनुराग ठाकुर ने कसा तंज

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
मेट्रो केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के लोगों का कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार से 14 महीने के भीतर ही विश्वास समाप्त हो गया है। इसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव के दौरान किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने में विफल रही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया, क्योंकि वे राज्य से एक गैर हिमाचली को उम्मीदवार बनाए जाने से नाराज थे। कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन से राज्यसभा चुनाव हार गए। ठाकुर ने कहा कि विधायकों में गुस्सा है। वे अपनी सरकार से नाखुश हैं, क्योंकि वे अपने वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान कर अपना गुस्सा निकाला। कांग्रेस विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं का सामना करने में असमर्थ हैं। उनसे चुनाव के दौरान किए गए वादों के बारे में लोग सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने एक सम्मेलन से इतर कहा कि कांग्रेस बिखरी और टूटी हुई दिखाई दे रही है। उसके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि हिमाचल प्रदेश में उसकी ऐसी हालत क्यों हुई।

## सर्वे में शिखर पर भाजपा, कांग्रेस को सिर्फ नुकसान; राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटों के नतीजे

**जयपुर, एजेंसी।** देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन जल्द ही चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तरफ से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच जी न्यूज और मैटराइज ने अलग-अलग राज्यों की लोकसभा सीटों को लेकर अपना ओपिनियन पोल जारी किया है। राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटें हैं और इस ओपिनियन पोल में इन सभी सीटों को लेकर चौंकाने वाले अनुमान लगाए गए हैं।

राजस्थान में विधानसभा चुनाव से पहले अक्सर यह कहा जाता है कि यहां सत्ता विरोधी लहर काम करती है और हर चुनाव में सरकार बदलती है। ऐसा विधानसभा चुनाव में हुआ। राज्य की अशोक गहलोत सरकार विधानसभा चुनाव हार गई और बीजेपी ने यहां सरकार बनाई। भजन लाल शर्मा यहां मुख्यमंत्री बनाए गए।लेकिन अभी लोकसभा चुनाव की बारी है। ऐसे में राजस्थान में वोटरों के बदले मिजाज को देखना भी काफी दिलचस्प होगा।

## गुजरात से दुहाई डिपो पहुंचे नमो भारत के तीन डिब्बे, जल्द मेरठ ट्रैक पर दौड़ेगी ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मेरठ में चलने वाली मेट्रो के तीन डिब्बे मंगलवार रात एनसीआरटीसी के दुहाई डिपो पहुंच गए। गुजरात के सावली से बड़े ट्राला में लादकर इसे लाया गया। डिब्बों को जोड़कर डिपो के अंदर ट्रायल होगा। इसके कुछ दिन बाद ट्रायल के लिए मेरठ में ट्रैक पर दौड़ाया जाएगा। एनसीआरटीसी अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन को भारत में ही डिजाइन कर इसे यहीं बनाया गया है। मेक इन इंडिया अभियान के तहत यह ट्रेन बनाई है। मेरठ मेट्रो के ट्रेनसेट ऊर्जा कुशल है। साथ ही हल्के और ब्रेकिंग सिस्टम से लैस है। यह ट्रेन स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी), स्वचालित ट्रेन नियंत्रण (एटीसी) और स्वचालित ट्रेन संचालन (एटीओ) है। मेरठ मेट्रो ट्रेन की परिचालन गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसका ट्रायल रन जल्द शुरू कराने की तैयारी है। मेरठ मेट्रो 13 स्टेशन के साथ 23 किलोमीटर लंबा है। फिलहाल मेरठ मेट्रो का निर्माण तेजी से चल रहा है। यह देश की पहली ट्रेन है जो नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो रैपिड रेल ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) कॉरिडोर पर चलेगी। ट्रेन मेरठ शहर के अंदर चलेगी। मेरठ साउथ, परतापुर, रिठानी, शताब्दी नगर, ब्रह्मपुरी, मेरठ सेंट्रल (भूमिगत), भैसाली (भूमिगत), बेगमपुल (भूमिगत), एमईएस कॉलोनी, दौरली, मेरठ नॉर्थ, मोदीपुरम और मोदीपुरम डिपो है। मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम स्टेशन पर आरआरटीएस के साथ मेट्रो भी उपलब्ध होंगी। लोग सुविधानुसार ट्रेन आगे जाने के लिए बदल सकेंगे। मेट्रो का डिजाइन आधुनिक तरीके से बनाया गया है, इसमें यात्रियों को आराम और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। एक ट्रेन मे 700 से ज्यादा यात्री सफर कर सकेंगे, मेरठ मेट्रो के ट्रेन हल्के वजन और स्टेनलेस स्टील से निर्मित है। मेरठ मेट्रो में भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने की बेहतर व्यवस्था होगी। सभी स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) के साथ मेट्रो संचालन को जोड़ा जाएगा। ऊर्जा खपत में कमी के लिए ट्रेनों के दरवाजों में पुश बटन का प्रयोग किया गया है। इसकी मदद से सिर्फ वही दरवाजे खुलेंगे जहां पुश बटन को दबाया जाएगा। इसके साथ ही आपातकालीन निकास उपकरण, अग्निशामक यंत्र, अलार्म जैसे सुरक्षा सिस्टम को जोड़ा गया है। आपातकालीन स्थिति में मेडिकल स्ट्रेचर ले जाने के लिए ट्रेन में जगह की व्यवस्था, व्हील चेयर के लिए भी स्थान।

राष्ट्रीय उद्यमिता एवम् लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए-23, सेक्टर-62, (संस्थागत क्षेत्र), नोएडा-201309 (उ0प्र0)
GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम
(हैंडीक्राफ्ट)
अहर्ता : 18 से 50 वर्ष की आयु के अनुसूचित जनजातीय वर्ग के बेरोजगार/ड्रॉप आउट
प्रतिभागियों का चयन 09/03/2024
स्थान. जीटी रोड, मोहदी, सत्यम पब्लिक स्कूल के पास, चौपारण, हज़ारीबाग़, झारखंड, 825406
सीमित सीटें-60
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-
कोर्स निदेशक मनीष कुमार मो0 8826894375
manish@niesbud.gov.in
www.niesbud.nic.in
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प))

राष्ट्रीय उद्यमिता एवम् लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड)
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
ए-23, सेक्टर-62, (संस्थागत क्षेत्र), नोएडा-201309 (उ0प्र0)
GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF SKILL DEVELOPMENT & ENTREPRENEURSHIP
स्वरोजगार हेतु उद्यमिता विकास कार्यक्रम
(अपना व्यवसाय शुरू करने का सुनहरा अवसर)
अहर्ता : 18 से 50 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार/ड्रॉप आउट
प्रतिभागियों का चयन 09/03/2024
स्थान. जीटी रोड मोहदी, सत्यम पब्लिक स्कूल के पास, ब्लॉक चौपारण जिला, हज़ारीबाग़, 825406
सीमित सीटें-60
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-
कोर्स निदेशक मनीष कुमार मो0 8826894375
manish@niesbud.gov.in
www.niesbud.nic.in
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार
(आजीविका संवर्धन के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प))

## शत-प्रतिशत मतदान केंद्रों की कराई जाए वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग, भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयुक्त के सामने रखी मांग

**नई दिल्ली , एजेंसी।** चुनावी पारदर्शिता को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय है। लोकसभा चुनाव से पहले जहां कांग्रेस शत-प्रतिशत इवीएम मशीनों को वीवीपैट से मिलान की मांग कर रही है। वहीं, भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर शत-प्रतिशत मतदान केंद्रों की वीडियोग्राफी और वेबकास्टिंग कराने की मांग की है। मतदाता के पहचान की इस दोहरी व्यवस्था से गड़बड़ी की आशंका बिल्कुल भी नहीं रहेगी। अभी करीब 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर ही यह दोहरी व्यवस्था की जाती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की अगुवाई में चुनाव आयोग पहुंचे भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने इस दौरान चुनाव आयुक्त अरुण गोयल से मुलाकात कर उन्हें चुनावी पारदर्शिता के लिहाज से और भी कई सुझाव दिए। इनमें राज्यों में गठित होने वाली मीडिया कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से जुड़ी व्यवस्थाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने की मांग की। साथ ही बताया कि पिछले चुनाव के दौरान दिल्ली में कमेटी ने प्रचार से जुड़ी उसकी एक अनुमति देने में दस दिनों का समय लगा दिया था। जिसके चलते प्रचार के लिए उन्हें कम समय मिल पाया। भाजपा प्रतिनिधि मंडल का कहना था कि वैसे भी चुनावों में प्रचार के लिए दलों को कम दिन ही मिलते है ऐसे में यदि इस तरह की देरी की गई तो फिर मुश्किल होगी। भाजपा ने इस दौरान आयोग के सामने मतदाताओं की सुविधा से जुड़ा भी एक मुद्दा प्रमुखता से रखा। जिसमें यह मांग की गई कि मतदाताओं की सुविधा के लिए बहुमंजिला भवनों और हाउसिंग सोसाइटी में मतदान केंद्र खोला जाए। इससे अभी मतदान में हिस्सा लेने से बचने वाले लोग भी आसानी से वोट कर सकेंगे। इसका असर वोटिंग प्रतिशत पर भी पड़ेगा।

मौजूदा समय में शहरी क्षेत्रों में वैसे भी मतदाताओं की अरुचि के चलते मतदान प्रतिशत काफी कम है, जिससे निपटने के लिए आयोग लगातार जागरूकता अभियान छेड़े हुए है।

## 'पूर्वांचल सूर्य' समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

### घोषणा

फार्म-4 (नियम 8 देखिये)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | रजिस्ट्रेशन | : | आर.एन.आई.रजि.क्र. RNI No - JHAHIN/2007/24306 |
| 2. | प्रकाशन स्थल | : | रांची |
| 3. | प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 4. | मुद्रक का नाम | : | सुमन कुमार |
| | क्या भारत का नागरिक है | : | हाँ |
| | पता | : | एच. आई. - 67, हरमू हाउसिंगकॉलोनी रांची |
| 5. | प्रकाशक का नाम | : | सुमन कुमार |
| | क्या भारत का नागरिक है | : | हाँ |
| | पता | : | एच. आई. - 67, हरमू हाउसिंगकॉलोनी रांची |
| 6. | सम्पादक का नाम | : | सुमन कुमार |
| | क्या भारत का नागरिक है | : | हाँ |
| | पता | : | एच. आई. - 67, हरमू हाउसिंगकॉलोनी रांची |
| 7. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो | : | सुमन कुमार |
| | क्या भारत का नागरिक है | : | हाँ |
| | पता | : | एच. आई. - 67, हरमू हाउसिंगकॉलोनी रांची |

मैं सुमन कुमार एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

सुमन कुमार
(प्रकाशक)

दिनांक- 01/03/2024

# इंडी गठबंधन नेतृत्वहीन गठबंधन है, असम विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**गुवाहाटी, एजेंसी।** कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए असम विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ नुमल मोमिन ने इंडिया ब्लॉक को नेतृत्वहीन गठबंधन कहा है। डॉ मोमिन ने बुधवार को एएनआई से कहा, इंडी गठबंधन एक बिना नेतृत्व वाला गठबंधन है। जिन राजनीतिक दलों ने यह गठबंधन बनाया है, उनमें एकता नहीं है।

उन्होंने कहा, कोई इंडी गठबंधन से प्रधानमंत्री बनना चाहता है और कुछ अन्य सहयोगियों ने किसी और का नाम ले लिया। इसलिए, नीतीश कुमार जैसे महान नेता ने इंडी गठबंधन छोड़ दिया। जब चुनाव और टिकटों की घोषणा का समय आएगा, तो इंडी गठबंधन के सभी गठबंधन सहयोगी एक-दूसरे से लड़ेंगे और इंडी गठबंधन टूट जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा, ये बिना विचारधारा, बिना किसी विजन वाली पार्टियां हैं, वे गरीबों के लिए काम करने के पक्ष में नहीं हैं। केवल वे ही कह सकते हैं कि गरीबी हटाओ, देश बचाओ और उन्होंने (कांग्रेस) 65 साल तक शासन किया, लेकिन वे गरीबी को खत्म नहीं कर सके। असम के डिप्टी स्पीकर ने आगे कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं, लेकिन राज्यों की सबसे पुरानी पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस तोड़ो यात्रा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि एक बात बहुत प्रमुख है कि पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की, लेकिन राज्यों ने कांग्रेस तोड़ो यात्रा शुरू की। उन्होंने कहा, पूरे कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस छोड़ना शुरू कर दिया है और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमारे गतिशील नेतृत्व पर भरोसा है। पीएम मोदी के गतिशील नेतृत्व के कारण ही इतने सारे लोग कांग्रेस से भाजपा में आ रहे हैं। असम में भी कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। नुमल मोमिन ने एएनआई को बताया, आज भी पूर्व विधायक आ रहे हैं और हमारे नेतृत्व से मिल रहे हैं। उन्होंने हमारे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कई और कांग्रेस नेता भाजपा में आएंगे।

इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने असम सरकार को अपना समर्थन देते हुए एक अन्य कांग्रेस विधायक बसंत दास के साथ असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आगे कहा, यह कांग्रेस टूडो का उत्कृष्ट उदाहरण है, क्योंकि यह महात्मा गांधी का सपना था। मोमिन ने कहा, 1947 में जब देश आज़ाद हुआ, उस समय महात्मा गांधी ने प्रस्ताव रखा कि, हम आजाद हो गए हैं, अब कांग्रेस की जरूरत नहीं है, यह राजनीतिक पार्टी भंग कर दी जाए। प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि हम चुनाव चाहते हैं।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)